IFCI LIMITED

आई एफ सी आई लिमिटेड

(A Government of India Undertaking)

(भारत सरकार का उपक्रम)

वार्षिक रिपोर्ट 2022–23

तीसवीं वार्षिक महासभा

दिनांक : 20 दिसम्बर, 2023

दिन : बुधवार

समय : प्रातः 11:30 बजे

स्थान : सभागार, प्रथम तल, आईएफसीआई टावर
61 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली – 110 019
वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/
अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओएवीएम)
के द्वारा

विषय–वस्तु

निदेशक बोर्ड व प्रमुख अधिकारी.	02
वित्तीय विशेषताएं	03
वार्षिक कार्य निष्पादन रूझान	04
सूचना	05
बोर्ड की रिपोर्ट	14
नियंत्रक व महालेखा–परीक्षक की टिप्पणियां(स्टेण्डअलोन व समेकित) व प्रबन्धन के उत्तर	39
निगमित शासन प्रणाली पर रिपोर्ट	59
कारोबार दायित्व और स्थिरता रिपोर्ट	72
एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी का कल्याण	91
एओसी–1 प्रपत्र	93
स्वतंत्र लेखा–परीक्षक रिपोर्ट	95
तुलन–पत्र	105
लाभ एवं हानि का विवरण	106
नकद–प्रवाह विवरण	107
लेखांकन नीतियां तथा वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां	109
स्वतंत्र लेखा–परीक्षक रिपोर्ट (समेकित)	173
समेकित तुलन–पत्र	182
समेकित लाभ एवं हानि का विवरण	183
समेकित नकद–प्रवाह विवरण	184
लेखांकन नीतियां तथा समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां	186

(08.11.2023 की स्थिति अनुसार)

निदेशक बोर्ड

श्री मनोज मित्तल	प्रबन्ध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी
श्री मुकेश कुमार बंसल	
श्री कार्तिकेय मिश्रा	
प्रो. एन बालाकृष्णन	
प्रो. अरविन्द सहाय	
श्री सुरेन्द्र बेहरा	
श्री अरविंद कुमार जैन	
श्री उमेश कुमार गर्ग	

(20.11.2023 की स्थिति अनुसार)

मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री बी वी एस अच्चुता राव

प्रमुख अधिकारी

कार्यकारी निदेशक

श्री प्रसून — **श्री सचिकान्त मिश्रा**

मुख्य महाप्रबंधक

श्री सुनीत शुक्ला
(मुख्य वित्तीय अधिकारी)

सुश्री पूजा एस महाजन
(बोर्ड की सचिव)

श्री अतुल सक्सेना

महाप्रबंधक

श्री शिवेन्द्र तोमर	**श्री बिकाश कान्ति रॉय**	**सुश्री रीता जान**
श्री राजीव आहलूवालिया (मुख्य जोखिम अधिकारी)	**श्री दीपक मिश्रा**	**श्री शमीक दासगुप्त**
श्री वी अनीश बाबू	**श्री राजेश कुमार गुप्ता**	**श्री आलोक सभरवाल**
सुश्री सी सैंति	**श्री शक्ति कुमार**	**श्री वी के देशराज**
श्री मनोज कुमार परिदा	**श्री देबाशीष गुप्ता**	**श्री वी श्रीकुमारन नायर**
श्री बी. बी. साहू	**श्री पी जी जयशंकर**	**श्री हिमांशु शर्मा**
श्री हर्ष गुप्ता	**श्री एलन सावियो पाचेको**	**सुश्री छवि सिंघल**
श्री जगदीश गरवाल		

कंपनी सचिव

प्रियंका शर्मा

सांविधिक लेखा–परीक्षक

एम.के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल

वित्तीय विशेषताएं

(करोड़ रुपए)

	31 मार्च, 2023 की स्थिति अनुसार	31 मार्च, 2022 की स्थिति अनुसार	31 मार्च, 2021 की स्थिति अनुसार
देयताएं तथा इक्विटी			
वित्तीय देयताएं	8220.32	8,545.44	12,845.49
गैर-वित्तीय देयताएं	83.68	79.31	82.60
शेयर पूंजी	2195.93	2,102.99	1,895.99
अन्य इक्विटी	-1569.83	-1,657.54	476.11
	8,930.10	**9,070.20**	**15,300.19**
परिसम्पत्तियां			
गैर-वित्तीय परिसम्पत्तियां	4022.61	4,160.70	4,551.41
वित्तीय परिसम्पत्तियां	4907.45	4,909.46	10,748.74
बिक्री के लिए रखी गई वर्गीकृत परिसम्पत्तियां	0.04	0.04	0.04
	8,930.10	**9,070.20**	**15,300.19**
	2022-2023	2021-2022	2020-2021
अर्जन			
कुल आय (करोड़ रुपए)	545.26	763.61	1,396.92
क्षति पूर्व लाभ	(264.86)	(411.78)	124.40
कर-पूर्व लाभ/(हानि) (करोड़ रुपए)	(185.57)	(1,785.10)	(2,147.23)
कर-पश्चात् लाभ/(हानि) (करोड़ रुपए)	(287.58)	(1,991.33)	(1,957.81)
कुल समग्र आय	(319.35)	(2,026.66)	(1,935.68)
अनुपात			
जोखिम परिसम्पत्तियों के अनुपात की तुलना में पूंजी	-70.66%	-64.85%	-10.81%
ऋण-इक्विटी अनुपात	9.28	15.74	4.58

वार्षिक कार्य-निष्पादन रूझान

















सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **आईएफसीआई लिमिटेड** के सदस्यों की तीसवीं (30वीं) वार्षिक महासभा बुधवार, दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 11:30 (आईएसटी) बजे सभागार, प्रथम तल, आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110 019 में विडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विडियो माध्यम (ओएवीएम) से निम्नलिखित संव्यवहार के लिए आयोजित की जाएगी:

सामान्य कार्य-संव्यवहार

1. दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरण और समेकित वित्तीय विवरण और उन पर लेखा-परीक्षकों और बोर्ड की रिपोर्टों पर विचार करना और उन्हें अंगीकार करना।
2. प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन (डीआईएन: 00181842) के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना, जो इस वार्षिक महासभा पर रोटेशन से सेवानिवृत्त हो जाएंगे और पात्रता के कारण उन्होंने अपनी पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव किया है।
3. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) तथा 142 के उपबन्धों के अनुसार कम्पनी के सांविधिक लेखा-परीक्षक (कों) का पारिश्रमिक निर्धारित करना तथा निम्नलिखित संकल्प को संशोधन (संशोधनों) के साथ अथवा उनके बिना एक साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:

   ''संकल्प किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 (5) और 142 तथा लागू अन्य सभी उपबन्धों, यदि कोई हों, और कम्पनी (लेखा-परीक्षा और लेखा-परीक्षक) नियम, 2014 {समय-समय पर लागू किसी सांविधिक आशोधन (आशोधनों) या पुनः अधिनियमन(नों) सहित} के अनुसरण में कम्पनी के निदेशक बोर्ड को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत के नियंत्रक व महालेखा-परीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए कम्पनी के सांविधिक लेखा-परीक्षक (कों) का पारिश्रमिक, जो भी उचित समझा जाए, निर्धारित और निश्चित करने के लिए प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा उन्हें प्राधिकृत किया जाता है।''

विशेष कार्य-संव्यवहार

4. निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं यदि उचित समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ अथवा उनके बिना, एक **विशेष संकल्प(ों)** के रूप में पारित करना:-

   ''संकल्प किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 42, 71 के उपबन्धों तथा लागू अन्य उपबन्धों, यदि कोई हों, एवं उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार (उस समय लागू किसी सांविधिक आशोधन (आशोधनों) या उसके अधिनियमन (अधिनियमनों) तथा अन्य किन्हीं प्रयोज्य विधियों, जिसमें सेबी (गैर संपरिवर्तनीय डिबेंचरों का निर्गम व सूचीकरण) विनियमावली, 2021, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 तथा प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम, 1956 और लागू अन्य सेबी विनियम और मार्गनिर्देश, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों/निदेशों/मार्गनिर्देशों तथा समय-समय पर यथासंशोधित लागू अन्य कोई नियम/विनियम, कम्पनी के संगम-ज्ञापन एवं संगम-अनुच्छेद के उपबन्ध शामिल है तथा यथालागू, यथापेक्षित, आवश्यक अनुमोदन लेने की शर्त, जिसमें करार/विलेख की शर्तो के अधीन, यदि अपेक्षित हो, डिबेंचरधारकों के ऋणदाताओं/न्यासियों का अनुमोदन भी शामिल है और ऐसा अनुमोदन, अनुमति/मंजूरियां, जिस पर बोर्ड (बोर्ड में इस संकल्प द्वारा बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने वाली उस समय कार्य कर रही कोई विधिवत् गठित कोई समिति भी शामिल है), द्वारा सहमति दी जाए, कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रुपए की राशि के अप्रतिभूत/प्रतिभूत, सूचीबद्ध/गैर सूचीबद्ध, अनवरत/ विमोच्य, असंपरिवर्तनीय संचयी/गैर संचयी/कर योग्य/कर मुक्त, वरिष्ठ/अधीनस्थ बॉन्ड/इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड/जीरो कूपन बॉन्ड/मुद्रास्फीति अनुक्रमित बॉन्ड/डिबेंचर/नोट भारत में और या भारत में और/या भारत के बाहर ऋण प्रतिभूतियों बाह्य वाणिज्यिक उधारों, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश, अन्य ऋण प्रतिभूतियों आदि के माध्यम से एक या एक से अधिक सीरीज में कम्पनी द्वारा जारी किए जा सकने वाले पेशकश पत्र/प्रकटन प्रलेखों की एक या एक से अधिक ट्रांचिस/सीरीज/ संयोजन (ग्रीन शू ऑप्शन के उपयोग सहित) के माध्यम से निधियां जुटाने के लिए सदस्यों को सहमति प्रदान की जाए और एतद्द्वारा सहमति प्रदान की जाती है। सहमति प्रदान करते समय उनमें से किसी के भी द्वारा निर्धारित या लगाई जाने वाली ऐसी शर्तो के अधीन इस संकल्प के पारित होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान बोर्ड द्वारा यथानिर्धारित ऐसे व्यक्तियों, जो कम्पनी के मौजूदा बांड/ डिबेंचरधारक हों अथवा न हों, जैसा कि बोर्ड द्वारा पूर्ण विवेक से निर्धारित किया जाए, जिसमें पात्र निवेशक (चाहे वे निवासी और/या अनिवासी और/या संस्थान/ निगमित निकाय और/या कोई व्यक्ति और/या न्यासी और/या बैंक और/या घरेलू और/या एक या एक से अधिक अन्तरर्राष्ट्रीय बाजारों में से अन्य कोई हो) सहित, जिसमें गैर निवासी भारतीय, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआईज) उद्यम पूंजी निधियां, विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक, राज्य औद्योगिक विकास निगम, बीमा कम्पनियां, भविष्य निधियां, अधिवर्षिता एवं पेंशन निधियां, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, वित्तीय संस्थान, प्राइमरी/राज्य/जिला/केन्द्रीय सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, म्युचुअल फंड्स, निगमित निकाय, कम्पनियां, प्राइवेट या सरकारी न्यास या अन्य कोई संस्था प्राधिकरण और चालू प्रयोज्य नियमों, अधिनियमों, विधियों आदि के अन्तर्गत ऊपर दिए गए अनुसार (1,000 करोड़ रुपए की समग्र सीमा के अन्तर्गत) ग्रीन शू ऑप्शन का प्रयोग करने सहित एक या एक से अधिक ट्रांचिस में निजी धारण के माध्यम से एक या एक से अधिक संयोजन से निवेश करने की पात्र श्रेणी के निवेशक, यदि कोई हों, जो लागू मार्गनिर्देशों के अन्तर्गत निर्धारित ऐसी शर्तो और बोर्ड द्वारा निर्णीत ऐसी शर्तो और निबन्धनों पर कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रुपए की राशि के अप्रतिभूत/प्रतिभूत असंपरिवर्तनीय बांड/डिबेंचरों के एक या एक से अधिक ट्रांचिस के माध्यम से निधियां जुटाने के लिए सदस्यों को सहमति प्रदान की जाए और एतद्द्वारा सहमति प्रदान की जाती है।''

''यह भी संकल्प किया जाता है कि भारत में और भारत से बाहर अप्रतिभूत/ प्रतिभूत असंपरिवर्तनीय बांडों/डिबेंचरों के किसी निजी धारण को प्रभावी करने के उद्देश्य से बोर्ड को निर्गम की शर्तो का निर्धारण/अनुमोदन/परिवर्तन/या आशोधन, जिसमें निवेशकों की श्रेणी, जिन्हें बांडों/डिबेंचरों का आबंटन किया जाएगा, प्रत्येक ट्रेंच में आबंटित किए जाने वाले बांडों/डिबेंचरों की संख्या, निर्गम मूल्य, अवधि, ब्याज दर, उस समय प्रचलित बाजार मूल्य के अनुसार प्रीमियम, छूट, निर्गम की राशि, बांड/डिबेंचरधारकों की एक श्रेणी को निर्गम मूल्य में छूट, सूचीकरण, निजी धारण प्रस्ताव पत्र में शामिल की जाने वाली कोई घोषणा/वचनपत्र आदि जारी करना शामिल है, करने और किसी प्रस्ताव, निर्गम, उपर्युक्त अप्रतिभूत/प्रतिभूत असंपरिवर्तनीय बांडों/डिबेंचरों, स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीकरण सहित, परंतु सीमित नहीं, के आबंटन के लिए अपने पूर्ण विवेक पर आवश्यक, वांछनीय या समीचीन समझे जाने वाले ऐसे सभी कार्य, कृत्य और काम करने के लिए और उपर्युक्त असंपरिवर्तनीय बांडों/डिबेंचरों की प्रस्तावित पेशकश, निर्गम और आबंटन में आने वाली पूछताछ या कठिनाई का समाधान करने या सुलझाने एवं उससे प्रासंगिक या उससे सम्बन्धित ऐसे सभी कार्य या कृत्य, जो भी बोर्ड द्वारा अपने पूर्ण विवेक पर कम्पनी के सदस्यों का आगे और अनुमोदन या सहमति लेने की जरूरत के बिना उचित समझे जाएं, या अन्यथा इस आशय और उद्देश्य से कि उन्हें इस संकल्प के प्राधिकरण से स्पष्ट रूप से इसके प्रति उनका अनुमोदन दिया हुआ माना जाएगा, करने के लिए प्राधिकृत किया जाए और एतद्वारा उन्हें प्राधिकृत किया जाता है।

यह भी संकल्प किया जाता है कि बोर्ड स्वयं को प्रदत्त सभी या किसी शक्ति को बोर्ड की किसी समिति या ऐसे किसी व्यक्ति, जो भी इसके पूर्ण विवेक से उचित समझा जाए, को प्रत्यायोजित करने, ऐसे प्रयासों को करने की शक्ति सहित, और निर्गम, आबंटन और निर्गम के सम्बन्ध में किसी प्रश्न या कठिनाई का समाधान करने के प्रयोजन से उपयुक्त और उचित समझे जाने वाले

ऐसे सभी कार्य, विलेख, कृत्य और मामले करने के लिए प्राधिकृत किया जाए और उन्हें प्राधिकृत किया जाता है।''

5. श्री उमेश कुमार गर्ग (डीआईएन: 00599426) की स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।

निम्नलिखित प्रस्ताव को **विशेष संकल्प** के रूप में विचार करना और यदि उचित समझा जाए तो पारित करना:

''संकल्प किया गया कि कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 149, 150, 152, अनुसूची IV के साथ पठित और अन्य लागू प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों, विनियम 17 (1सी), 25 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व व प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अन्य लागू प्रावधानों और/या कोई अन्य लागू कानून, कंपनी आर्टिकल एसोसिएशन (उसके किसी भी वैधानिक संशोधन, संशोधन या पुन: अधिनियमन सहित, जो फिलहाल लागू है) के अनुसार श्री उमेश कुमार गर्ग (डीआईएन: 00599426), जिन्हें वित्त सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदेश दिनांक 10 मई 2023 द्वारा, उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया और बाद में 25 मई, 2023 को निदेशक मंडल द्वारा 10 मई, 2023 से एक अतिरिक्त व स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया, और जिनके संबंध में, कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के तहत निदेशक पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का प्रस्ताव करते हुए एक लिखित नोटिस प्राप्त हुआ है, को उनकी नियुक्ति संबंधी आदेश की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए तथा नियुक्त किया गया और उनके कार्यकाल पर रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्ति का नियम लागू नही होगा।''

पंजीकृत कार्यालय:
आईएफसीआई टावर
61 नेहरु प्लेस
नई दिल्ली-110019
सीआईएन: एल74899डीएल1993जीओआई053677
टेलीफोन: 011-41732000
वेबसाइट: www.ifciltd.com
ई-मेल: complianceofficer@ifciltd.com

निदेशक बोर्ड के आदेशानुसार

(प्रियंका शर्मा)
कम्पनी सचिव

दिनांक: 08 नवम्बर, 2023

टिप्पणियां:

1. कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 के साथ पठित परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25.09.2023 और अन्य प्रासंगिक परिपत्रों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी किए गए अन्य लागू परिपत्रों का अनुपालन करते हुए कंपनी की 30वीं वार्षिक आम सभा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 के साथ पठित, सेबी के विनियमन 44 (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 ('सेबी लिस्टिंग विनियम') (यथा संशोधित) और एमसीए परिपत्र दिनांक 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020 और 05 मई 2020 के अनुपालन में कंपनी एजीएम की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इस कार्य के लिए, इलेक्ट्रॉनिक मतदान की सुविधा के लिए कंपनी ने अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ एक समझौता किया है। एजीएम ('वेन्यू वोटिंग') की तिथि पर रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ ई-वोटिंग सिस्टम से सदस्य द्वारा वोट डालने की सुविधा सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाएगी।
3. चूंकि यह एजीएम एमसीए और सेबी द्वारा जारी किए गए उपरोक्त परिपत्रों का पालन करते हुए वीसी/ओएवीएम माध्यम से आयोजित की जा रही है, इसलिए सदस्यों की व्यक्तिगत उपस्थिति का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, एजीएम के लिए सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी नियुक्त किये जाने की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होगी और इसीलिए इस नोटिस के साथ प्रॉक्सी फॉर्म संलग्न नहीं किया गया है। इसी कारण से उपस्थिति पर्ची और रूट मैप भी इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं है। लेकिन, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा (धाराओं) 112 और 113 का पालन करते हुए, सदस्यों के प्रतिनिधि जैसे भारत के राष्ट्रपति या राज्यों के राज्यपाल या कॉर्पोरेट निकाय वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते है और ई-वोटिंग सुविधा से अपना वोट डाल सकते है।
4. एमसीए सर्कुलर और सेबी सर्कुलर के अनुपालन में, वार्षिक आम सभा आमंत्रित करने का नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.ifciltd.com और स्टॉक एक्सचेंजों यानि बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमश: www.bseindia.com और www.nseindia.com पर अपलोड किया जाएगा। एजीएम का नोटिस सीडीएसएल (एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग सुविधा और ई-वोटिंग प्रणाली प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट यानि www.evotingindia.com से भी प्रसारित किया जाएगा।
5. कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी सर्कुलरों का पालन करते हुए यह बैठक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सम्पन्न की जा रही है। अत: सदस्यों से अनुरोध है कि वे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम में उपस्थित हों और उसमें भाग लें। इसीलिए प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची और रूट मैप नोटिस के साथ संलग्न नहीं किये गये हैं।
6. 30वीं वार्षिक महासभा के लिए सभागार, प्रथम तल, आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110 019 को बैठक का स्थान माना जाएगा।
7. निगमित कार्य मंत्रालय के दिनांक 5 मई, 2020 के परिपत्र संख्या 20/2020 के अनुसार एजीएम बुलाने की सूचना या वित्तीय वर्ष 2022-23 वार्षिक रिपोर्ट की कोई भौतिक प्रति भौतिक रूप से नहीं भेजी जाएगी। कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, 30वीं एजीएम बुलाने की सूचना उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक माध्यम से भेजी जाएगी जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी या रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके सम्बन्धित डिपोजेटरी भागीदारों के पास पंजीकृत है।
8. जिन शेयरधारकों की ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं हो पायी है, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी ईमेल आईडी को रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट (आर एंड एसटीए) को admin@mcsregistrars.com; helpdeskdelhi@mcsregistrars.com पर अपने विवरण यानि आर एंड एसटीए में अपना पंजीकृत नाम, पता, ईमेल आईडी, पैन, डीपीआईडी/क्लाइंट आईडी या फोलियो नंबर और धारण किये गये शेयरों की संख्या भेजें।
9. सदस्य सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करके बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले और बाद में वीसी/ओएवीएम माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी की सुविधा पहले आओं पहले पाओ के आधार पर 1000 सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

इसमें बड़े शेयरधरक (2% या अधिक शेयरधरिता रखने वाले शेयरधारक), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबन्धकीय कार्मिक, लेखा-परीक्षा समिति, नामांकन व पारिश्रमिक समिति तथा हितधारक सम्बन्ध समिति के अध्यक्ष, लेखा-परीक्षक शामिल नहीं होंगे, जिन्हें पहले आओ पहले पाओ

आधार पर प्रतिबन्ध के बिना एजीएम में भाग लेने की अनुमति प्रदान की गई है।

10. संस्थागत शेयरधारकों को कम्पनी की 30वीं एजीएम में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए अनुरोध और प्रोत्साहित किया जाता है।

11. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अधीन कोरम की गणना के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा।

12. सदस्यों को बैठक के दौरान सवाल पूछने की अनुमति होगी। सवालों को complianceofficer@ifciltd.com पर पहले से भेजा जा सकता है।

13. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के उपबंधों के अनुसार व्याख्यात्मक विवरण मद संख्या 4 और 5 के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तथ्यों सहित इसके साथ संलग्न है।

14. साथ में दिये गये नोटिस में बताये गये सभी दस्तावेज और अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत आवश्यक व्याख्यात्मक विवरण व अन्य दस्तावेज इस एजीएम की तारीख तक सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे के बीच, शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर, सभी कार्य दिवसों पर इलेक्ट्रॉनिक मोड से निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के तहत रखा जाने वाला रजिस्टर एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक मोड से निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगा।

15. सदस्यों का रजिस्टर और इक्विटी शेयरों की शेयर-अन्तरण बहियां बृहस्पतिवार, 14 दिसम्बर, 2023 से बुद्धवार, 20 दिसम्बर, 2023 (दोनों दिनों सहित) तक बंद रहेंगी।

16. नियुक्त और पुन:नियुक्त किए जा रहे निदेशक का संक्षिप्त विवरण सेबी सूचीकरण विनियमों तथा अधिनियम के उपबंधों की अपेक्षाओं के अनुसार इसके साथ संलग्न है।

17. सेबी अपेक्षाओं के अनुसार डी-मैट रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने पैन उस डिपाजिटरी भागीदार के पास जमा कराएं जो उनके डी-मैट खाते का रखरखाव कर रहे है। भौतिक रूप से शेयर धारित करने वाले सदस्य अपने पैन के विवरण कम्पनी या आरएण्डएसटीए को भेज सकते है।

18. बैठक में संयुक्त धारक के भाग लेने के मामले में केवल वही संयुक्त धारक, जिसका नाम पहले धारक के रूप में पंजीकृत है, ई-वोटिंग या ई-वोटिंग के माध्यम से बैठक में वोट देने का पात्र होगा।

19. सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 40(1) के परंतुक के अनुसार, 01 अप्रैल, 2019 से कम्पनी की प्रतिभूतियों का अंतरण तब तक नही किया जाएगा, जब तक प्रतिभूतियां डिपाजिटरी के पास डीमैट रूप में धारित नहीं की जाती। तद्नुसार भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने शेयर डीमैट रूप में धारित करें।

ई-वोटिंग और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से बैठक में भाग लेने के लिए शेयरधारकों के अनुदेश निम्नानुसार हैं:

चरण 1: डीमैट मोड में शेयर रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में डिपॉजिटरी सीडीएसएल/एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पहुंच।

चरण 2: भौतिक मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और डीमैट मोड में गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पहुंच।

- मतदान की अवधि रविवार, 17 दिसंबर, 2023 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) शुरू होती है और मंगलवार, 19 दिसंबर, 2023 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) पर समाप्त होती है। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयरधारक, जो बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 की कट-ऑफ तिथि (रिकॉर्ड तिथि) के अनुसार भौतिक रूप में या डीमेटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखते है, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते है। उसके बाद मतदान के लिए सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को अक्षम कर दिया जाएगा।
- जो शेयरधारक वोटिंग की तारीख से पहले ही वोट डाल चुके है उन्हें बैठक के स्थान पर वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के तहत, सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 09.12.2020 के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों को, सभी शेयरधारक संकल्पों के संबंध में, अपने शेयरधारकों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। हालाँकि, यह देखने में आता है कि सार्वजनिक गैर-संस्थागत शेयरधारकों/रिटेल शेयरधारकों की भागीदारी नगण्य रहती है।

  वर्तमान में, भारत में सूचीबद्ध कंपनियों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाले कई ई-वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) है। विभिन्न ईएसपी पर शेयरधारकों द्वारा पंजीकरण और कई उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के रखरखाव की आवश्यकता होती है।

  सार्वजनिक स्तरों पर किये गये परामर्श के बाद, मतदान प्रक्रिया की गति बढ़ाने के लिए, सभी डीमैट खाताधारकों को उनके डीमैट खातों/ डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों की वेबसाइटों से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल द्वारा ई-वोटिंग शुरू करने का निर्णय लिया गया है। डीमैट खाताधारक ईएसपी के साथ दोबारा पंजीकरण कराए बिना अपना वोट डालने में सक्षम होंगे, जिससे न केवल त्वरित प्रमाणीकरण की सुविधा मिलेगी बल्कि ई-वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने में आसानी भी रहेगी।

चरण 1: डीमैट मोड में शेयर रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में डिपॉजिटरी सीडीएसएल/एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली से पहुंच।

(i) सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा के बारे में सेबी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के संदर्भ में, डीमैट मोड में स्टॉक रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेन्ट के पास रखे अपने डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे ई-वोटिंग सुविधा उपयोग करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट करें।

(ii) उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसार, डीमैट मोड सीडीएसएल/एनएसडीएल में स्टॉक रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सभाओं में शामिल होने के लिए लॉग-इन करने की विधि नीचे दी गई है:

शेयरधारकों का स्वरूप	**लॉग-इन पद्धति**
सीडीएसएल डिपॉजिटरी के पास डी-मैट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले शेयरधारक	1) जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल ईजी/इजीएस्ट सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगइन कर सकते है। बिना किसी प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पृष्ठ तक पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। ईजी/ईजीएस्ट पर लॉगइन करने के लिए उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com पर जाएं और लॉगइन आइकन और न्यू सिस्टम माईईजी टैब पर क्लिक करें।

	2) सफल लॉगइन के बाद ईजी/ईजीएस्ट उपयोगकर्ता उन पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेगा जहां कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार ईवोटिंग प्रगति पर है। ईवोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर, उपयोगकर्ता दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता का ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम तक पहुंचने के लिए लिंक भी उपलब्ध कराए गए है, ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सकें। 3) यदि उपयोगकर्ता ईजी/ईजीएस्ट के लिए पंजीकृत नही है, तो पंजीकरण करने का विकल्प सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com पर उपलब्ध है और लॉगइन और न्यू सिस्टम माईईजी टैब पर क्लिक करें और फिर पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें। 4) वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com होम पेज पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक से डीमैट खाता नंबर और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई-वोटिंग पेज तक पहुंच सकते है। उसके बाद सिस्टम डीमैट खाते में पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को भाग लेने के लिए ऑथेन्टिकेट करता है। सफल ऑथेन्टिकेशन के बाद, उपयोगकर्ता ई-वोटिंग के विकल्प देख पायेगा जहां ई-वोटिंग चल रही है और सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम तक उसकी सीधी पहुंच हो जायेगी।
एनएसडीएल डिपॉजिटरी के पास डी-मैट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले शेयरधारक	1) यदि आप पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा के लिए पहले से ही पंजीकृत है, तो कृपया एनएसडीएल की ई-सर्विसस वेबसाइट पर जाएं। या तो निजी कम्प्यूटर या मोबाइल पर निम्नलिखित यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करते हुए वेब ब्राउजर खोल सकते है। ई-सर्विसस का होम पेज खुल जाने पर ''लॉगइन'', जो आईडीईएएस सेक्शन के अधीन उपलब्ध है के अन्तर्गत बेनिफिशयल ऑनर आईकॉन पर क्लिक करें, जिससे एक नया स्क्रीन खुल जाएगा। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफलतापूर्व प्रमाणीकरण होने के बाद, आप ई-वोटिंग सर्विसिज को देख सकेंगे। ई-वोटिंग सर्विसिज के अंतर्गत ''एक्सेस टू ई-वोटिंग'' पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पेज को देख सकेंगे। कंपनी के नाम अर्थात ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 2) यदि प्रयोक्ता आईडीईएएस सुविधा के लिए पंजीकृत नहीं है तो https://eservices.nsdl.com पर पंजीकरण कराने का विकल्प उपलब्ध है। ''रेजिस्टर ऑनलाईन फॉर आईडीइएएस'' पोर्टल का चयन करें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3) एनएसडीएल की ईवोटिंग वेबसाइट पर जाएं। या तो अपने पर्सनल कम्प्युटर या मोबाइल पर निम्नलिखित यूआरएलः https://www.evoting.nsdl.com/ को टाइप करते हुए वेब ब्राउजर खोले। ईवोटिंग सिस्टम का होम पेज खुल जाने पर ''लॉगइन'' आईकॉन पर क्लिक करें जो शेयरधारक/मेम्बर सेक्शन पर उपलब्ध है। इससे एक नया स्क्रीन खुल जाएगा। आपको यहा अपना यूजर आईडी (अर्थात एनएसडीएल के पास आपका 16 अंकों वाला डीमैट अकाउंट नम्बर), पासवर्ड/ओटीपी और स्क्रीन पर दर्शाया गया सत्यापन कोड डालना होगा। सफलता प्रमाणीकरण होने के बाद एनएसडीएल डिपोजटरी साइट पर जाने का निर्देश दिया जाएगा। कम्पनी के नाम या ईवोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और इससे आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि या वर्चुअल बैठक में उपस्थित होने या बैठक के दौरान अपना वोट डालने के लिए ई-वोटिंग सर्विस प्रोवाइडर की वेबसाइट पर जाने का निदेश दिया जाएगा।
अपने **डिपाजिटरी भागीदार** के माध्यम से लॉगइन करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक (डी-मैट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले)	ई-वोटिंग सुविधा के लिए आप एनएसडीएल/सीडीएसएल के पास पंजीकृत अपने डिपाजिटरी भागीदार के माध्यम से अपने डी-मैट खाते की लॉगइन साख का उपयोग करते हुए भी लॉगइन कर सकते है। सफलतापूर्वक लॉगइन होने के बाद आप ई-वोटिंग का विकल्प देख सकेंगे। जब आप ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करते है तो प्रमाणीकरण सफलतापूर्वक हो जाने के बाद एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी भागीदार की साइट पर जाने का निदेश दिया जाएगा जहां आप ई-वोटिंग के फीचर्स देख सकेंगे। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण टिप्पणी: जो सदस्य यूजर आईडी/पासवर्ड भूल गए है उनसे अनुरोध है कि वे ऊपर निर्दिष्ट वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगैट यूजर आईडी और फॉरगैट पासवर्ड ऑप्शन का उपयोग करें।

भागीदार अर्थात् सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगइन से सम्बन्धित किसी तकनीकी मामले के लिए डी-मैट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हैल्पडैस्क।

लॉगइन का प्रकार	हैल्पडैस्क के विवरण
सीडीएसएल के पास डी-मैट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगइन में किसी तकनीकी रुकावट के लिए सदस्य सीडीएसएल के helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज कर अनुरोध कर सकते है या टोल फ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते है।
एनएसडीएल के पास डी-मैट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगइन में किसी तकनीकी रुकावट के लिए सदस्य एनएसडीएल के evoting@nsdl.co.in पर ईमेल भेज कर अनुरोध कर सकते है या टोल फ्री नं. 022-4886 7000 तथा 022-2499 7000 पर संपर्क कर सकते है।

चरण 2: कागजी प्रमाणपत्रों के रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और डीमैट मोड में गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली से पहुंच।

(vi) भौतिक शेयरधारकों और डीमैट फॉर्म में व्यक्तिगत होल्डिंग के अलावा गैर-शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग और वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए लॉग-इन विधि।

1) शेयरधारक ई-वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करें।
2) ''शेयरहोल्डर्स'' मॉड्यूल्स पर क्लिक करें।
3) अब अपना यूजर आईडी डालें
   क. सीडीएसएल के लिए : शेयरधारक अपना 16 डिजिट का बेनेफिशरी आईडी डालें;
   ख. एनएसडीएल के लिए : 8 वर्णों का डीपी आईडी और उसके बाद 8 अंकों का क्लाइंट आईडी डालें।
   ग. भौतिक रूप से शेयर धारित करने वाले शेयरधारक कम्पनी में पंजीकृत अपना फोलियो नम्बर डालें।
4) इसके उपरांत यथाप्रदर्शित इमेज वैरिफिकेशन की प्रविष्टि करें और लॉग इन पर क्लिक करें।
5) यदि आपके पास डीमैट के रूप में शेयर हैं और आपने www.evotingindia.com पर लॉग ऑन किया है और इससे पहले किसी और कम्पनी की ईवोटिंग की है तो आपको अपना मौजूदा पासवर्ड ही इस्तेमाल करना होगा।
6) यदि आप पहली बार इसका प्रयोग कर रहे है तो नीचे बताया गया तरीका अपनाएं:

	डीमैट में शेयर रखने वाले भौतिक शेयरधारकों और व्यक्तिगत शेयरधारकों के अलावा अन्य के लिए।
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 वर्णों व अंकों वाला पैन नं. डालें (डीमैट शेयरधारक और भौतिक शेयरधारक दोनों के लिए लागू)। • जिन सदस्यों ने अपना पैन कम्पनी/डिपॉजिटरी भागीदार के पास अद्यतन नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे कम्पनी/आरटीए द्वारा भेजे गए अनुक्रम नं. का प्रयोग करें या कम्पनी/आरटीए से सम्पर्क करें।
लाभांश बैंक विवरण या जन्म-तिथि	लॉगइन करने के लिए आपने डीमैट खाते या कम्पनी में दिए गए रिकार्ड के अनुसार, लाभाशं बकैं विवरण या जन्म-तिथि डालें।
	० यदि दोनों विवरण डिपॉजिटरी या कम्पनी के रिकार्ड में नहीं है तो कृपया लाभांश बैंक विवरण में सदस्यता आईडी/फोलियो नं. की प्रविष्टि करें।

(vii) इन विवरणों की उपयुक्त रूप से प्रविष्टि करने के बाद, 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें।

(viii) उस समय भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक सीधे तौर पर कम्पनी की चयन स्क्रीन पर जाएंगे। तथापि डीमैट रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्य अब 'पासवर्ड क्रिएशन' मैन्यू में जाएंगे, जहां उन्हें अनिवार्य रूप से नए पासवर्ड फील्ड में अपना लॉग इन पासवर्ड डालना होगा। कृपया नोट करें कि इस पासवर्ड का इस्तेमाल केवल डीमैट धारकों द्वारा ही किसी अन्य कम्पनी के संकल्पों के लिए वोट देने के लिए भी किया जा सकता है बशर्ते कि वह कम्पनी सीडीएसएल प्लेटफार्म के जरिए ई-वोटिंग का विकल्प अपनाए। इस बात की दृढ़ता से सिफारिश की जाती है कि आप अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं और अपना पासवर्ड गोपनीय रखने के लिए पूरी सावधानी बरतें।

(ix) भौतिक रूप से शेयर धारित करने वाले सदस्य इस सूचना में निर्दिष्ट संकल्पों पर केवल ई-वोटिंग के लिए ही इन विवरणों का प्रयोग कर सकते है।

(x) आईएफसीआई के लिए के ईवीएसएन पर क्लिक करें।

(xi) वोटिंग पृष्ठ पर आपको 'संकल्प विवरण' दिखाई देगा और उसके सामने वोट देने के लिए आपको 'हां/नहीं' का विकल्प दिखाई देगा। अपनी इच्छा के अनुसार 'हां' अथवा 'नहीं' का विकल्प चुनें। 'हां' विकल्प का अर्थ होगा कि आप संकल्प से सहमत है और 'नहीं' विकल्प का अर्थ होगा कि आप संकल्प से सहमत नही है।

(xii) यदि आप समग्र संकल्प विवरण देखना चाहते है तो 'संकल्प फाइल लिंक' पर क्लिक करें।

(xiii) संकल्प का चयन करने के बाद आपने वोट करने का निर्णय किया है तो 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। तब आपको एक पुष्टि बॉक्स दिखाई देगा। यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते है तो 'ओके' बटन पर क्लिक करें और यदि आप अपना वोट बदलना चाहते है तो 'कैंसिल' पर क्लिक करें और तदनुसार अपने वोट में संशोधन करें।

(xiv) एक बार संकल्प पर अपने वोट की 'पुष्टि' करने के बाद आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी।

(xv) आप वोटिंग पेज पर 'प्रिंट के लिए यहां क्लिक करें' बटन पर क्लिक करके अपने द्वारा दिए गए वोट का प्रिंट भी ले सकते है।

(xvi) यदि डीमैट खाताधारक अपना लॉग-इन करने का पासवर्ड भूल गया हो तो यूजर आईडी और इमेज वेरीफिकेशन कोड एंटर करें और 'फॉरगेट पासवर्ड' पर क्लिक करें और सिस्टम द्वारा पूछे गए विवरण दें।

(xvii) यदि कोई अपलोड किया गया हो तो बीआर/पीओए अपलोड करने का एक वैकल्पिक प्रावधान भी है, जो सत्यापन के लिए संवीक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा।

(xviii) **व्यक्तिगत शेयरधारकों से भिन्न शेयरधारकों तथा अभिरक्षकों के लिए केवल रिमोट वोटिंग हेतू अतिरिक्त सुविधा**

- व्यक्तिगत शेयरधारकों से भिन्न शेयरधारकों (अर्थात् किसी व्यक्ति, हिन्दू अविभाजित परिवार, गैर निवासी भारतीय आदि को छोड़कर) तथा अभिरक्षक के लिए यह अपेक्षित है कि वे www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करें और ''कॉरपोरेट'' के रूप में स्वयं को पंजीकृत करें।
- संस्था को हस्ताक्षरित तथा मुहर लगे पंजीकरण प्रपत्र की एक स्कैन की गई कापी helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल करनी होगी।

- लॉग-इन विवरण प्राप्त करने के बाद एडमिन लॉग-इन और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए एक अनुपालन प्रयोक्ता का सृजन करना होगा। अनुपालन प्रयोक्ता उन्हें उस खाते (खातों) के साथ जोड़ेगा, जहां वे वोट करना चाहता है।
- लॉगिन में जुड़े खातों की सूची स्वचालित रूप से मैप की जाएगी और किसी भी गलत मैपिंग के मामले में इसे डीलिंक किया जा सकता है।
- उन्हें बोर्ड संकल्प व मुख्तारनामे की स्कैन की गई एक प्रति सिस्टम में पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड करनी होगी जिसे उन्होंने अभिरक्षक, यदि कोई हो, के पक्ष में जारी किया हो, ताकि पड़ताल करने वाला प्राधिकारी उसका सत्यापन कर सके।
- वैकल्पिक रूप से, गैर व्यक्तिगत शेयरधारकों को सम्बन्धित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकरण पत्र आदि विधिवत् प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो वोट देने के लिए अधिकृत है, के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर सहित, पड़ताल अधिकारी और कम्पनी को ई-मेल पते अर्थात् complianceofficer@ifciltd.com पर भेजनी होगी, यदि उन्होंने व्यक्तिगत टैब से मतदान किया है और सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली से पड़ताल अधिकारी को सत्यापित करने के लिए इसे अपलोड नहीं किया है, भेजा जाएगा।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से तथा बैठक के दौरान ई-वोटिंग के लिए एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए अनुदेश

1. एजीएम के दिन बैठक तथा ई-वोटिंग में भाग लेने की प्रक्रिया ऊपर दिए गए ई-वोटिंग के अनुदेशों के अनुसार ही है।
2. ई-वोटिंग के लिए ऊपर दिए गए अनुदेशों के अनुसार सफलतापूर्वक लॉगइन करने के बाद वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के लिए लिंक उपलब्ध होगा, जहां कम्पनी का ईवीएसएन प्रदर्शित किया जाएगा।
3. जिन शेयरधारकों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट किया है वह बैठक में भाग लेने के पात्र होंगे। तथापि वे एजीएम में वोट करने के पात्र नहीं होंगे।
4. बेहतर अनुभव के लिए शेयरधारकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे बैठक में लैपटॉप/आईपैड की मार्फत भाग लें।
5. इसके अतिरिक्त, शेयरधारकों को कैमरा और अच्छी स्पीड वाले इन्टरनेट का उपयोग करना होगा, ताकि बैठक के दौरान किसी तरह की कोई बाधा न हो।
6. कृपया नोट करें कि मोबाइल डिवाइसिस या टैबलेट्स या मोबाइल हॉटस्पाट के माध्यम से जुड़े हुए लैपटाप की मार्फत अपने सम्बन्धित नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो वीडियो में रूकावट का सामना करना पड़ सकता है। अत: यह सिफारिश की जाती है कि वे स्थिर वाई-फाई या लेन कनेक्शन का उपयोग करें, ताकि ऊपर दी गई किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।
7. जो शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते है/प्रश्न पूछना चाहते है, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए बैठक की तिथि से कम से कम 7 दिन पहले अपना अनुरोध complianceofficer@ifciltd.com. पर भेजकर स्पीकर के तौर पर खुद का पंजीकरण करा सकते है। जो शेयरधारक एजीएम के दौरान बोलना नहीं चाहते है, लेकिन प्रश्न रखना चाहते है, वे बैठक से 7 दिन पहले अपना नाम, डीमैट खाता नंबर/फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए complianceofficer@ifciltd.com. पर अपने प्रश्न भेज सकते है। उन प्रश्नों के उत्तर कंपनी द्वारा ईमेल द्वारा भेजे जायेंगे।
8. जिन शेयरधारकों ने स्पीकर के रूप में स्वयं को पंजीकृत कराया है केवल वे ही बैठक के दौरान अपनी राय व्यक्त कर सकते है/प्रश्न पूछ सकते है बशर्ते कि इसके लिए पर्याप्त समय हो।
9. केवल वही शेयरधारक, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित है और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा संकल्पों पर अपना वोट नहीं दिया है और जिन्हें ऐसा करने के लिए अन्यथा रोका नहीं गया है, एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग पद्धति के माध्यम से वोट देने के पात्र होंगे।
10. यदि एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा कोई वोट दिया जाता है और यदि उसी शेयरधारक ने वीसी/ओएवीएम पद्धति के माध्यम से एजीएम में भाग नहीं लिया है तो ऐसे शेयरधारकों द्वारा डाले गए वोटों को अवैध माना जाएगा, क्योंकि एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा केवल एजीएम में उपस्थित होने वाले शेयरधारकों को ही उपलब्ध है।

उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनका ईमेल/मोबाइल नं. कंपनी/जमाकर्ताओं के साथ पंजीकृत नहीं हैं।

1. भौतिक शेयरधारकों के लिए - कृपया फोलियो नं., शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (कार्ड की स्वत: सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (कार्ड की स्वत: सत्यापित स्कैन की गई प्रति) जैसे विवरण ईमेल के द्वारा कम्पनी की ईमेल आईडी complianceofficer@ ifciltd.com पर या आरएण्डएसटीए की ईमेल आईडी admin@mcsregistrars.com; helpdeskdelhi@mcsregistraras.com पर भेजें।
2. डीमैट शेयरधारकों के लिए - कृपया अपना ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपडेट करें। आपके संबंधित **डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी)** के साथ।
3. **व्यक्तिगत डीमैट शेयरधारकों के लिए - कृपया अपना ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपडेट करें। अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ, जो ई-वोटिंग और डिपॉजिटरी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मीटिंग में शामिल होने के दौरान अनिवार्य है।**

यदि एजीएम में उपस्थित होने तथा सीडीएसएल की ई-वोटिंग पद्धति से ईवोटिंग के सम्बन्ध में आपका कोई प्रश्न अथवा मुद्दा हो तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते है या टोल फ्री नं. 1800 22 55 33 पर सर्म्पक कर सकते है।

श्री राकेश दलवी
वरिष्ठ प्रबन्धक
सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया लिमिटेड)
ए विंग, 25वां तल, मैराथान फ्यूचरेक्स
मफतलाल मिल कम्पाउंड्स
एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई)
मुम्बई - 400 013
ई-मेल: helpdesk.evoting@cdslindia.com
टोल फ्री नं. 1800 22 55 33

अन्य सूचना:

1) कट ऑफ तारीख तक अर्थात् (बुद्धवार, 13 दिसम्बर, 2023) को भौतिक रूप में अथवा डीमैट रूप में शेयर रखने वाले कम्पनी के शेयरधारक ही रिमोट ईवोटिंग या एजीएम में वीसी/ओएवीएम की मार्फत, जो भी मामला हो, स्थल वोटिंग से अपना वोट डालने के पात्र होगें। यदि कोई व्यक्ति कट ऑफ तारीख को सदस्य नही है तो यह इस नोटिस को केवल सूचना के प्रयोजनार्थ ही समझें।

2) रिमोट ईवोटिंग की अवधि रविवार, 17 दिसम्बर, 2023 को प्रात: 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और मंगलवार, 19 दिसम्बर, 2023 को सायं 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त हो जाएगी। इसके बाद वोटिंग के लिए ई-वोटिंग मॉड्यूल को सीडीएसएल द्वारा बंद कर दिया जाएगा।

3) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट-ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम की कार्यवाही में उपस्थित हो सकते है और उसमें भाग ले सकते है, लेकिन उन्हें दोबारा वोट देने का अधिकार नहीं होगा।

4) शेयरधारक मतदान के लिए केवल एक ही तरीका अपना सकते हैं अर्थात् रिमोट ई-वोटिंग या बैठक में वीसी/ओएवीएम की मार्फत स्थल मतदान। दोनों तरीकों से वोट देने के मामले में रिमोट ई-वोटिंग की मार्फत दिए गए वोट को अन्तिम वोट माना जाएगा और एजीएम में वीसी/ओएवीएम की मार्फत ईवोटिंग पर विचार नहीं किया जाएगा।

5) निदेशक मंडल ने रिमोट ई की जांच के लिए श्री आस्तिक मणि त्रिपाठी (एफसीएस 8670; सीओपी 10384) को एसएएस एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली से सुश्री शाजान अली (एफसीएस 8748; सीओपी 9354) को नियुक्त किया है। निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने और उस पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए स्क्रुटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।

6) संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.ifciltd.com, सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर तत्काल प्रदर्शित किया जाएगा और परिणाम घोषित होने के बाद इसे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाएगा। इन परिणामों को संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लि. और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. को भी प्रेषित किया जाएगा।

7) आईएफसीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में स्टेण्ड-अलोन आधार पर अपनी सहायक कम्पनियों के वित्तीय विवरणों को शामिल नहीं किया है। तथापि, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 136 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के इन कम्पनियों के वार्षिक लेखा-परीक्षित लेखे कम्पनी की वेबसाइट www.ifciltd.com पर उपलब्ध होंगे। इन कम्पनियों के वार्षिक लेखे इस वार्षिक महासभा होने की तारीख तक किसी भी कार्य दिवस में आईएफसीआई के पंजीकृत कार्यालय तथा सम्बन्धित कम्पनियों के पंजीकृत कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कम्पनी प्रत्येक सहायक कम्पनी के सम्बन्ध में उनके लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरणों की प्रति कम्पनी के उस शेयरधारक को उपलब्ध कराएगी, जो इसकी मांग करेगा।

8) जिन सदस्यों के पास इक्विटी शेयर भौतिक रूप में है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में हुए परिवर्तन, यदि कोई हो, के बारे में रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लि., एफ-65, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-I, नई दिल्ली-110 020 को अपना पंजीकृत फोलियो नम्बर बताते हुए शीघ्र सूचित करें। डी-मैट रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में पते में परिवर्तन की सूचना सम्बन्धित डिपॉजिटरी भागीदार को दी जानी अपेक्षित है।

9) जिन सदस्यों के पास एक ही नाम से एक से अधिक फोलियो है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने शेयर प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट को भेजें ताकि उनकी धारिता को एक ही फोलियो में समेकित किया जा सके और उन्हें बेहतर सेवा प्रदान की जा सके।

10) सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे बेहतर निवेशक संबंधी सेवाओं और दावों के प्रसंस्करण के लिए, जैसा भी मामला हो, आर एंड एसटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपने पैन और बैंक खाते के विवरण अपडेट करें। लावारिस लाभांश राशि, यदि कोई हो, कंपनी के पास पड़ी हो। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे विवरण के लिए आईएफसीआई की वेबसाइट www.ifciltd.com पर जाएं

11) लेखों अथवा परिचालनों के सम्बन्ध में सदस्यों को यदि कोई सूचना प्राप्त करनी हो तो उनसे अनुरोध है कि वे कम्पनी को शीघ्र, अधिमानत: वार्षिक महासभा की तारीख से कम से कम 7 दिन पहले लिखें, ताकि प्रबन्धन सूचना तैयार रख सके।

12) एमसीए परिपत्र 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के अनुसार, एमसीए परिपत्र 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 और परिपत्र संख्या के साथ पढ़ें। 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022 के अनुसार, एजीएम का नोटिस इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से केवल उन्हीं सदस्यों को भेजा गया है जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत है। इसके अलावा, यदि कोई अद्यतनीकरण होता है, तो वह कंपनी की वेबसाइट www.ifciltd.com पर उपलब्ध कराया जाएगा।

13) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205ए के अनुसार, कंपनी ने 31 मार्च 1994 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष तक घोषित सभी दावा न किए गए लाभांश को पहले ही केंद्र सरकार के सामान्य राजस्व खाते में स्थानांतरित कर दिया है, जैसा कि अचुकता लाभांश (केंद्र सरकार के सामान्य राजस्व खाते में स्थानांतरण) नियमावली, 1978 के अनुसार आवश्यक है। कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205ए में संशोधन और धारा 205-सी बनने के बाद, परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 1994-95 से 1998-99 तक दावा न किए गए लाभांश को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 1999-2000 से 2007-08 तक कोई लाभांश घोषित नहीं किया था। इस संबंध में अन्य लागू कानून/नियम/विनियमन के साथ पठित अधिनियम की धारा 124 के प्रावधानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2008-09 से 2015-16 तक दावा न किए गए लाभांश को भी निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिन शेयरों पर लगातार सात वर्षों तक लाभांश का दावा नहीं किया गया है, उन्हें भी निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा-परीक्षा, स्थानांतरण और रिफंड) नियम, 2016 (संशोधित) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार आईईपीएफ में स्थानांतरित कर दिया गया है। आईईपीएफ में हस्तांतरित, दावा न किये गये लाभांश और शेयर राशि के लिए वेबसाइट www.iepf.gov.in पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके दावा किया जा सकता है।

14) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र सं. सेबी/एचओ/ओआईएई/आईएडी-1/पी/सर्कु/2023/145, दिनांक 31 जुलाई 2023 के माध्यम से भारतीय स्टॉक बाजारों से संबंधित मामलों के समाधान के लिए एक ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल (ओडीआर पोर्टल) की शुरूआत की है। भारतीय प्रतिभूति बाजार में विवाद। यह पोर्टल मौजूदा विवाद समाधान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और निवेशक हित को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन सुलह और मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करता है। ओडीआर पोर्टल निवेशकों/ग्राहकों और सूचीबद्ध कंपनियों (उनके रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटों सहित) या स्टॉक बाजार में निर्दिष्ट मध्यस्थ संस्थाओं के बीच विवादों का समाधान करता है। इसके अतिरिक्त, यह संस्थागत या कॉर्पोरेट ग्राहकों और निर्दिष्ट मध्यस्थों/विनियमित संस्थाओं के बीच विवादों का भी निपटारा करता है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण
मद संख्या 4

कम्पनी (प्रतिभूतियों का प्रविवरण तथा आबंटन) नियमावली, 2014 के नियम 14 तथा कम्पनी (शेयर पूंजी व डिबेंचर) नियमावली, 2014 के नियम 18 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 और उसके अधीन बनाए गए प्रयोज्य अन्य नियमों के अनुसार निजी धारण आधार पर असंपरिवर्तनीय डिबेंचरों में अभिदान की पेशकश या आमंत्रण करने वाली किसी कम्पनी को एक विशेष संकल्प के द्वारा शेयरधारकों का पूर्वानुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होता है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के उपयुक्त उपबन्धों में भी यह व्यवस्था है कि वर्ष के दौरान ऐसे असंपरिवर्तनीय डिबेंचरों के सभी निर्गमों, प्रस्तावों और आमंत्रणों के लिए वर्ष में एक बार विशेष संकल्प द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है। 22 दिसम्बर, 2022 को आयोजित 29वीं वार्षिक महासभा में कम्पनी के सदस्यों ने 22 दिसम्बर, 2022 अर्थात् शेयरधारकों के अनुमोदन की तारीख से आरम्भ होने वाले वर्ष में 1,000 करोड़ रुपए से अनधिक राशि के लिए निजी धारण आधार पर प्रतिभूतियों के निर्गम का विशेष संकल्प के द्वारा अनुमोदन दिया था। लेकिन शेयरधारकों का उक्त अनुमोदन एक वर्ष, जो 21 दिसम्बर 2023 को समाप्त हो रहा है, तक की अवधि के लिए ही वैध है।

आगे उधार क्रियाकलापों, मौजूदा उधारों के मूलधन की पुन: अदायगी/समय-पूर्व अदायगी और/या सामान्य निगमित प्रयोजनों के लिए दीर्घकालीन संसाधन जुटाने के लिए सदस्यों की सहमति लेना अनिवार्य होता है, इसके बाद उपर्युक्त सांविधिक उपबन्धों के अनुसार, इस संकल्प के पारित होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान प्रतिभूत/अप्रतिभूत/असंपरिवर्तनीय बांडों/डिबेंचरों के निजी धारण की मार्फत निधियां जुटाने के लिए इस वार्षिक महासभा में विशेष संकल्प पारित करना आवश्यक है।

निदेशक बोर्ड ने इसकी बैठक दिनांक 08 नवम्बर, 2023 में शेयरधारकों के अनुमोदन की शर्ताधीन, भारत में और भारत से बाहर अप्रतिभूत/प्रतिभूत असंपरिवर्तनीय बान्डों/डिबैंचरों के निजी धारण के आधार पर एक या अधिक किस्तों (टैंचिस) में, 1000 करोड़ रुपए तक की निधियों के जुटाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया था।

अत: अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 42 और 71 के अधीन विशेष संकल्प के रूप में सदस्यों का अनुमोदन लिया जा रहा है ताकि कम्पनी समय-समय पर सदस्यों द्वारा यथानुमोदित, कम्पनी की समग्र उधार सीमाओं के अन्तर्गत मद संख्या 4 के संकल्प को पारित करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान एक या एकाधिक ट्रांचिस में निजी धारण आधार पर 1,000 करोड़ रुपए के बांडों और असंपरिवर्तनीय डिबेंचरों, परंतु सीमित नहीं, सहित प्रतिभूतियों के लिए अभिदान का प्रस्ताव या आमंत्रण कर सके।

कम्पनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबन्धकीय कार्मिक या उनका सम्बन्धी इस संकल्प से वित्तीय रूप से या अन्यथा किसी भी प्रकार से सम्बद्ध या हितबद्ध नहीं है।

आपके निदेशक सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस विशेष संकल्प की सिफारिश करते है।

मद संख्या 5

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग ने अपने आदेश पत्र संख्या एफ. नं. 18/7/2022-आईएफ-I दिनांक 10/05/2023 के माध्यम से श्री उमेश कुमार गर्ग (डीआईएन: 00599426) को उनकी नियुक्ति आदेश की तिथि से तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, आपकी कंपनी का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया।

निदेशकों की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर, बोर्ड ने 25 मई, 2023 को हुई अपनी बैठक में, कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 और कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के प्रावधानों के अनुसार, उन्हें उनकी नियुक्ति आदेश की तिथि से तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अतिरिक्त एवं स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के प्रावधानों के तहत कंपनी के निदेशक पद के लिए श्री उमेश कुमार गर्ग की उम्मीदवारी का प्रस्ताव करते हुए लिखित नोटिस प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी एलओडीआर के प्रावधानों के अनुसार श्री उमेश कुमार गर्ग से आवश्यक प्रकटीकरण और स्वतंत्र-पद संबंधी घोषणा भी प्राप्त हुई है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, श्री उमेश कुमार गर्ग को कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने संबंधी इस नोटिस के मद सं. 5 में निर्धारित विशेष संकल्प को पारित करके, शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के विनियमन 36 के तहत अनिवार्य नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के इच्छुक निदेशकों के ब्यौरे में श्री उमेश कुमार गर्ग का संक्षिप्त प्रोफाइल दिया गया है, जो नोटिस के साथ संलग्न है।

श्री उमेश कुमार गर्ग कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति होने की सीमा तक संकल्प में रुचि रखते है। कंपनी के अन्य निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और उनके रिश्तेदारों में से किसी का भी इस संकल्प में कोई वित्तीय हित या संबंध या अन्य हित नहीं है।

श्री उमेश कुमार गर्ग ने अपनी नियुक्ति की तिथि से, 2 (दो) बोर्ड बैठकों में भाग लिया है।

निदेशक मंडल का मानना है कि श्री उमेश कुमार गर्ग की पृष्ठभूमि और अनुभव को देखते हुए, उन्हें कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करना कंपनी के हित में रहेगा।

तदनुसार, आपके निदेशक विशेष प्रस्ताव का अनुमोदन करने के लिए सदस्यों को अनुशंसा प्रदान करते है।

पंजीकृत कार्यालय:
आईएफसीआई टावर
61 नेहरु प्लेस
नई दिल्ली-110019
सीआईएन: एल74899डीएल1993जीओआई053677
टेलीफोन: 011-41732000
वेबसाइट: www.ifciltd.com
ई-मेल: complianceofficer@ifciltd.com

निदेशक बोर्ड के आदेशानुसार
(प्रियंका शर्मा)
कम्पनी सचिव

दिनांक: 08 नवम्बर, 2023

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के नियम 36 के अन्तर्गत आदेशित नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के इच्छुक निदेशकों के बारे में सूचना निम्नानुसार है:

प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन

प्रो. एन. बालाकृष्णन, उम्र 73 वर्ष, ने 1972 में मद्रास विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई. (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की और 1979 में भारतीय विज्ञान संस्थान से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुए। वे जुलाई 2015 तक एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग और सुपरकंप्यूटर शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र में प्रोफेसर रहे। इसके बाद, वे जुलाई 2020 तक सुपरकंप्यूटर शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र, भारतीय विज्ञान संस्थान में मानद प्रोफेसर रहे और वर्तमान में भारतीय विज्ञान संस्थान में आईएनएसए वरिष्ठ वैज्ञानिक है। उन्होंने सितंबर 2005 से मार्च 2014 के दौरान भारतीय विज्ञान संस्थान के एसोसिएट निदेशक के पद पर भी कार्य किया। साथ ही वे 1999-2005 के दौरान सूचना विज्ञान प्रभाग के अध्यक्ष और 1994-2001 के दौरान सुपरकंप्यूटर शिक्षा व अनुसंधान केंद्र के अध्यक्ष भी रहे।

शोध जगत में अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उनके कई शोध प्रकाशित हुए है, जिनमें न्यूमेरिकल इलेक्ट्रोमैग्नेटिक्स, हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग एंड नेटवर्क, पोलारिमेट्रिक रडार, एयरोस्पेस इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी कॉम्प्लेक्स सोशल नेटवर्क एंड डिजिटल लाइब्रेरी शामिल है।

वर्तमान में वे कतर स्थित कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के संयुक्त सलाहकार बोर्ड के सदस्य, आईआईटी खड़गपुर और आईआईटी एमके, केरल के प्रशासी मंडल के सदस्य और इंजीनियरिंग साइंस टेक्नोलॉजी, बीजिंग चीन के अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान केंद्र की सलाहकार समिति में सदस्य है।

पूर्व में, वे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड और आईआईटी दिल्ली तथा आईआईटी मद्रास के प्रशासी मंडल के सदस्य, सीडीएसी के परिषद सदस्य, भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता की परिषद के सदस्य और कैबिनेट की एसएसी के सदस्य और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और चेन्नई स्थित सीडीओटी-अल्काटेल रिसर्च सेंटर के निदेशक रह चुके है। वे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), बीएसएनएल के निदेशकों में शामिल रह चुके है और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य भी रह चुके है।

आईएफसीआई लिमिटेड के अलावा, प्रो. एन. बालाकृष्णन भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान केरल और इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के बोर्ड में भी है।

प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन आईएफसीआई लिमिटेड की निम्नलिखित बोर्ड स्तरीय समितियों में है:

1) लेखापरीक्षा समिति - सदस्य
2) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - सदस्य
3) जोखिम एवं परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति - सदस्य
4) इरादतन चूककर्ता (विलफुल डिफॉल्टर्स) समीक्षा समिति - सदस्य
5) कार्यकारी समिति - सदस्य
6) आईटी रणनीति समिति - अध्यक्ष

उन सूचीबद्ध कंपनियों नाम, जिनके निदेशक मंडल / समितियों में वे सदस्य थे और पिछले तीन वर्षों में जहां से उन्होंने इस्तीफा दे दिया है:

1. इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
   अ) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - सदस्य
   ब) जोखिम प्रबंधन समिति - सदस्य

प्रो. एन बालाकृष्णन 30 अक्टूबर, 2017 से कंपनी के बोर्ड में हैं। उन्होंने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित सभी बोर्ड बैठकों में भाग लिया है।

उनके पास आईएफसीआई लिमिटेड में न तो उनके नाम पर और न ही लाभार्थी स्वामी के तौर पर कोई शेयर है। इसके अलावा, उन्हें सेबी के किसी आदेश या किसी अन्य प्राधिकारी के निर्णय पर निदेशक का पद संभालने से रोका नहीं गया है।

प्रो. एन बालाकृष्णन का इस संकल्प में हित निहित है, क्योंकि यह उनकी नियुक्ति से संबंधित है। कंपनी के अन्य निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और उनके रिश्तेदारों में से किसी का भी इस संकल्प में कोई वित्तीय हित या अन्यथा संबंध नहीं है।

निदेशकों के बीच आपस में कोई संबंध नही है।

श्री उमेश कुमार गर्ग

श्री उमेश कुमार गर्ग, उम्र 60 वर्ष, एक पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। श्री उमेश कुमार गर्ग आगरा विश्वविद्यालय से वाणिज्य व कानून में स्नातक है। उन्होंने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) से सूचना प्रणाली ऑडिट (डीआईएसए) में डिप्लोमा की उपाधि भी ली है।

वे उमेश अमिता एंड कंपनी नामक फर्म में सीनियर पार्टनर हैं। वे वर्तमान में इनक्रेडिबल इंश्योरेंस सर्वेयर्स एंड लॉस एसेसर्स प्राइवेट लिमिटेड और हरकिरण प्रोफेशनल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में भी हैं। उनके पास कॉर्पोरेट कानून, वित्त, बीमा प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन और कराधान (प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष) के क्षेत्र में लगभग 32 वर्षों का अनुभव है।

वे द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यूअर्स, इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस सर्वेयर्स एंड लॉस एडजस्टर्स और इंडियन काउंसिल ऑफ आर्बिट्रेशन के फेलो सदस्य भी है।

वे वर्ष 2015-16 में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की मध्य भारतीय क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष और वर्ष 2012-13, 2013-14 और 2014-15 में इसके कार्यकारी सदस्य भी रह चुके है।

श्री उमेश कुमार गर्ग आईएफसीआई लिमिटेड की निम्नलिखित बोर्ड स्तरीय समितियों में शामिल है:

1) लेखापरीक्षा समिति - अध्यक्ष
2) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - अध्यक्ष
3) हितधारक संबंध समिति - सदस्य
4) जोखिम एवं परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति - सदस्य

उनके पास किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी में कोई निदेशक का पद/समिति की सदस्यता नहीं है और उन्होंने पिछले 3 वर्षों के दौरान किसी भी सूचीबद्ध कंपनी से इस्तीफा नहीं दिया है। उनके पास आईएफसीआई लिमिटेड में न तो उनके नाम पर और न ही लाभार्थी स्वामी के तौर पर कोई शेयर है।

कॉर्पोरेट कानून, वित्त, बीमा प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन और कराधान (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) के क्षेत्र में लगभग 32 वर्षों का व्यापक अनुभव रखने वाले प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के नाते श्री उमेश कुमार गर्ग के पास स्वतंत्र निदेशक की भूमिका निभाने के लिए सभी जरूरी कौशल विशेषताएं और क्षमताएं है।

इसके अलावा, उन्हें सेबी के किसी आदेश या किसी अन्य प्राधिकारी के निर्णय पर निदेशक का पद संभालने से रोका नहीं गया है।

निदेशकों के बीच आपस में कोई संबंध नही है।

स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीकरण

कंपनी के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध है। इसके अलावा, कंपनी के बांड/डिबेंचर भी बीएसई लिमिटेड में सूचीबद्ध है। इसके अलावा प्रतिभूत असंपरिवर्तनीय डिबेंचर का पब्लिक इश्यू बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड दोनों पर सूचीबद्ध है।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्टॉक एक्सचेंजों को वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान किया है।

सभा-स्थल का रूट मैप

एजीएम स्थल का रूट मैप और प्रमुख लैंडमार्क तथा उपस्थिति पर्ची

एमसीए के सर्कुलरों के मद्देनजर, कंपनी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से अपनी एजीएम, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, सभागार, प्रथम तल, आईएफसीआई टॉवर, 61 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-19 में आयोजित करेगी। एमसीए के निर्देशों के मद्देनजर, बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बुलाई जा रही है और सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है और आयोजित एजीएम की कार्यवाही इसी स्थल पर की गई मानी जाएगी।

बोर्ड की रिपोर्ट

सेवा में सदस्यगण,

आपकी कंपनी (''आपकी कम्पनी'' या ''आईएफसीआई'') के निदेशक बोर्ड को आईएफसीआई लिमिटेड की 30वी (तीसवीं) वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

वित्तीय सारांश और कंपनी के कार्यों का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष और पिछले वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के वित्तीय कार्य-निष्पादन का सारांश निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए)

विवरण	स्टेण्डअलोन		समेकित	
	2022-23	2021-22	**2022-23**	2021-22
कुल आय	546	764	1,519	1,596
घटाएं:				
क्षति हानि भत्ता, मूल्यह्रास और ऋण परिशोधन से पूर्व कुल व्यय	786	1,153	1,504	1,661
वित्तीय प्रलेखों पर क्षति	(79)	1,373	(86)	1,391
मूल्यह्रास और ऋण परिशोधन	24	23	74	66
कुल व्यय	731	2,549	1,492	3,118
अपवादात्मक मदें	0	-	1	1
कर-पूर्व लाभ/(हानि)	(185)	(1,785)	26	(1,523)
कर व्यय	102	206	146	(238)
सहयोगी कम्पनियों के लाभ में हिस्से से पूर्व लाभ/(हानि)	(287)	(1,991)	(120)	(1,761)
सहयोगी कम्पनियों के लाभ में कुल व्यय का हिस्सा	0	-	-	-
वर्ष के लिए लाभ/(हानि)	(287)	(1,991)	(120)	(1,761)
अन्य समग्र आय (कर घटा कर)	(32)	(35)	1,269	1,754
कुल समग्र आय	(319)	(2,026)	1,149	(7)
निवल लाभ/(हानि) के कारण –				
कम्पनी के मालिक	लागू नही	लागू नही	(207)	(1,831)
गैर-नियंत्रक हित	लागू नही	लागू नही	88	70
कुल समग्र आय के कारण –				
कम्पनी के मालिक	लागू नही	लागू नही	448	(920)
गैर-नियंत्रक हित	लागू नही	लागू नही	701	914
प्रति शेयर अर्जन				
प्रत्येक 10 रुपए का प्रति शेयर बेसिक अर्जन	(1.31)	(9.47)	(0.95)	(8.71)
प्रत्येक 10 रुपए का प्रति शेयर डाईल्यूटिड अर्जन	(1.31)	(9.47)	(0.95)	(8.71)

उपरोक्त आंकड़े यथा संशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली, 2015 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन अधिसूचित कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 और लेखा मानकों के अनुपालन में भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार की गई वित्तीय विवरणियों से उद्धृत है।

भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक या आपकी कंपनी के किसी अन्य नियामक द्वारा जारी किए गए किसी भी विनियमन/मार्गदर्शन/स्पष्टीकरण/निर्देश के जारी/लागू होने पर, आपकी कंपनी द्वारा उसे लागू किया जाएगा।

वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने सलाहकारिता सेवाओं में अपने योगदान को मजबूत और विस्तारित करना जारी रखा और आत्मनिर्भर भारत के तत्वावधान में शुरू की गई योजनाओं के लिए स्वयं को भारत सरकार के प्राथमिक सलाहकार के रूप में स्थापित किया। हालाँकि, ऋणों के पुनर्भुगतान और चरण-3 परिसंपत्तियों पर आय की गैर-मान्यता के कारण ऋण परिसंपत्तियों में गिरावट आने से, आपकी कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 319.35 करोड़ रु. का कुल व्यापक घाटा दर्ज किया। वर्ष के दौरान किए गए प्रावधानों से प्रावधान कवरेज अनुपात 86.47% से अधिक तक बढ़ गया। हालाँकि, वर्तमान वित्त वर्ष में पूंजी पर्याप्तता अनुपात घटकर -70. 66% हो गया, जबकि टियर-I पूंजी -71.06% थी। वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने आपकी कंपनी की शेयर पूंजी की सदस्यता पाने के लिए 400 करोड़ रु. का निवेश किया। आपकी कंपनी ने व्यवसाय में तरलता बढ़ाने के लिए, प्रभावी पुनर्प्राप्ति उपायों और फिनटेक टूलों को भी अपनाया है। आपकी कंपनी दिवाला एवं दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत ज्यादा से ज्यादा वसूली करने के उपायों और अन्य तरीकों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। गैर-प्रमुख संपत्तियों के विनिवेश में तेजी लाने और सलाहकारिता व्यवसाय को मजबूत करने के प्रयास किये जा रहे है, जिससे कंपनी के नकदी प्रवाह में सुधार होने और आपकी कंपनी की बैलेंस शीट सशक्त बनने की उम्मीद है।

मंजूरियां, संवितरण और वसूली

सलाहकारिता सेवा व्यवसाय तेजी से आईएफसीआई के व्यवसाय संचालन का मुख्य आधार बनता जा रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, आपकी कंपनी ने कोई नये ऋण मंजूर नही किये। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान किसी ऋण/अग्रिम का भी संवितरण नही हुआ।

आपकी कंपनी ने गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) से वसूली का कार्य सक्रियता से किया, जिससे वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान एनपीए व सिक्योरिटी प्राप्तियों (एसआर) से 714 करोड़ रु. की वसूली हुई।

आपकी कंपनी बहु-आयामी रिजॉलूशन मोड और रणनीतियों के माध्यम से एनपीए और तनावग्रस्त परिसंपत्तियों से वसूली के लिए अपने आक्रामक दृष्टिकोण को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

कोष, निवेश और विदेशी मुद्रा संचालन

आपकी कंपनी तरलता प्रबंधन के अनुरूप अधिकतम आय अर्जित करने के लिए हर संभव प्रयास करते हुए और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विविध निवेश विकल्पों में अधिशेष निधियों का निवेश करने के मामले में सतर्क रही है।

रुपये के परिचालन में, कंपनी का उद्देश्य न्यूनतम जोखिम के साथ अधिशेष निधियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना और अधिकतम आय प्राप्त करने के लिए अधिशेष निधियों को कम अवधि के वित्तीय-उपकरणों में निवेश करना है। ऐसा भविष्य में मौद्रिक तंगी की आशंका और ब्याज दरों में अस्थिरता के कारण किया गया। अंतर्निहित निवेश सिद्धांत सुरक्षा, तरलता और जोखिम नियंत्रण था और तदनुसार आपकी कंपनी ने ट्रेजरी बिल, सरकारी प्रतिभूतियों, जमा प्रमाणपत्रों, वाणिज्यिक पेपरों, अंतर-कॉर्पोरेट जमाओं/लघु अवधि जमाओं (एसटीडी), सावधि जमाओं/बांडों और म्यूचुअल फंडों में निवेश किया। वर्ष के दौरान औसत निवेश राशि 411.19 करोड़ रु. थी, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 1346.83 करोड़ रु. का निवेश किया गया था और निवेशित निधि पर वार्षिक रिटर्न की दर 4.87% थी। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ट्रेजरी परिचालन से होने वाली आय पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी, क्योंकि सुरक्षा और तरलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कम अवधि में परिपक्वता वाले वित्तीय-उपकरणों में निवेश किया गया था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने निवेश से 26.51 करोड़ रु. की ब्याज आय प्राप्त की, जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह 75.68 करोड़ रु. थी।

वर्ष के दूसरी छमाही में कमोडिटी की बढ़ती कीमतों और भू-राजनैतिक संघर्षों के कारण बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण बाजार में व्याप्त अस्थिरता को देखते हुए, आपकी कंपनी ने धीमी गति से चलने वाले/अतरल शेयरों में चयनात्मक विनिवेश किया और शेयरों में निवेश से मुनाफा बुक करने की विवेकपूर्ण रणनीति जारी रखी। 31 मार्च 2023 को आपकी कंपनी का शुद्ध निवेश पोर्टफोलियो 2,277 करोड़ रु. का था, जबकि पिछले वित्त वर्ष के अंत में यह 2,944 करोड़ रु. का था। विदेशी मुद्रा परिचालन, एफसी देनदारियों की सर्विसिंग तक सीमित रहा और इसमें एफसी परिसंपत्तियों और देनदारियों की बकाया राशि में मेल न होने के कारण निवेश जोखिम बना रहा। वायदा अनुबंधों और मुद्रा वायदा से निवेश में हुए नुकसान को कवर किया गया था। कंपनी द्वारा लगभग स्क्वायर पोजिशन बनाए रखते हुए, शुद्ध मिस्मैच स्थिति को बोर्ड और आरबीआई द्वारा अनुमोदित सीमा से काफी नीचे बनाए रखा गया।

संसाधन जुटाने और उधार प्रक्रिया की रूपरेखा

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी रेटिंग बाधाओं और कमजोर वित्तीय मानकों के कारण नए संसाधनों का उपयोग नही कर सकी। लेकिन प्रभावी तरलता प्रबंधन के माध्यम से, आपकी कंपनी ने नियत तारीखों पर और उससे पहले अपनी देनदारियों का भुगतान किया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, आपकी कंपनी ने 1,832 करोड़ रु. (1,267 करोड़ रु. मूलधन और 565 करोड़ रु. ब्याज) का कर्ज चुकाया, जिसमें पूर्व-भुगतान भी शामिल था।



31 मार्च 2023 को आपकी कंपनी की मूल देनदारियां 5,808.07 करोड़ रु. की थी, जिसमें 5,443.82 करोड़ रु. की उधारियां और 364.25 करोड़ रु. के विदेशी मुद्रा ऋण भी शामिल थे। 31 मार्च, 2023 को बकाया ब्याज देनदारी (यानि अर्जित ब्याज लेकिन उधार पर देय नहीं) 696.59 करोड़ रु. थी। 31 मार्च, 2023 तक बकाया उधारियों का विस्तृत विवरण नीचे दर्शाया गया है:

आपकी कंपनी निवेशक सेवाओं के उच्च मानक को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और निवेशकों की शिकायतों के समय पर समाधान के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने और उनका पालन करने के लिए प्रयासरत है। आपकी कंपनी ने निवेशकों के अनुकूल कई पहलें की है, जैसे आर एंड टीए में केवाईसी विवरण अपडेट प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना, प्रतिभूतियों का डीमटेरियलाइजेशन, ब्याज और भुगतान-योग्य आय का इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और निवेशकों की शिकायतों व अनुरोधों को पंजीकृत करने के लिए ऑनलाइन सर्विस रिक्वेस्ट पोर्टल का संचालन आदि।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

ऊर्जा संरक्षण – कंपनी के संचालन में कोई विनिर्माण या प्रसंस्करण गतिविधियाँ शामिल नहीं है। यह उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, और इसके लिए बिजली की सामान्य खपत की आवश्यकता होती है। तदनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एम) के प्रावधान कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित, कंपनी पर लागू नहीं होते है। फिर भी, आपकी कंपनी ने ऊर्जा के बेहतर उपयोग को प्राथमिकता दी है। मई, 2023 में आईएफसीआई टॉवर को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से गोल्ड सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ।

प्रौद्योगिकी समावेशन – सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ने अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में व्यवसाय के आचरण को बदल दिया है। आपकी कंपनी में आईटी पेशेवरों की इन-हाउस टीम ने ''सीआईआईएस'' नामक प्रणाली विकसित की थी, जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख व्यावसायिक कार्यों के साथ-साथ गैर-मुख्य कार्यों का समर्थन करने वाले एप्लीकेशन भी शामिल है। सिस्टम सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और आवश्यकताओं के अनुरूप इसे लगातार उन्नत किया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, मौजूदा सॉटवेयर एप्लिकेशन को नई उन्नत सुविधाओं से अपग्रेड किया गया। विभिन्न कार्यों के लिए नए मॉड्यूल कंपनी में ही विकसित किए गए। आपकी कंपनी ने विभिन्न नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार एक सर्विस रिक्वेस्ट पोर्टल लॉन्च किया है। आपकी कंपनी उचित डेटा बैकअप बनाए रखती है और डेटा और व्यावसायिक सूचना प्रणालियों की सुरक्षा के लिए एक डिजास्टर रिकवरी साइट भी स्थापित की गई है। आपकी कंपनी ने साइबर सुरक्षा के लिए विभिन्न उपकरण भी स्थापित किये है और अपने आईटी बुनियादी ढांचे को भी उन्नत किया है। आपकी कंपनी ने डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग शुरू कर दिया है और इसके आईटी बुनियादी ढांचे को भी उन्नत किया है। कंपनी में सुव्यवस्थित वीडियो संचार और लाइव कंटेंट शेयरिंग के लिए वेबेक्स/टीम्स मीटिंग का उपयोग करके वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा भी शुरू की गई है।

विदेशी मुद्रा अर्जन

विदेशी मुद्रा व्यय/आय का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रुपए)

विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
विदेशी मुद्राओं में व्यय:		
उधारों पर ब्याज	2.87	3.16
अन्य मामले	0.00	0.00
जोड़	**2.87**	**3.16**
विदेशी मुद्राओं में आय:		
विदेशी मुद्रा में आय	शून्य	शून्य

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

आपकी कंपनी के पास नीतियों और प्रक्रियात्मक मैनुअल के माध्यम से वित्तीय रिपोर्टिंग पर मजबूत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है, जिसे आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। पिछले वर्षों में डिजाइन और कार्यान्वित इकाई स्तर के नियंत्रण ढांचे को आपकी कंपनी के प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए नमूना परीक्षणों में उपयोग किया गया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी की अत्यंत अनुभवी आंतरिक लेखा-परीक्षा टीम द्वारा आंतरिक व समानांतर अंकेक्षण किया गया। आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता से संतुष्ट होने पर निदेशक मंडल का मानना है कि कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मौजूद है और वे प्रभावी ढंग से काम कर रहे है।

सतर्कता

कंपनी के पास मुख्य सतर्कता अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित सतर्कता विभाग है। प्रधान कार्यालय से कार्यरत सतर्कता विभाग आईएफसीआई, इसके क्षेत्रीय कार्यालयों और सहायक कम्पनियों के सभी सतर्कता-संबंधी मामलों का ध्यान रखता है।

विभाग की व्यापक कार्यप्रणाली को निवारक सतर्कता, जासूसी सतर्कता और दंडात्मक सतर्कता में विभाजित किया गया है।

निवारक सतर्कता को महत्व देते हुए, विभाग समय-समय पर विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करता है। यदि अनियमितताएं/खामियां पायी जाती हैं, तो उन्हें सुधारात्मक उपाय शुरू करने या प्रणालीगत सुधार की दिशा में कार्रवाई करने या मामले की प्रकृति के आधार पर दंडात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए विभिन्न कदम उठाने के लिए क्षेत्रीय प्रभारियों और प्रधान कार्यालय के संबंधित विभागों के साथ साझा किया जाता है। सतर्कता विभाग निष्कर्षों के आधार पर प्रबंधन को प्रणालीगत सुधार की सलाह भी देता है। सतर्कता विभाग मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित समयसीमा के भीतर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करता है।

सतर्कता विभाग मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार शिकायतों और अन्य संदर्भित मामलों का निपटान सुनिश्चित करता है। सतर्कता विभाग निवारक सतर्कता के बारे में कर्मचारियों से सम्पर्क करता है। सतर्कता विभाग की सहायता से, आपकी कंपनी सतर्कता संबंधी मामलों और गैर-सतर्कता मामलों का निपटान सुनिश्चित करती है।

वर्ष के दौरान, सतर्कता विभाग द्वारा सुझाए गए प्रणालीगत सुधारों को प्रबंधन द्वारा लागू किया गया है जैसे कि जेम पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, सामान्य व संवेदनशील पदों पर कर्मचारियों की रोटेशन के आधार पर नियुक्ति। नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है।

वर्ष के दौरान 31 अक्टूबर से 06 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 मनाया गया, जिसकी थीम ''भ्रष्टाचार-मुक्त भारत - विकसित भारत'' थी।

व्हिसल ब्लोअर नीति

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 (9) और (10), सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के प्रावधानों के अनुसार एक सतर्कता तंत्र स्थापित किया है। व्हिसल ब्लोअर नीति के तहत, आईएफसीआई के निदेशक और कर्मचारी, प्रबंधन को अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या आईएफसीआई के व्यावसायिक आचरण और नैतिकता के उल्लंघन के बारे में शिकायतें दर्ज करा सकते है। इस नीति के तहत शिकायतकर्ता के किसी भी तरह के उत्पीड़न की दशा में पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाती है। नीति में असाधारण मामलों में लेखा-परीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधे पहुंचने का भी प्रावधान है। व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी https://www.ifciltd.com/2022/Whistle%20Blower%20Policy.pdf इस लिंक पर उपलब्ध है।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रकटन

एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है और इस रिपोर्ट की तारीख तक समिति के सदस्यों की संख्या इस प्रकार है:

1. मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) - पीठासीन अधिकारी
2. सुश्री लता लोचव - बाहरी सदस्य
3. महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
4. सुश्री शिखा गुप्ता, उप महाप्रबंधक
5. सुश्री ट्रिना तेजस्विनी, उप महाप्रबंधक (विधि)

उपरोक्त किसी भी आंतरिक सदस्य की अनुपस्थिति में, सुश्री प्रियंका शर्मा, डीजीएम और कंपनी सचिव वैकल्पिक सदस्य होंगी। समिति के कोरम में सभी सदस्य शामिल होंगे। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्राप्त शिकायतों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रारंभ में लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य
वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	शून्य
वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	शून्य
वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य
वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान यौन उत्पीड़न के खिलाफ आयोजित कार्यशालाओं या जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	1
नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति	शून्य

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1. उद्योग संरचना एवं विकास*

उद्योग परिदृश्य- भारतीय वित्तीय जगत स्थिर और लचीला बना हुआ है। यहां संपत्तियों की गुणवत्ता, पूंजी और लाभप्रदता में सुधार होता देखा गया है। हाल ही में वैश्विक वित्तीय बाजार में अशांति और कुछ क्षेत्रों में भारी बैंकिंग तनाव के बावजूद, क्रेडिट जोखिम के मापक मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट से पता चला है कि सभी बैंकों ने गहरे संकट की स्थिति में भी न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं का अनुपालन किया। परिणामस्वरूप संक्रमण और शोधन-क्षमता संबंधी जोखिम कम हो गए है। दिसंबर 2022 से, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने अपनी बैलेंस शीट, व्यवसाय और लाभप्रदता में विस्तार किया है। यहां तक कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां घटकर एक दशक के निचले स्तर पर आ गई, सिस्टम-स्तरीय

**(स्रोत: आरबीआई वार्षिक रिपोर्ट 2022-23, आरबीआई एफएसआर जून 2023, आरबीआई गवर्नर का वक्तव्य 10 अगस्त, 2023, एमओएसपीआई प्रेस विज्ञप्ति)*

पूंजी और जोखिम भारित परिसंपत्तियों का अनुपात एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया। शुद्ध ब्याज मार्जिन में काफी वृद्धि हुई और कर-पश्चात मुनाफे में वृद्धि दर्ज की गई क्योंकि बैंकों द्वारा पर्याप्त प्रावधान और पूंजी बफर मजबूत किये जाने से ऋणों में बढ़ोत्तरी हुइ। चूँकि ऋण वृद्धि अब जमा वृद्धि से अधिक हो रही है, वित्तपोषण की स्थितियाँ, विशेष रूप से बैंकों की निधि लागत कम हो गई है। हाल की अवधि में रिटेल सेक्टर के कारण बैंक ऋणों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)

एनबीएफसी द्वारा वितरित ऋणों की वार्षिक वृद्धि दर, सितंबर 2022 में दोहरे अंक तक पहुंचने के बाद से निरंतर अच्छी बनी रही। मार्च 2023 में व्यक्तिगत ऋणों में 31.3% की वृद्धि और उद्योगों को दिये गये ऋणों में 12.7% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज हुई। एनबीएफसी के व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो में इस दौरान सबसे अधिक वृद्धि हुई। इनमें पिछले चार साल की अवधि में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 30% से अधिक रही, जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2023 में कुल ऋण पोर्टफोलियो में इनकी हिस्सेदारी 31. 2% तक बढ़ गई। मार्च 2023 में गतिविधि-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, सबसे बड़ी दो श्रेणियों, अर्थात् इन्वेस्टमेंट एंड क्रेडिट कंपनी (एनबीएफसी-आईसीसी) और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी-आईएफसी) ने बकाया क्रेडिट में क्रमशः 54% और 40% शेयरों के साथ दोहरे अंक में ऋण वृद्धि दर्ज की। माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (एनबीएफसी-एमएफआई) ने पिछले दो वर्षों में मजबूत ऋण वृद्धि (सीएजीआर 27.6%) बनाए रखी।

2022-23 की दूसरी छमाही के दौरान एनबीएफसी के जीएनपीए अनुपात में गिरावट जारी रही, उद्योग और सेवा क्षेत्र, दोनों में दो प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज हुई। सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीएफसी (बकाया ऋण में 44% की हिस्सेदारी वाली) का उनके निजी समकक्ष कंपनियों (क्रेडिट हिस्सेदारी 56% और जीएनपीए अनुपात 5.5%) की तुलना में कम जीएनपीए अनुपात (2.8%) था। मार्च 2023 में प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) बढ़कर 70.4% होने से एनबीएफसी का कुल एनएनपीए अनुपात घटकर 1.3% हो गया।

मार्च 2023 में सीआरएआर 27.5% के साथ एनबीएफसी की पूंजी स्थिति मजबूत बनी रही, जो 15% की न्यूनतम सीमा से काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक आरओए धीरे-धीरे बढ़कर 3.3% तक पहुंच गया। पिछले कुछ वर्षों में एनबीएफसी की शेयर पूंजी, संचय और अधिशेष में वृद्धि हुई है, जिसमें ज्यादातर पूंजी संचय और लाभ व हानि खातों की शेष राशि का योगदान है। दूसरी ओर, समस्त निधियों में कुल उधारियों में उनकी हिस्सेदारी, जो मार्च 2020 में 66.4% थी, घटकर मार्च 2023 में 62.3% हो गई, जिसका मुख्य कारण इस अवधि के दौरान फंड के अन्य स्रोतों की तुलना में एनबीएफसी द्वारा डिबेंचर कम जारी करना था। लगभग दो-तिहाई उधारियां दीर्घकालिक (एक वर्ष से अधिक) थी। 2022-23 में एनबीएफसी की बैंकों से उधारियां बढ़ी है।

2. अवसर और चुनौतियां

राष्ट्रीय निर्माण चैंपियन तैयार करने, और देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार की उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार के प्रयास की आधारशिला है। इसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना और विनिर्माण के क्षेत्र में वैश्विक चैंपियन बनाना है। पीएलआई योजनाओं की रणनीति आधार वर्ष के बाद भारत में निर्मित उत्पादों की बिक्री में वृद्धि करने पर कंपनियों को प्रोत्साहन देना है। वे विशेष रूप से नये और रणनीतिक क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने, सस्ते आयात पर अंकुश लगाने और आयात बिलों को कम करने, घरेलू रूप से निर्मित वस्तुओं की लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाने और घरेलू क्षमता और निर्यात को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है।

भारत सरकार की निम्नलिखित पीएलआई और अन्य योजनाएं है, जहां आईएफसीआई को नोडल एजेंसी/परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए) नियुक्त किया गया है:

क्र. सं.	पीएलआई योजना के विवरण	योजनाओं का विवरण निम्न पोर्टल/वेबसाइट पर उपलब्ध है
1.	इलैक्ट्रॉनिक संघटक एवं सेमीकन्डक्टर्स के उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना (एसपीईसीएस)	https://specs.ifciltd.com
2.	बड़े पैमाने पर इलैक्ट्रॉनिक उत्पादन (पीएलआई-एलएसईएम) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई)	https://pli.ifciltd.com
3.	क्रिटिकल की स्टार्टिंग मैटिरियल्स (केएसएमएस)/ड्रग इंटरमिडियेट्स (डीआईएस)/एक्टिव फार्मास्युटिकल्स इनग्रिडिएन्टस (एपीआई) के लिए पीएलआई योजना (पीएलआई-बल्क ड्रग्स)	https://plibulkdrugs.ifciltd.com
4.	चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई (पीएलआई-एमडी)	https://plimedicaldevices.ifciltd.com
5.	बल्क ड्रग्स पार्को को बढ़ावा देने की योजना	https://pharmaceuticals.gov.in/schemes/guidelines-scheme-promotion-bulk-drug-parks
6.	चिकित्सा यंत्रों पार्को को बढ़ावा देने की योजना	https://pharmaceuticals.gov.in/schemes/guidelines-scheme-promotion-medical-devices-parks
7.	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए पीएलआई योजना (पीएलआईएसएफपीआई)	https://plimofpi.ifciltd.com
8.	सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर के लिए पीएलआई (पीएलआई- आईटीएचडब्ल्यूजी)	https://pliithw.com
9.	वाइट गुड्स के लिए पीएलआई (पीएलआई-डब्ल्यूजी)	https://pliwhitegoods.ifciltd.com
10.	ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए पीएलआई योजना (पीएलआई-ऑटो)	https://pliauto.in
11.	पीएलआई टेक्सटाइल प्रोडक्ट्स: एमएमएफ सेगमेंट और टेक्निकल टेक्सटाइल्स	https://pli.texmin.gov.in
12.	ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए पीएलआई योजना	https://www.civilaviation.gov.in/en/application-pli-scheme

क्र. सं.	पीएलआई योजना के विवरण	योजनाओं का विवरण निम्न पोर्टल/वेबसाइट पर उपलब्ध है
13.	पीएलआई योजना 'उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी भंडारण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम' (पीएलआई-एसीसी)	https://pliacc.in/
14.	भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण के लिए योजना चरण II (प्रसिद्धि-II)	https://fame2.heavyindustries.gov.in/
15.	चीनी विकास निधि हेतु नोडल एजेंसी	https://www.ifciltd.com/?q=en/content/nodal-agency-sugar-development-fund
16.	संशोधित विशेष प्रोत्साहन पैकेज योजना (एम-एसआईपीएस)	https://www.ifciltd.com/?q=en/content/msips

टिप्पणी:

1. *आईएफसीआई भारत सेमीकंडक्टर मिशन के साथ तकनीकी वित्तीय मूल्यांकन, उचित परिश्रम और सत्यापन के लिए एजेंसी के रूप में भी जुड़ा हुआ है (i) सेमीकंडक्टर फैब्स की स्थापना के लिए योजना, (ii) डिस्प्ले फैब्स की स्थापना के लिए योजना और (iii) सेटिंग के लिए योजना भारत में कंपाउंड सेमीकंडक्टर/ सिलिकॉन फोटोनिक्स/ सेंसर फैब/ डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब और सेमीकंडक्टर असेंबली, परीक्षण, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी)/ आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधाएं (पोर्टल: https://ism.gov.in/).*
2. *आईएफसीआई को कर्नाटक सरकार के ईएसडीएम सेक्टर 2020-2025 के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना के लिए सत्यापन एजेंसी के रूप में भी नियुक्त किया गया है (पोर्टल: https://k-tech.karnataka.gov.in/)।*

भारत सरकार के महत्वपूर्ण सलाहकार के रूप में स्वयं को स्थापित करते हुए, आपकी कंपनी ने राज्य सरकारों के साथ भी इसी तरह के अवसरों की खोज की और कर्नाटक सरकार से भी एक असाइनमेंट प्राप्त किया।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने कॉर्पोरेट सलाहकारिता के क्षेत्र में भी प्रवेश किया और 31 असाइनमेंट प्राप्त किये। विभिन्न असाइनमेंटों में व्यवसाय पुनर्गठन, ऋणों का सिंडिकेशन और उद्योगों/क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश विश्लेषण शामिल था। आपकी कंपनी को नवीन प्रौद्योगिकियों वाली औद्योगिक संस्थाओं द्वारा टीडीबी में प्रस्तुत किए गए फंडिंग प्रस्तावों की उचित परिश्रम/परियोजना मूल्यांकन करने के लिए 3 साल की अवधि के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के एकमात्र सलाहकार के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आपकी कंपनी महारत्न और नवरत्न कंपनियों के पैनल में भी शामिल है।

तमाम व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए, कंपनी कर्मचारियों की रि-स्किलिंग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। बीआरएसआर फ्रेमवर्क, क्लाइमेट फाइनेंस/ईएसजी, एडवांस्ड वित्तीय मॉडलिंग, बातचीत कौशल, नेतृत्व, व्यवसाय का कार्यात्मक विश्लेषण जैसे कई विषयों पर कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

आपकी कंपनी समूह स्तर पर सामुहिक तालमेल और मूल्य-वर्धन पर विशेष जोर देती है। आईएफसीआई अपनी सहायक कंपनी स्टॉकहोल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के माध्यम से देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में योगदान दे रही है।

एसएचसीआईएल देश के सबसे बड़े डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट में से एक है, इसके अलावा यह कस्टोडियल संपत्तियों के मामले में देश का सबसे बड़ा संरक्षक है, और यह संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंडों, बैंकों, बीमा कंपनियों आदि को पोस्ट ट्रेडिंग और कस्टोडियल सेवाएं प्रदान करता है। यह विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्टांप शुल्क, ई-कोर्ट शुल्क और ई-पंजीकरण के संग्रह के लिए एक केंद्रीय रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (सीआरए) का कार्य भी करता है।

31 मार्च, 2023 तक, 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ई-स्टैंपिंग सेवाएं चालू थी और ई-स्टैंपिंग सेवाओं में वित्त वर्ष 2021-22 में 39,672 करोड़ रु. की तुलना में, वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 53,132 करोड़ रु. की राशि जुटाई गई।

स्टॉकहोल्डिंग डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज (एसडीएमएस) को राष्ट्रीय महत्व की एक प्रतिष्ठित परियोजना मिली है। उसने सहारा सहकारी समितियों के वास्तविक निवेशकों के दावों के प्रसंस्करण के लिए एक सीआरसीएस सहारा रिफंड पोर्टल विकसित किया है। पोर्टल का उद्घाटन माननीय गृह मंत्री द्वारा किया गया।

आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड (आईवीसीएफ), जो आईएफसीआई की एक अन्य सहायक कंपनी है, देश में सामाजिक रूप से पिछड़े समूहों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार की सामाजिक क्षेत्र की पहल को बढ़ावा दे रही है। आईवीसीएफ अनुसूचित जातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-एससी) और पिछड़े वर्गों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-बीसी) का प्रबंधन करता है। ये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की पहल है, जिनके तहत रियायती दरों पर ऋण देकर समाज के चयनित वर्गों में उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाता है। 14 अप्रैल, 2022 को आईवीसीएफ ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और दलित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) के सहयोग से अनुसूचित जाति समुदाय में उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए ''डॉ अंबेडकर यंग एंटरप्रेन्योर लीग'' (एवाईई लीग) नाम से एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में देश भर से 1000 से अधिक अनुसूचित जाति के उद्यमियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए अपने नवीन विचारों को रखने और वीसीएफ-एससी की एक और पहल, अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) के तहत 30 लाख तक की फंडिंग प्राप्त करने के लिए एक मंच तैयार करना था। कार्यक्रम के दौरान, एमएसएमई में एससी उद्यमियों को व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया और कुछ अग्रणी बैंकों/वित्तीय संस्थानों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने एससी उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फंडिंग के अलावा, आईवीसीएफ ने एक मेंटर नेटवर्क को भी बढ़ावा दिया है जो उभरते एससी उद्यमियों को उद्योग विशेषज्ञों/उद्यमियों से जोड़ने में मदद करता है और व्यापार विशेषज्ञों/स्वामियों के डोमेन ज्ञान और अनुभव को युवा एससी उद्यमियों के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अंबेडकर यंग एंटरप्रेन्योर लीग (एवाईई) ने विभिन्न कौशल/अनुभव वाले 90 मेंटर्स को अपने साथ जोड़ा है और लगभग 200 मेंटरशिप सेशन आयोजित किए गए है। आईवीसीएफ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एक अन्य पहल का प्रबंधन भी कर रहा है, जिसका नाम ''सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन वेंचर फंड'' (सेज) है, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों की देखभाल हेतु नवीन विचारों के लिए वित्तीय समर्थन प्रदान करना है। इसके अलावा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय पहल की सफलता को देखते हुए, जनजातीय मामलों के मंत्रालय (एमओटीए) ने आईवीसीएफ को अनुसूचित जनजातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ एंड एसटी) के प्रबंधन का कार्य भी सौंपा है, जो देश में अनुसूचित जनजातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

सभी सहायक कंपनियों के विवरण आईएफसीआई की वेबसाइट www.ifciltd.com पर उपलब्ध हैं।

विभिन्न प्रकार के खतरों के संबंध में, आपकी कंपनी तरलता जोखिम, नकारात्मक सीआरएआर, उच्च एनपीए स्तर और क्रेडिट रेटिंग में गिरावट का सामना कर रही है। आपकी कंपनी अपनी लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए प्रभावी रिकवरी प्रयासों को अपनाकर एनपीए को कम कर रही है। आपकी कंपनी ने अपने राजस्व स्रोतों में विविधता लाने के लिए सलाहकारिता सेवाओं में भी अपना दायरा बढ़ाया है। आपकी कंपनी ने ऊर्जा दक्षता उपायों सहित कई लागत अनुकूलन उपायों को भी अपनाया है।

भारत सरकार आपकी कंपनी की प्रवर्तक है और सबसे बड़ी इक्विटी शेयरधारक भी है, जो सभी हितधारकों को पर्याप्त सुरक्षा का भरोसा प्रदान करती है। भारत सरकार ने आपकी कंपनी में अपनी इक्विटी भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार धन निवेशित किया है। वर्ष 2022-23 के दौरान सरकार ने सितंबर 2022 और मार्च 2023 में क्रमश: 100 करोड़ रु. और 400 करोड़ रु. तक की धनराशि कंपनी को प्रदान की।

3. खंड-वार या उत्पाद-वार प्रदर्शन

आपकी कंपनी का प्राथमिक व्यवसाय वित्तीय सहायता प्रदान करना है और यह एकल खंड रिपोर्टिंग ढांचे के तहत कार्य करती है।

4. दृष्टिकोण*

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 31 मई, 2023 को जारी राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमान में वित्त वर्ष 2022-23 (वर्ष-दर-वर्ष आधार) में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.2% की वृद्धि दर्ज हुई। पिछले वित्त वर्ष में 9.1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1% की जीडीपी वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) दर्ज की गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 4.1% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, विवेकाधीन खर्च में निरंतर सुधार, विशेष रूप से संपर्क गहन सेवाओं में, उपभोक्ताओं के विश्वास की वापसी, कोविड-19 से प्रभावित लगातार दो वर्षों के बाद त्योहारी सीजन में भारी व्यय और पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर से विकास की गति बढ़ी है।

एनएसओ के अनुसार, 2022-23 के दौरान ''व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं'' के क्षेत्र में 14.0% की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज हुई, इसके बाद पिछले वर्ष की तुलना में निर्माण क्षेत्र में 10.0% की वृद्धि हुई। जहां ''वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवा'' क्षेत्र में 7.1% की वृद्धि दर्ज की गई, वहीं विनिर्माण क्षेत्र में 1.3% की वृद्धि दर्ज हुई। 2022-23 में खनन और उत्खनन में 4.6% की वृद्धि हुई और ''बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं'' में 9.0% की वृद्धि दर्ज हुई।

2022-23 में कृषि तथा संबद्ध गतिविधियों में लचीलापन रहा, सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 3.3% की वृद्धि दर्ज की गई। औद्योगिक क्षेत्र में, विनिर्माण गतिविधियों को वैश्विक प्रभाव का सामना करना पड़ा, जबकि बिजली उत्पादन में अच्छी वृद्धि देखी गई, और खनन-गतिविधियों में स्थिरता दर्ज की गई। निर्माण गतिविधियों में निरंतर गति बनी रही, जबकि बुनियादी ढांचे और पूंजीगत सामान के उत्पादन को बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश से लाभ हुआ। दूसरी ओर, उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन मंद रहा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सुधार असंतुलित रहा। खपत के क्षेत्र में असमान सुधार देखा गया, मूल्य-संवेदनशील एंट्री-लेवल कार सेगमेंट में वृद्धि दर, पैसेंजर कारों की वृद्धि की तुलना में सुस्त रही। दोपहिया वाहनों की बिक्री में लगातार गिरावट रही, इसका 40% हिस्सा ग्रामीण भारत में इस्तेमाल होता है। यह ग्रामीण भागों में कम मांग का संकेत है।

** (स्रोत: आरबीआई वार्षिक रिपोर्ट 2022-23, आरबीआई एफएसआर जून 2023, आरबीआई गवर्नर का वक्तव्य 10 अगस्त, 2023, एमओएसपीआई प्रेस विज्ञप्ति)*

2022-23 में वित्तीय बाजारों में अस्थिरता का माहौल रहा, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव तेज हो गया, यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी भी ज्यादा हो गई और वैश्विक विकास दृष्टिकोण खराब हो गया, जिससे निवेशकों की भावनाएं कमजोर हो गईं। हालाँकि, पोर्टफोलियो आउटलो और विदेशी मुद्रा बाजार के दबाव के बावजूद, भारत के इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि देखी गई, जो भारत के विकास में लचीलेपन और निवासी संस्थाओं द्वारा बाजार में बढ़ते निवेश को दर्शाता है। 2022-23 के दौरान मुद्रा बाजार की ब्याज दरें सख्त रहीं, जिससे पॉलिसी रेपो दर में वृद्धि और अधिशेष तरलता की स्थिति में कमी आई। मौद्रिक नीति कार्रवाइयों और मुद्रास्फीति वृद्धि के बदलते दृष्टिकोण के अनुरूप सॉवरेन बांड आमदनी में वृद्धि देखी गई। अमेरिका में कुछ प्रमुख बैंकों के पतन के बाद वित्तीय स्थिरता संबंधी जोखिमों के उभरने और यूरोप में एक प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाता के वित्तीय स्वास्थ्य के बारे में उभरती चिंताओं से कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण वर्ष के अंत में बाजारों में अस्थिरता देखी गई।

कर राजस्व मजबूत बना रहा - सकल कर राजस्व, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और प्रत्यक्ष कर संग्रह के योगदान से बजट अनुमान से 2.9 लाख करोड़ रु. अधिक हो गया। राज्य सरकारों ने 2022-23 के दौरान सकल राजकोषीय घाटा (जीएफडी) सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% तय किया था। अनंतिम खातों से संकेत मिलता है कि राज्य सरकारों का वास्तविक प्रदर्शन बेहतर रहा, खासकर केंद्र सरकार द्वारा अपेक्षा से अधिक कर हस्तांतरण करने और राज्यों के स्वयं के कर राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण ऐसा हुआ।

लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और धीमे वैश्विक व्यापार के बावजूद, भारत का व्यापारिक निर्यात 2022-23 के दौरान 450.4 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के रिकॉर्ड स्तर से 6.7% अधिक है। भारत मोबाइल फोन और खिलौनों जैसे क्षेत्रों में शुद्ध आयातक से निर्यातक बन गया और 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी नीतियों का लाभ उठाते हुए, भारत ने कम समय में रक्षा उपकरणों के निर्यात में 10 गुना वृद्धि दर्ज की। वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में वृद्धि के कारण, सामग्री निर्यात के विपरीत, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं, बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम), और इंजीनियरिंग रिसर्च एंड डिजाइन (ईआर एंड डी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सॉफ्टवेयर सेवाओं से सेवा निर्यात में 27.9% की सशक्त वृद्धि देखी गई। पूंजीगत प्रवाह में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के तहत शुद्ध प्रवाह, हालांकि मजबूत है, 2022-23 के दौरान एक साल पहले के 38.6 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 28.0 अरब अमेरिकी डॉलर कम रहा। भारत की बाहरी कमजोरियों में संभावित वृद्धि से बाजार आशंकाओं को झुठलाते हुए, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद का 2.7% (अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान) रहा, जिसे टिकाऊ कहा जा सकता है। हालांकि यह एक साल पहले यह घाटा 1.1% तक बढ़ गया था। 2022-23 के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 28.9 अरब अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई। जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने 10 अगस्त 2023 को अपने वक्तव्य में कहा: वैश्विक अर्थव्यवस्था को निरंतर बढ़ती मुद्रास्फीति, ऋण के उच्च स्तरों, तंग व अस्थिर वित्तीय स्थितियों, निरंतर भूराजनीतिक तनावों, विखंडन और कठिन मौसमी परिस्थितियों जैसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आईएमएफ द्वारा 2023 में वैश्विक विकास पूर्वानुमान में बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान वर्ष और अगले कुछ वर्षों में वैश्विक विकास ऐतिहासिक मानकों के अनुसार कम रहने की संभावना है। डब्ल्यूटीओ द्वारा 2022 में विश्व व्यापार की मात्रा में वृद्धि 2.7% से घटकर, 2023 में 1.7% होने का अनुमान है।

इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2023-24 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान है, जो पहली तिमाही में 8.0%; दूसरी तिमाही में 6.5%; तीसरी तिमाही में 6.0% और चौथी तिमाही में 5.7% रह सकती है। 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.6% अनुमानित है। जोखिम समान रूप से संतुलित है।

5. जोखिम और चिंताएं

जोखिमों को दूर करने के लिए, आपकी कंपनी ने क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम और परिसंपत्ति-देयता प्रबंधन के लिए एक एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति (आईआरएमपी) बनाई है जो इसके व्यवसाय मॉडल के साथ एकीकृत व्यापक जोखिम प्रबंधन ढांचे का एक भाग है।

बदलते आर्थिक और कारोबारी माहौल को ध्यान में रखते हुए, सामान्य उधार नीति, आईआरएमपी, चलनिधि जोखिम प्रबंधन और आपकी कंपनी की अन्य व्यावसायिक नीतियों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। आईएफसीआई के रिस्क मैनेजमेंट विजन स्टेटमेंट और क्वालिटेटिव रिस्क एपेटाइट स्टेटमेंट्स भी तैयार किए गए है। क्वालिटेटिव रिस्क एपेटाइट विवरण में शामिल मानदंडों का समय-समय पर परीक्षण किया जाता है।

आपकी कंपनी ने विवेकपूर्ण सीमाओं के साथ वास्तविक एक्सपोजर की निगरानी, विभिन्न परिदृष्यों के तहत तनाव परीक्षण, वार्षिक रेटिंग प्रवासन अभ्यास, रेटिंग वितरण, पोर्टफोलियो की गुणवत्ता को उजागर करने वाली पोर्टफोलियो रेटिंग, आंतरिक और बाहरी रेटिंग की मैपिंग से पोर्टफोलियो स्तर के जोखिमों का आकलन किया। आपकी कंपनी नियमित रूप से मौजूदा बाजार, मैक्रो और सूक्ष्म आर्थिक कारकों और लाभप्रदता के आधार पर अपनी बेंचमार्क दरों की निगरानी और उनमें संशोधन करती है।

इंड-एएस कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में, आपकी कंपनी पिछले डेटा के आधार पर अपने क्रेडिट पोर्टफोलियो की रेटिंग ग्रेड-वार डिफॉल्ट की संभाव्यता (पीडी) संख्याओं का अनुमान लगाती है, जबकि एनपीए से नकदी प्रवाह के पिछले इतिहास के आधार पर लॉस गिवन डिफॉल्ट (एलजीडी) संख्याओं की गणना की जाती है। जोखिम घटकों का उपयोग इंड-एएस कार्यान्वयन के भाग के रूप में अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) की गणना के लिए किया जाता है।

कार्यकारी अधिकारियों की जोखिम और परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति (आरएएलएमसीई), मौजूदा नियामक उपाय के आधार पर समय-समय पर गतिशील तरलता स्थिति, संरचनात्मक तरलता अंतराल और ब्याज दर संवेदनशीलता स्थिति का विश्लेषण करती है। इंटीग्रेटेड ट्रेजरी का मिड-ऑफिस फंक्शन जोखिम प्रबंधन प्रणाली को रिपोर्ट करता है और एक स्वतंत्र रिस्क मॉनिटरिंग फंक्शनरी के रूप में काम करता है। परिचालन जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण और प्रणालियां मौजूद है। जिन्हें आंतरिक लेखा-परीक्षा, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, डेटा का रिमोट बैक-अप, आपदा प्रबंधन नीति, आईटी सुरक्षा, भौतिक सुरक्षा और आपकी कंपनी की तथा साथ ही आपकी कंपनी के पास बंधक रखी गई बीमा योग्य संपत्तियों के बीमा के द्वारा समर्थन एवं सहायता मिलती है। इसके अलावा, सीआरएआर, लाभप्रदता और तरलता पर संभावित प्रभाव का आकलन करने के लिए, ऋण पोर्टफोलियो के तनाव परीक्षण और तरलता की स्थिति के मापन के लिए एक मैकेनिज्म भी मौजूद है।

आपकी कंपनी ऋण जोखिम मानकों को मजबूत करने, आपकी कंपनी के ऋण पोर्टफोलियो पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए पोर्टफोलियो की मंजूरी के बाद निगरानी के उद्देश्य से विभिन्न पहलों पर काम करना जारी रखेगी। आपकी कंपनी संगठन के भीतर जोखिम प्रबंधन और जागरूकता के लिए एक मजबूत संस्कृति विकसित करने का भी प्रयास करेगी।

6. आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां, उनकी पर्याप्तता और आंतरिक लेखा-परीक्षा

आपकी कंपनी के पास अपने व्यवसाय और संबद्ध कार्यों के आकार, पैमाने और जटिलता के अनुरूप पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है। आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग द्वारा इन आंतरिक नियंत्रणों की प्रभावशीलता का नियमित आधार पर सत्यापन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2018-19 से, अनुभवी कर्मियों की एक टीम द्वारा आंतरिक लेखा-परीक्षा की जा रही है। निदेशकों की लेखा-परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित कार्यक्षेत्र के आधार पर लेन-देन की गंभीरता और महत्त्व के आधार पर इस तरह के ऑडिट की समयावधि त्रैमासिक से वार्षिक होती है। इसके अलावा, आंतरिक लेखापरीक्षा के अनुरूप आवधिकता के साथ आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) की पर्याप्तता सुनिश्चित करने की कवायद भी आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग द्वारा की जाती है। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की टिप्पणियों के आधार पर, प्रक्रिया मालिकों द्वारा अपने संबंधित क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है जिससे नियंत्रण प्रणाली मजबूत होती है।

आपकी कंपनी 03 फरवरी, 2021 के परिपत्र संख्या DoS. CO. PPG/ SEC.05/ 11.01.005/2020-21 के तहत जारी आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम आधारित आंतरिक ऑडिट (आरबीआईए) के दिशानिर्देशों के आधार पर ऑडिट करती है। सभी गैर-जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी के लिए।

7. मानव संसाधन का विकास, औद्योगिक संबंध मंच, नियुक्त व्यक्तियों की संख्या सहित

पिछले कुछ वर्षों में, आपकी कंपनी ने सलाहकारिता सेवा व्यवसाय में उल्लेखनीय प्रगति की है। सलाहकारिता सेवा व्यवसाय तेजी से आईएफसीआई के व्यवसाय संचालन का मुख्य आधार बनता जा रहा है। इसे स्वीकार करते हुए, आईएफसीआई ने अपने व्यवसाय संचालन में आमूल-चूल बदलाव को करने के लिए अपने मानव संसाधन समूह को फिर से नियोजित करने और विकसित करने के प्रयास किए है।

इस प्रयास में, सलाहकारिता केंद्रित व्यवसाय के लिए आवश्यक क्षमता निर्माण, कौशल, ज्ञान व दृष्टिकोण बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में, 98% कार्यबल को उन क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जो संगठन के लिए प्रासंगिक है। कुल मिलाकर, व्यवहारिक, तकनीकी और कार्यात्मक पहलुओं से जुड़े विषयों पर कुल 2,900 मानव घंटों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

आईएफसीआई ने कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाने और सभी मामलों में उनकी जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए मजबूत एवं कारगर मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। परामर्शी निर्णय लेने के लिए मंच तैयार करने और कार्य वितरण में गति लाने और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए शक्तियों की समीक्षा की गई है। अपेक्षित व्यवहार को परिभाषित करने के लिए संगठन की मूल्य प्रणाली का स्पष्ट उल्लेख किया जा रहा है और इस दिशा में कर्मचारी जवाबदेही संबंधी नीतियों को भी मजबूत किया गया है। महत्वपूर्ण पदों के लिए प्रतिभासम्पन्न अधिकारियों की पहचान करने के लिए और कर्मचारियों की कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पदोन्नति नीति को भी संशोधित किया गया है। इसे संगठन के व्यवसाय संचालन में होने वाले बड़े बदलावों के मद्देनजर संगठन की आवश्यकताओं के अनुकूल और अधिक प्रासंगिक बना दिया गया है।

संगठन ने समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों के आयोजन से कर्मचारी एकजुटता और कर्मचारियों के कल्याण को भी प्राथमिकता दी। इनमें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, 75वां आईएफसीआई स्थापना दिवस समारोह, स्वतंत्रता दिवस समारोह, स्वच्छता अभियान में भागीदारी, दिवाली उत्सव, नव वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह और 10 कि. मी. मैराथन में भागीदारी निभाना जैसी गतिविधियां शामिल रही। महिला कर्मचारियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के लिए सत्र भी आयोजित किए गए।

एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी का कल्याण

आपकी कंपनी अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस संबंध में भारत सरकार की नीतियों का पालन करती है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित विशिष्ट श्रेणियों के लिए आरक्षण और छूट को लागू करने वाले दिशानिर्देशों का आपकी कंपनी द्वारा सख्ती से पालन किया जाता है। इसके अलावा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आपकी कंपनी आरक्षित श्रेणियों से संबंधित

कर्मचारियों को उचित प्रतिनिधित्व देती है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 92% एससी, 100% एसटी, और 78% ओबीसी कर्मचारियों को शामिल किया गया।

31 मार्च, 2023 तक, आपकी कंपनी में 148 नियमित कर्मचारी थे, जिनमें से 21 (14%) अन्य पिछड़े वर्गो से थे, 13 (9%) अनुसूचित जातियों से थे, और 1 (1%) अनुसूचित जनजाति से थे।

01 जनवरी, 2023 को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिनिधित्व के विवरण और पिछले कैलेण्डर वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या दर्शाने वाली वार्षिक विवरण:

क्रम स.	श्रेणियां	कर्मचारियों की संख्या (01.01.2023 की स्थिति अनुसार)					पिछले वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या										
							प्रत्यक्ष भर्ती द्वारा					पदोन्नति द्वारा			प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा		
		कर्मचारियों की कुल संख्या	अ.जा.	अ. ज.जा.	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर	जोड़	अ.जा.	अ. ज.जा.	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर	जोड़	अ.जा.	अ. ज.जा.	जोड़	अ.जा.	अ. ज.जा.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
1	श्रेणी I	152	13	1	22	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2	श्रेणी III	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3	श्रेणी IV	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
4	संविदा पर*	9	-	-	1	-	4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	जोड़	162	13	1	23	0	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

* कैलेंडर वर्ष के दौरान एक संविदा कर्मचारी शामिल हुआ और कार्यमुक्त हो गया।

01 जनवरी, 2023 को विभिन्न श्रेणियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिनिधित्व को दर्शाने वाला वार्षिक विवरण

क्रम स.	श्रेणियां	कर्मचारियों की संख्या (01.01.2023 की स्थिति अनुसार)					पिछले वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या										
							प्रत्यक्ष भर्ती द्वारा					पदोन्नति द्वारा			प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा		
		कर्मचारियों की कुल संख्या	अ.जा.	अ. ज.जा.	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर	जोड़	अ.जा.	अ. ज.जा.	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर	जोड़	अ.जा.	अ. ज.जा.	जोड़	अ.जा.	अ. ज.जा.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
1	कार्यपालक निदेशक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2	एफ	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3	ई	21	1	-	2	-	-	-	-	-	-	-	-				
4	डी	30	2	-	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
5	सी (निजी सचिव ग्रेड सी सहित)	50	5	1	6	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-
6	बी (निजी सचिव ग्रेड बी सहित)	40	4	-	7	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
7	ए	9	1	-	4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
8	श्रेणी III	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
9	श्रेणी IV	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
10	संविदा पर*	9	-	-	1	-	4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	जोड़	162	13	1	23	0	4	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0

*** कैलेंडर वर्ष के दौरान एक संविदा कर्मचारी शामिल हुआ और कार्यमुक्त हो गया।**

दिव्यांग जनों का समूह-वार प्रतिनिधित्व (31.12.2022 तक)

क्रम स.	समूह	कर्मचारियों का स्वरूप (31.12.2022 की स्थिति अनुसार)					कैलेण्डर वर्ष 2022 (अर्थात् 01.01.2022 से 30.12.2022) के दौरान की गई नियुक्तियों/पदोन्नतियों की संख्या																			
							प्रत्यक्ष भर्ती द्वारा नियुक्ति										पदोन्नतियां									
							आरक्षित रिक्तियों की संख्या					की गई नियुक्तियों की संख्या					आरक्षित रिक्तियों की संख्या					की गई नियुक्तियों की संख्या				
		जोड़	वीएच	एचएच	ओएच	आईडी	वीएच	एचएच	ओएच	आईडी	जोड़	वीएच	एचएच	ओएच	आईडी	जोड़	वीएच	एचएच	ओएच	आईडी	जोड़	वीएच	एचएच	ओएच	आईडी	जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27
1	श्रेणी I	1	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2	श्रेणी-III	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3	श्रेणी-IV	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	जोड़	1	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

टिप्पणी: (i) वीएच से अभिप्राय दृष्टि से विकलांग (अंधेपन या दृष्टि कम हो जाने के रोग से पीड़ित व्यक्ति)
(ii) एचएच से अभिप्राय श्रवण की दृष्टि से विकलांग (जिन व्यक्तियों को सुनाई नहीं देता है)
(iii) ओएच से अभिप्राय शारीरिक रूप से विकलांग (चलने की अशक्तता या मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति)
(iv) आईडी से अभिप्राय बौद्धिक अशक्तता

8. प्रमुख वित्तीय अनुपातों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों का विवरण

प्रमुख वित्तीय अनुपातों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों का विवरण निम्नानुसार है:

विवरण	वित्तीय वर्ष 2023	वित्तीय वर्ष 2022	टिप्पणी	महत्वपूर्ण परिवर्तन*
ब्याज कवरेज अनुपात	0.71	-0.93	ब्याज और करों से पूर्व आय/ कुल ब्याज व्यय(कर-पूर्व लाभ + वित्त लागत)/वित्त लागत	जी हाँ(>25%)
चालू अनुपात	1.53	1.33	चालू परिसम्पत्ति/चालू देयता	नही (<25%)
ऋण इक्विटी अनुपात	9.28	15.74	कुल उधार/निवल मूल्य	जी हाँ(>25%)
परिचालन लाभ मार्जिन (%)	-48.57%	-53.93%	परिचालन लाभ /कुल राजस्व (कर-पूर्व लाभ + क्षति)/ कुल राजस्व	जी हाँ(>25%)
निवल लाभ मार्जिन (%)	-58.57%	-265.41%	कुल समग्र आय/ कुल राजस्व	जी हाँ(>25%)
निवल मूल्य पर प्रतिफल	-59.61%	-143.86%	कुल समग्र आय/औसत निवल मूल्य	जी हाँ(>25%)

***स्पष्टीकरण:** अनुपातों में परिवर्तन परिचालन आय में कमी के कारण हुआ, जो ऋणों के समय पूर्व भुगतान और मानक परिसंपत्तियों में परिणामी गिरावट के कारण प्रभावित हुआ। इसके अलावा, चूंकि देनदार टर्नओवर अनुपात या इन्वेंटरी टर्नओवर अनुपात कंपनी (एनबीएफसी) पर लागू नही होते है, इसे उपरोक्त तालिका में शामिल नही किया गया है।

9. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

आईएफसीआई सोशल फाउंडेशन (आईएसएफ)

आईएफसीआई ने हमेशा अपने व्यवसाय को स्वस्थ परम्पराओं के साथ और जिम्मेदारी से संचालित करने का प्रयास किया है। आईएफसीआई में, आर्थिक प्रदर्शन के साथ-साथ, समुदाय और सामाजिक नेतृत्व, इसके समग्र कारोबार विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक रहे है। आईएफसीआई कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहलों को अंगीकार करने वाले पहले संस्थानों में शामिल रहा है और यह 1948 में अपनी स्थापना के बाद से ही सामाजिक रूप से प्रासंगिक गतिविधियों में शामिल रहा है। आज, यह 2014 में स्थापित एक पंजीकृत ट्रस्ट आईएफसीआई सोशल फाउंडेशन (आईएसएफ) के माध्यम से सामाजिक और सामुदायिक विकास के क्षेत्र और अन्य ध्यान दिये योग्य क्षेत्रों में काम कर रहा है। आईएसएफ आईएफसीआई और आईएफसीआई समूह की सीएसआर गतिविधियों के लिए एक शाखा के रूप में कार्य कर रहा है। आईएसएफ ''भारत के प्रमुख सीएसआर संस्थानों में शामिल होना और समावेशिता स्थायी सामाजिक प्रभाव बनाने का प्रयास करना'' की समग्र दृष्टि के साथ समावेशिता, अखंडता, प्रतिबद्धता और उत्साह जैसे मूल्यों के द्वारा संचालित दिशा-निर्देशित रहता है। इसका प्रमुख फोकस शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं तथा लड़कियों के सामाजिक कल्याण पर रहा है।

सीएसआर गतिविधियों से जुड़ने के लिए ''आईएफसीआई सोशल फाउंडेशन'' (आईएसएफ) के नाम से एक ट्रस्ट भी स्थापित किया गया है (एमसीए पंजीकरण संख्या सीएसआर 00005110)। आईएफसीआई और आईएसएफ ने अपनी सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से भारत के लगभग 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया है। ट्रस्ट आयकर अधिनियम की धारा 12ए और 80जी के तहत छूट के लिए पंजीकृत है। ट्रस्ट सीएसआर संशोधन नियम, 2021 के अनुरूप कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ भी पंजीकृत है। आईएसएफ आईएफसीआई और आईएफसीआई समूह कंपनियों की ओर से सीएसआर गतिविधियां करता है। सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट **अनुबंध-I** पर बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

सीएसआर गतिविधियों में निवेश परियोजना आधारित है और प्रत्येक परियोजना के लिए शुरुआत में समय सीमा और आवधिक मील के पत्थर निर्धारित किए जाते है।

चूंकि पिछले तीन वर्षो के लिए आईएफसीआई लिमिटेड का औसत शुद्ध लाभ नकारात्मक था, आईएफसीआई को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सीएसआर गतिविधियों के लिए कोई राशि आवंटित करने की आवश्यकता नहीं थी।

सचेतक कथन

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में कंपनी के उद्देश्यों, अनुमानों और अपेक्षाओं का वर्णन करने वाले कुछ कथन, लागू कानूनों और विनियमों के अर्थ में 'भविष्योन्मुखी' हो सकते है। वास्तविक परिणाम व्यक्त या निहित परिणामों से किसी हद तक भिन्न हो सकते है।

वर्ष के दौरान नियुक्त या इस्तीफा देने वाले निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) का विवरण

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान और इस बोर्ड की रिपोर्ट पर हस्ताक्षर होने की तारीख तक निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों में निम्नलिखित परिवर्तन हुए थे:

क) श्री सुनील कुमार बंसल (डीआईएन: 06922373), उप प्रबंध निदेशक, अपना कार्यकाल पूरा होने पर 13 सितंबर, 2022 से कंपनी के बोर्ड में नहीं रहेंगे।

ख) श्री कनकसाबापति कादिरेसन (डीआईएन: 09551363) इस्तीफे के बाद 02 अक्टूबर, 2022 से कंपनी के बोर्ड में नहीं रहेंगे।

ग) श्री सुरेंद्र बेहरा (डीआईएन: 09784122) और श्री अरविंद कुमार जैन (डीआईएन: 07911109) को 09 नवंबर, 2022 से कंपनी के बोर्ड में नियुक्त किया गया था। उनकी नियुक्तियों को नियमित कर दिया गया और उन्हें रोटेशन के अनुसार सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। 22 दिसंबर, 2022 को आयोजित 29वी एजीएम में शेयरधारकों का प्रस्ताव पारित हुआ।

घ) डॉ. भूषण कुमार सिन्हा (डीआईएन: 08135512) सरकारी निदेशक, भारत सरकार के दिनांक 06 जनवरी, 2023 के आदेश के तहत 06 जनवरी, 2023 से कंपनी के बोर्ड में नहीं रहेंगे।

ङ) सुश्री अनिंदिता सिंहराय (डीआईएन: 07724555), सरकारी निदेशक, भारत सरकार के दिनांक 06 जनवरी, 2023 के आदेश के तहत 06 जनवरी, 2023 से कंपनी के बोर्ड में शामिल नहीं रही।

च) सरकार ने अपने आदेश दिनांक 06 जनवरी, 2023 द्वारा श्री मुकेश कुमार बंसल, संयुक्त सचिव, डीएफएस (डीआईएन: 03359724) को कंपनी के बोर्ड में सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया था। तदनुसार, श्री मुकेश कुमार बंसल, संयुक्त सचिव, डीएफएस को 02 फरवरी, 2023 से आपकी कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

छ) सरकार ने अपने आदेश दिनांक 06 जनवरी, 2023 द्वारा कंपनी के बोर्ड में श्री कार्तिकेय मिश्रा, निदेशक, डीएफएस, (डीआईएन: 06440653) को सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया था। तदनुसार, डीएफएस के निदेशक श्री कार्तिकेय मिश्रा को 02 फरवरी, 2023 से आपकी कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

हम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के संदर्भ में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए सचिवीय ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे है। सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट को निम्नलिखित के साथ पढ़ा जाना चाहिए:

1. सचिवीय रिकॉर्ड का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की दायित्व है। हमारी दायित्व हमारे ऑडिट के आधार पर इन सचिवीय रिकॉर्ड पर अपनी राय व्यक्त करना है।
2. हमने ऐसी लेखा-परीक्षा पद्धतियां और कार्यविधियां अपनाई है, जो सचिवीय रिकार्डो की विषय-वस्तु के सही होने के बारे में उपयुक्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थीं। सत्यापन यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण आधार पर किया गया है कि सचिवीय रिकार्डो में सही तथ्य परिलक्षित हों। हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा अपनाई गई पद्धतियां और कार्यविधियां हमारी राय के लिए एक उपयुक्त आधार उपलब्ध कराती है।
3. हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड और लेखा पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।
4. जहां कहीं अपेक्षित था हमने विधियों, नियमों और विनियमों के अनुपालन तथा घटनाओं के घटित होने आदि के बारे में प्रबंधन की राय ली है।
5. कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक ही सीमित थी।
6. सचिवीय लेखा-परीक्षा रिपोर्ट न तो कम्पनी की भावी व्यवहार्यता और न ही कम्पनी के कार्यो का संचालन करने में प्रबंधन की क्षमता या प्रभावशीलता के प्रति आश्वासन है।
7. हमने ऑडिट के उद्देश्य के लिए कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा (भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक) पर भरोसा किया है और जहां उपयुक्त डेटा उपलब्ध नहीं था, प्रबंधन प्रतिनिधित्व पर भरोसा किया गया था।

कृते डी.ए. कामत एंड कंपनी
कंपनी सचिव

पीआर संख्या: 1714/2022
स्थान: मुंबई
दिनांक: अगस्त 10, 2023

डी.ए. कामत
पार्टनर
एफसीएस 3843
सीपी 4965
यूडीआईएन: एफ008227ई000795816

अनुलग्नक-I: कंपनी पर विशेष रूप से लागू अन्य अधिनियमों की सूची

कंपनी द्वारा प्रदान किये गये अन्य कानूनों की सूची के आधार पर, व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, प्रमुख अधिनियमों की निम्नलिखित सूची कंपनी पर लागू होती है:

1. कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत लागू नियम
2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का संरक्षक) विनियमन, 1996
3. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागी) विनियमन, 2021
4. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अनुसंधान विश्लेषक) विनियमन, 2014
5. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (कॉर्पोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015
6. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मध्यवर्ती) विनियमन, 2008
7. धन-शोधन अर्थात मनी-लॉन्डरिंग निवारण अधिनियम, 2002
8. मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961
9. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965
10. महाराष्ट्र श्रम कल्याण कोष अधिनियम, 1953
11. ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972
12. कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952
13. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013
14. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948
15. दुकान और व्यापारिक प्रतिष्ठान अधिनियम
16. स्टॉक एक्सचेंज द्वारा जारी नियम, विनियम, दिशानिर्देश, अधिसूचनाएं और परिपत्र
17. डिपॉजिटरी द्वारा जारी नियम, विनियम, दिशानिर्देश, अधिसूचनाएं और परिपत्र
18. सेबी इनसाइडर ट्रेडिंग निषेध (विनियम), 2015
19. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999
20. आईएफएससीए (पूंजी बाजार मध्यस्थ) विनियम, 2021
21. आईएफएससीए (बाजार संरचना संस्थान) विनियम 2021
22. सेबी (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) विनियम, 2020
23. सेबी (स्टॉक ब्रोकर्स) विनियम, 1992

अनुबंध-III

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अधीन 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक की टिप्पणियाँ

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई लिमिटेड के वित्तीय विवरण तैयार करना कम्पनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। अधिनियम की धारा 139(5) के अधीन भारत के नियंत्राक एवं महालेखा-परीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए सांविधिक लेखा-परीक्षक, अधिनियम की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित लेखा-परीक्षा के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा-परीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अधीन इन वित्तीय विवरणों के संबंध में अपनी राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी है। यह सूचित किया जाता है कि यह कार्य उनके द्वारा दिनांक 25 मई 2023 की उनकी लेखा-परीक्षा की रिपोर्ट के द्वारा किया जा चुका है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143(6)(ए) के अधीन, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा-परीक्षा कर ली है। यह अनुपूरक लेखा-परीक्षा सांविधिक लेखा-परीक्षकों के कार्यशील दस्तावेजों को प्राप्त किए बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखा-परीक्षकों और कम्पनी के कार्मिकों से पूछताछ और कुछ लेखांकन रिकार्डों की चयनात्मक जांच तक सीमित है।

अपनी अनुपूरक लेखा-परीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम की धारा 143(6)(बी) के अधीन निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहूंगी, जो मेरे ध्यान में आएं है और जिन पर मेरी राय देना अनिवार्य है जिससे कि वित्तीय विवरणों और इससे संबंधित लेखा-परीक्षा रिपोर्ट को बेहतर ढंग से समझा जा सके:

क. लाभदेयता पर टिप्पणियाँ

क.1 परिसंपत्तियां: वित्तीय परिसंपत्तियां

क.1.1 ऋण (नोट 7): 1799.19 करोड़ रु.

ऋण को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है और वर्ष की हानि को 283.43 करोड़ रु. से कम करके दिखाया गया है, जैसा कि नीचे बताया गया है:

(i) उपरोक्त में मेसर्स पायनियर गैस पावर लिमिटेड (पीजीपीएल) पर 434.72 करोड़ रु. का मूल बकाया शामिल है, जो 31 मार्च 2018 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति में बदल गया। आईएफसीआई के पास अन्य ऋणदाताओं सहित पीजीपीएल की परिसंपत्तियों पर पहले पैरी-पासु चार्ज के रूप में प्रतिभूति है। तीन मूल्यांकनकर्ताओं की नवीनतम मूल्यांकन रिपोर्ट (फरवरी 2022) के अनुसार, परियोजना का औसत उचित मूल्य (अप्रचलित मूल्य सहित) 393.44 करोड़ रु. था। कंपनी ने जून 2022 में पूरी संपत्ति की बिक्री के लिए भारतीय स्टेट बैंक की तरह 375 करोड़ रु. के आरक्षित मूल्य के ऋण को मंजूरी दी। लेकिन यह ऋण आगे नहीं बढ़ सका और नए मूल्यांकन की मांग की गई (मई 2023)।

चूंकि प्रतिभूतियों का औसत उचित मूल्य 393.44 करोड़ रु. है, आईएफसीआई की 28.02 प्रतिशत हिस्सेदारी पर विचार करते हुए, अधिकतम संभावित वसूली 110.24 करोड़ रु. (393.44 करोड़ रु. का 28.02 प्रतिशत) है। अत: शेष राशि 324.48 करोड़ रु. (434.72 करोड़ रु. में 110.24 करोड़ रु. घटाकर) को बट्टे खाते में डाला जा सकता था।

324.48 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि का अंकन 91.50 करोड़ रु. कम हुआ है (क्षति हानि भत्ता 232.98 करोड़ रु. के समायोजन के बाद 71.80 प्रतिशत) तथा ऋण भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया।

(ii) कंपनी द्वारा बकाया मूलधन की वसूली के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से संपर्क किये जाने के बारे में

ग्रैन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (जीईपीएल) को दिए गए 135.81 करोड़ रु. के ऋण के संबंध में एनसीएलटी ने परिसमापन प्रक्रिया का आदेश दिया (फरवरी 2021)। तदनुसार, परिसमापन मूल्य 10.37 करोड़ रु. आंका गया। संपत्ति के परिसमापन के बाद कंपनी को 14.79 करोड़ रु. की राशि प्राप्त हुई और उसे ब्याज खाते में समायोजित किया गया। चूंकि भविष्य में किसी प्रकार की वसूली की उम्मीद नहीं है, 135.81 करोड़ रु. के बकाया मूलधन को बट्टे खाते में डाला जा सकता था।

135.81 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि 38.30 करोड़ रु. कम बतायी गई (क्षति हानि भत्ता 97.51 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण भी उतनी ही राशि से अधिक दिखाया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या अ.1 (ii) में उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(iii) उपरोक्त में 31 मार्च 2023 तक मधुकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमआईएल) पर 151.50 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है।

कंपनी ने अपने पास उपलब्ध प्रतिभूतियों के आधार पर अधिकतम वसूली योग्य राशि की गणना 31.43 करोड़ रु. की है और तदनुसार 70 करोड़ रु. के एक-मुश्त सेटलमेंट (ओटीएस) के लिए सहमति दी (जनवरी 2020), जिसका एमआईएल द्वारा पालन नहीं किया गया। इसलिए, कंपनी ने ओटीएस रद्द कर दिया (दिसंबर 2020)। एमआईएल द्वारा 51 करोड़ रु. (ब्याज के 3 करोड़ रु. सहित) का एक नया ओटीएस प्रस्ताव (26 अगस्त 2022) प्रस्तुत किया गया। तदनुसार, कुल बकाया 151.50 करोड़ रु. के विरूद्ध अधिकतम संभावित वसूली केवल 51 करोड़ रु. है। इसलिए, 100.50 करोड़ रु. (151.50 करोड़ रु. 51 करोड़ रु. घटाकर) की शेष राशि को माफ किया जा सकता था।

100.50 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने से हानि को 28.34 करोड़ रु. कम दिखाया गया है (क्षति हानि भत्ता 72.16 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक दिखाया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमश: टिप्पणी संख्या अ.1 (i) और अ.1 (v) में इसका उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(iv) 8 जून 2021 को स्वीकृत एनसीएलटी के निर्णय और रिजॉलूशन योजना के अनुसार, वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वीआईएल) पर आईएफसीआई का दावा (1.03 प्रतिशत), 382.21 करोड़ रु. के बकाया के मुकाबले अधिकतम 70.31 करोड़ रु. तक सीमित था। इसके अलावा, प्रबंधन के अनुसार, सावधि जमाओं में 125 करोड़ रु. की राशि को लेनदारों में वितरित नहीं किया गया और 302 करोड़ रु. की राशि को 'सुरक्षित दावों के बजाय असुरक्षित दावों' के तहत गलत वर्गीकृत किया गया। इसे कंपनी के पक्ष में मानते हुए अधिकतम अतिरिक्त वसूली 4.40 करोड़ रु. (427 करोड़ रु. का 1.03 प्रतिशत) आंकी गई। इस प्रकार, 382.21 करोड़ रु. की बकाया राशि में से वीआईएल से अधिकतम वसूली 74.71 करोड़ रु. (70.31 करोड़ रु. जमा 4.40 करोड़ रु) हुई। इसलिए 307.50 करोड़ रु. (382.21 करोड़ रु. घटा 74.71 करोड़ रु.) को माफ किया जा सकता था।

307.50 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 86.71 करोड़ रु. कम बताया गया और ऋण को भी (क्षति हानि भत्ता 220.79 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) उतनी ही राशि से अधिक बताया गया।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (iii) और क.1 (i) में उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(v) उपरोक्त में लिज ट्रेडर्स एंड एजेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एलटीएपीएल) पर 90.94 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। एलटीएपीएल द्वारा डिफॉल्ट किये जाने के कारण, रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) के समक्ष मामला रखा गया। आरपी ने बताया कि कॉर्पोरेट देनदार के पास प्रतिभूतियों और वित्तीय संपत्तियों के अलावा कोई संपत्ति नहीं है और उसने पिछले 3-4 वर्षों से कोई व्यवसाय नहीं किया गया है। यह पाया गया कि आईएफसीआई के पास केवल कोल्लम, केरल स्थित ऐ संपत्ति का विशेष प्रभार है, जिसका उचित मूल्य केवल 32.69 करोड़ रु. है। चूंकि कंपनी के पास कोई अन्य सिक्योरिटी उपलब्ध नहीं है, इसलिए 58.25 करोड़ रु. (90.94 करोड़ रु. घटा 32.69 करोड़ रु.) की शेष राशि माफ की जा सकती थी।

58.25 करोड़ रु. की शेष राशि को माफ नहीं करने से हानि 16.43 करोड़ रु. से कम दिखायी गई है और (क्षति हानि भत्ते 41.82 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क.1 (vii) में वर्णित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(vi) उपरोक्त में आर्कोटेक लिमिटेड पर 59.21 करोड़ रु. का मूल बकाया शामिल है। कंपनी द्वारा डिफॉल्ट किये जाने के कारण, आईएफसीआई ने बकाया राशि की वसूली के लिए दिवालिया याचिका दायर की (अप्रैल 2019)। हालाँकि, कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में प्राथमिकता शुल्क कम करने के कारण, आईएफसीआई ने दिवाला याचिका को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया और एनसीएलटी से इसे वापस (अगस्त 2022) ले लिया। आईएफसीआई के पास बावल (हरियाणा) में 83.70 करोड़ रु. (मार्च 2022) के संकटकालीन बिक्री मूल्य वाली संपत्ति पर अकेला पहला प्रभार है और कंपनी ने 15 मार्च 2022 को इसका कब्जा ले लिया। हालांकि, संपत्ति की बिक्री के लिए आईएफसीआई के प्रयास आगे नहीं बढ़े है, क्योंकि कामकाज जारी है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पूंजी ऋणदाताओं ने सलाह दी कि वे सरफेसी अधिनियम के तहत नीलामी का समर्थन नहीं करते है। इसलिए, इसे तब तक आगे नहीं बढ़ाया जा सकता जब तक कि न्यूनतम 60 प्रतिशत ऋणदाता सरफेसी अधिनियम की धारा 139(9) के तहत सहमति न प्राप्त हो, जबकि आईएफसीआई के पास केवल 14.33 प्रतिशत मतदान अधिकार है। आईएफसीआई को ग्लिक्स सिक्योरिटीज प्रा. लि.[1] से नया प्रस्ताव (16 दिसंबर 2022) प्राप्त हुआ है। जिसमें आईएफसीआई का हिस्सा 41.64 करोड़ रु. का है जो पीएनबी (अग्रणी बैंक) के अनुमोदन के अधीन है। आईएफसीआई को 1.58 करोड़ रु. प्राप्त हुए हैं और निपटान राशि के अग्रिम हिस्से के शेष 0.50 करोड़ रु. (41.64 करोड़ रु. का 5 प्रतिशत) की प्रतीक्षा है।

चूंकि कुल बकाया 59.21 करोड़ रु. के विरुद्ध वसूली की अधिकतम संभावना केवल 41.64 करोड़ रु. है, शेष राशि 17.57 करोड़ रु. (59.21 करोड़ रु. घटा 41.64 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

17.57 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 4.95 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ते 12.62 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

(vii) उपरोक्त में 31 मार्च 2023 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) परियोजना को लागू करने के लिए आईएल एंड एफएस समूह के तहत गठित एक एसपीवी, खेडसिन्नार एक्सप्रेसवे लिमिटेड (केएसईएल) पर 14.10 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। इस परियोजना को एनएचएआई द्वारा समाप्त कर दिया गया था। आईएल एंड एफएस समूह ने एनसीएलटी में रिजॉलूशन योजना दायर की थी जिसे मार्च 2020 में मंजूरी दे दी गई थी। एनएचएआई ने केएसईएल के परियोजना खातों में समापन राशि का भुगतान (जून 2022) किया था और आईएफसीआई को 64.11 करोड़ रु. का अपना हिस्सा (31 मार्च 2023) प्राप्त हुआ और इसे उसी में समायोजित किया गया। चूंकि आगे कोई वसूली अपेक्षित नहीं है, इसलिए 14.10 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

14.10 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 3.98 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 10.12 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (क) और क.1 (viii) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(viii) उपरोक्त में उत्तम गैल्वा मेटालिक्स लिमिटेड (यूजीएमएल) पर 126.57 करोड़ रु. का मूल बकाया राशि शामिल है। यह ऋण वडोदरा स्थित 24.44 एकड़ भूमि (मूल्य 135.63 करोड़ रु.), मेसर्स टेन्साइल स्टील लिमिटेड (भूमि मालिक) की कॉर्पोरेट गारंटी और प्रमोटरों (उत्तम समूह) की व्यक्तिगत गारंटी के विशेष बंधक से सुरक्षित किया गया था। उत्तम ग्रुप ने (नवंबर 2016) पीएचसी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड (पीबीपीएल) को बंधक भूमि के सह-उधारकर्ता और डेवलपर के तौर पर शामिल किया। चूंकि इस्पात क्षेत्र गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा था, पूरा यूजीएमएल और उत्तम समूह लिक्विडिटी संकट में फंस गया और यह खाता गैर-निष्पादित परिसंपत्ति में बदल गया (जून 2018)।

---

[1] *ग्लिक्स सिक्योरिटीज प्रा. लिमिटेड संकटग्रस्त संपत्तियों में निवेश करता है और उसने आर्कोटेक लिमिटेड की पहचान की और आईएफसीआई को इसका प्रस्ताव दिया है।*

यूजीएमएल को एनसीएलटी में शामिल किया गया (जुलाई 2018) और अनुमोदित रिजॉलूशन योजना दिसंबर 2020 में लागू की गई। योजना के अनुसार, आईएफसीआई को 11.67 करोड़ रु. की अग्रिम राशि, 28.81 करोड़ रु. के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी), 11.37 करोड़ रु. के प्राप्तियोग्य असाइनमेंट और 0.13 करोड़ रु. के डिबेंचर प्राप्त हुए, जिन्हें तब से इक्विटी शेयरों में बदल दिया गया है। आईएफसीआई भी सरफेसी अधिनियम के तहत वसूली के उपाय कर रहा है, हालांकि, सिविल कोर्ट, वडोदरा द्वारा दिए गए यथास्थिति निर्देश (जुलाई 2019) के कारण यह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद, पीबीपीएल ने 15 महीने की अवधि में देय 80 करोड़ रु. के समझौता निपटान के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया (सितंबर 2022)। 24.01 करोड़ रु. (28.81 करोड़ रु. में से) मूल्य के एनसीडी आईएफसीआई की खाता-बहियों में बने रहेंगे और यूजीएमएल के नए प्रबंधन (इवोइन्थमेटलिक्स लिमिटेड) द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव को क्रेडिट एवं संचालन समिति की सिफारिश पर निदेशकों की कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित (01 मई 2023) कर दिया गया।

चूंकि कुल बकाया 102.56 करोड़ रु. में से वसूली की अधिकतम संभावना केवल 80 करोड़ रु. है, शेष राशि 22.56 करोड़ रु. (102.56 करोड़ रु. घटा 80 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

22.56 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 6.36 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 16.20 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

(ix) उपरोक्त में सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर 75.90 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। रिकॉर्ड के अनुसार, सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड से संबंधित रिजॉलूशन योजना समाप्त हो गई थी और मामला परिसमापन में चला गया था। परिसमापन मूल्य 234 करोड़ रु. आंका गया और परिसमापन के मामले में आईएफसीआई का हिस्सा केवल 0.17 करोड़ रु. है। इसके अलावा, आईएफसीआई का 51.39 करोड़ रु. मूल्य की प्रतिभूतियों[2] पर प्रभार है। चूँकि कुल बकाया 75.90 करोड़ रु. में से अधिकतम संभावित वसूली 51.56 करोड़ रु. (0.17 करोड़ रु. जमा 51.39 करोड़ रु.) है, बकाया राशि 24.34 करोड़ रु. (75.90 करोड़ रु. घटा 51.56 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

24.34 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डाले जाने के परिणामस्वरूप हानि को 6.86 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 17.48 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (iv) और क.1 (vi) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

क.1.2 निवेश (नोट संख्या 8): 1018.97 करोड़ रु.

(क) उपरोक्त में एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) के इक्विटी शेयरों में 208.10 करोड़ रु. (26.96 रु. प्रति शेयर की दर से 7,71,89,796 शेयर) का निवेश शामिल है। 31 दिसंबर 2019 के मूल्यांकन के आधार पर प्रति शेयर मूल्य 26.96 रु. लिया गया है। हालांकि, 31 मार्च 2022 तक एचएमईएल की अंकेक्षित बैलेंस शीट के आधार पर नवीनतम मूल्यांकन[3] के अनुसार, प्रति शेयर उचित मूल्य 13.64 रु. है। तदनुसार, एचएमईएल के इक्विटी शेयरों में निवेश का मूल्य 105.29 करोड़ रु. (7,71,89,796* रु.13.64) होना चाहिए।

नवीनतम उपलब्ध प्रति शेयर मूल्यांकन पर विचार न करने के परिणामस्वरूप निवेश को अधिक बताया गया और हानि को 102.81 करोड़ रु. (208.10 करोड़ रु. घटा 105.29 करोड़ रु.) से कम बताया गया।

(ख) लेखों पर दिये गये नोटों के नोट सं. 52 (ब) का संदर्भ आमंत्रित किया जाए, जिसमें कहा गया है कि, ''संबंधित परिचालन विभाग वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए आवश्यक वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों का मूल्यांकन बाहरी या आंतरिक रूप से हर तिमाही रिपोर्टिंग अवधि में करते है।'' लेकिन 14 मामलों में, निवेश मूल्य 166.61 करोड़ रु. दिखाया गया था। यह पिछली तिथि[4] पर किये गये उचित मूल्यांकन पर आधारित था, न कि रिपोर्टिंग तिथि अर्थात 31 मार्च 2023 पर। इसके अलावा, लेखों पर दिये गये नोटों में भी इस आशय का कोई खुलासा नहीं किया गया।

31 मार्च 2023 को उचित मूल्य का उल्लेख न किये जाने के कारण कंपनी की वित्तीय स्थिति पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क.2 और क.1.2(ii) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

क.1.3 अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां (नोट संख्या 9): 33.87 करोड़ रु.

उपरोक्त में जमा किये गये सेवा कर की 4.71 करोड़ रु. शामिल है, जो विरोध के कारण वसूली-योग्य सेवा कर के रूप में दर्शाए गई है। हालाँकि, सबका विश्वास (विरासत विवाद समाधान) योजना 2019 के तहत आवेदन दाखिल करते समय सेवा कर बकाया के 4.71 करोड़ रु. में से 4.53 करोड़ रु. (3.86 करोड़ रु. जमा 0.67 करोड़ रु.) की राशि को कंपनी द्वारा पहले ही समायोजित किया जा चुका है (दिसंबर 2019)। इसलिए, इसे उलट दिया जाना था। सेवा कर जमा को वापस न करने के परिणामस्वरूप अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों को अधिक बताया गया और हानि को 4.53 करोड़ रु. कम दिखाया गया।

---

[2] *पटना में 12.7 एकड़ भू-खण्ड: 27.04 करोड़ रु.; मेसर्स मोकामामुंगेर हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड इक्विटी शेयर: 5.90 करोड़ रु.; मेसर्स मोकामामुंगेर हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड प्रिफेरेंस शेयर: 7.50 करोड़ रु.; और मेसर्स नॉर्थ बिहार हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड इक्विटी शेयर: 10.95 करोड़ रु.।*

[3] *31 मार्च 2023 तक मूल्यांकन उपलब्ध नहीं*

[4] *आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल टेक कंसल्टेंसी लिमिटेड (मार्च 2022), बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (मार्च 2022), क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (दिसंबर 2022), गुजरात इंडस्ट्रियल एंड टेक्निकल कंसल्टेंसी ऑर्गनाइजेशन लिमिटेड (मार्च 2022), आईटीसीओटी कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज लिमिटेड (मार्च) 2022), नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्च 2022), एसबीआई डीएचएफएल लिमिटेड (दिसंबर 2022), एसटीसीआई फाइनेंस लिमिटेड (सितंबर 2022), यूपी इंडस्ट्रियल एंड कंसल्टेंट लिमिटेड (मार्च 2022), वेबकॉन कंसल्टिंग (इंडिया) लिमिटेड (मार्च 2021), रेवेंट प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड (दिसंबर 2021), रेवेंटमेटलकास्ट लिमिटेड (फरवरी 2022), ईएसएल स्टील लिमिटेड (मार्च 2022) और श्री शक्ति रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड (मार्च 2021)।*

ख. लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ

स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट दिनांक 25 मई 2023

कंपनी (लेखा-परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 के खंड 3(vii)(ब) के अनुसार लेखा-परीक्षक को रिपोर्ट में माल व सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारियों का राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर सहित वैधानिक बकाया, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और कोई अन्य वैधानिक बकाया, जो किसी भी विवाद के कारण जमा नहीं किये गये है, और उस फोरम का नाम, जहां विवाद लंबित है, जैसे विवरण देने आवश्यक है।

कंपनी के पास विभिन्न फोरमों जैसे आयकर आयुक्त (अपील), आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण और उच्च न्यायालय के समक्ष 10 आयकर अपीलें लंबित है। लेकिन स्वतंत्र लेखा-परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित केवल तीन मामलों को शामिल किया है और आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण और उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों को शामिल नहीं किया है। इसके अलावा, कंपनी पर 'विवाद से विश्वास' योजना के तहत आकलन वर्ष 2009-10 और 2013-14 से 2016-17 तक की 8.15 करोड़ रु. की आयकर मांग बकाया है, जिसे लेखा-परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में शामिल नहीं किया है। इस प्रकार, स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट सीएआरओ 2020 के उपर्युक्त खंड के गैर-अनुपालन के अलावा उपरोक्त सीमा तक अपर्याप्त है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक के
लिए और उनकी ओर से

(एस. अहलादिनी पांडा)
प्रधान निदेशक लेखा-परीक्षा
(उद्योग एवं कॉरपोरेट मामले) नई दिल्ली

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 04.09.2023

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6)(बी), के अधीन 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक की टिप्पणियाँ

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई लिमिटेड के वित्तीय विवरण तैयार करना कम्पनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। अधिनियम की धारा 139(5) के अधीन भारत के नियंत्राक एवं महालेखा-परीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए सांविधिक लेखा-परीक्षक, अधिनियम की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित लेखा-परीक्षा के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा-परीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अधीन इन वित्तीय विवरणों के संबंध में अपनी राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी है। यह सूचित किया जाता है कि यह कार्य उनके द्वारा दिनांक 25 मई 2023 की उनकी लेखा-परीक्षा की रिपोर्ट के द्वारा किया जा चुका है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6)(ए), के अधीन, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा-परीक्षा कर ली है। हमने आईएफसीआई लिमिटेड(कम्पनी) और अनुबन्ध-क में उल्लिखित सहायक कम्पनियों के वित्तीय विवरण की अनुपूरक लेखा-परीक्षा की है, परन्तु उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आईएफसीआई फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड(सहायक कम्पनी) की पूरक लेखा-परीक्षा नहीं की है। यह अनुपूरक लेखा-परीक्षा सांविधिक लेखा-परीक्षकों के कार्यशील दस्तावेजों को प्राप्त किए बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखा-परीक्षकों और कम्पनी के कार्मिकों से पूछताछ और कुछ लेखांकन रिकार्डों की चयनात्मक जांच तक सीमित है।

अपनी अनुपूरक लेखा-परीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6)(बी) के अधीन निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहूंगी, जो मेरे ध्यान में आएं है और जिन पर मेरी राय देना अनिवार्य है जिससे कि वित्तीय विवरणों और इससे संबंधित लेखा-परीक्षा रिपोर्ट को बेहतर ढंग से समझा जा सके:

क. समेकित लाभदेयता पर टिप्पणियाँ

क.1 परिसंपत्तियां: वित्तीय परिसंपत्तियां

क.1.1 ऋण (नोट 7) - 1907.98 करोड़ रु.

ऋण को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है और वर्ष की हानि को 283.43 करोड़ रु. से कम करके दिखाया गया है, जैसा कि नीचे बताया गया है:

(i) उपरोक्त में मेसर्स पायनियर गैस पावर लिमिटेड (पीजीपीएल) पर 434.72 करोड़ रु. का मूल बकाया शामिल है, जो 31 मार्च 2018 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति में बदल गया। आईएफसीआई के पास अन्य ऋणदाताओं सहित पीजीपीएल की परिसंपत्तियों पर पहले पैरी-पासु चार्ज के रूप में प्रतिभूति है। तीन मूल्यांकनकर्ताओं की नवीनतम मूल्यांकन रिपोर्ट (फरवरी 2022) के अनुसार, परियोजना का औसत उचित मूल्य (अप्रचलित मूल्य सहित) 393.44 करोड़ रु. था। कंपनी ने जून 2022 में पूरी संपत्ति की बिक्री के लिए भारतीय स्टेट बैंक की तरह 375 करोड़ रु. के आरक्षित मूल्य के ऋण को मंजूरी दी। लेकिन यह ऋण आगे नहीं बढ़ सका और नए मूल्यांकन की मांग की गई (मई 2023)।

चूंकि प्रतिभूतियों का औसत उचित मूल्य 393.44 करोड़ रु. है, आईएफसीआई की 28.02 प्रतिशत हिस्सेदारी पर विचार करते हुए, अधिकतम संभावित वसूली 110.24 करोड़ रु. (393.44 करोड़ रु. का 28.02 प्रतिशत) है। अत: शेष राशि 324.48 करोड़ रु. (434.72 करोड़ रु. में 110.24 करोड़ रु. घटाकर) को बट्टे खाते में डाला जाना था।

324.48 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि का अंकन 91.50 करोड़ रु. कम हुआ है (क्षति हानि भत्ता 232.98 करोड़ रु. के समायोजन के बाद (71.80 प्रतिशत) तथा ऋण भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया।

(ii) कंपनी द्वारा बकाया मूलधन की वसूली के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से संपर्क किये जाने पर ग्रैन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (जीईपीएल) को दिए गए 135.81 करोड़ रु. के ऋण के संबंध में एनसीएलटी ने परिसमापन प्रक्रिया का आदेश दिया (फरवरी 2021)। तदनुसार, परिसमापन मूल्य 10.37 करोड़ रु. आंका गया। संपत्ति के परिसमापन के बाद कंपनी को 14.79 करोड़ रु. की राशि प्राप्त हुई और उसे ब्याज खाते में समायोजित किया गया। चूंकि भविष्य में किसी प्रकार की वसूली की उम्मीद नहीं है, 135.81 करोड़ रु. के बकाया मूलधन को बट्टे खाते में डाला जाना था।

135.81 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि 38.30 करोड़ रु. कम बतायी गई (क्षति हानि भत्ता 97.51 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण भी उतनी ही राशि से अधिक दिखाया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क.1 (ii) में उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(iii) उपरोक्त में 31 मार्च 2023 तक मधुकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमआईएल) पर 151.50 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है।

कंपनी ने अपने पास उपलब्ध प्रतिभूतियों के आधार पर अधिकतम वसूली योग्य राशि की गणना 31.43 करोड़ रु. की है और तदनुसार 70 करोड़ रु. के एक-मुश्त सेटलमेंट (ओटीएस) के लिए सहमति दी (जनवरी 2020), जिसका एमआईएल द्वारा पालन नहीं किया गया। इसलिए, कंपनी ने ओटीएस रद्द कर दिया (दिसंबर 2020)। एमआईएल द्वारा 51 करोड़ रु. (ब्याज के 3 करोड़ रु. सहित) का एक नया ओटीएस प्रस्ताव (26 अगस्त 2022) प्रस्तुत किया गया। तदनुसार, कुल बकाया 151.50 करोड़ रु. के विरूद्ध अधिकतम संभावित वसूली केवल 51 करोड़ रु. है। इसलिए, 100.50 करोड़ रु. (151.50 करोड़ रु. 51 करोड़ रु. घटाकर) की शेष राशि को माफ किया जा सकता था।

100.50 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने से हानि को 28.34 करोड़ रु. कम दिखाया गया है (क्षति हानि भत्ता 72.16 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक दिखाया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमश: टिप्पणी संख्या क.1 (i) और क.1 (v) में इसका उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(iv) 8 जून 2021 को स्वीकृत एनसीएलटी के निर्णय और रिजॉलूशन योजना के अनुसार, वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वीआईएल) पर आईएफसीआई का दावा (1.03 प्रतिशत), 382.21 करोड़ रु. के बकाया के मुकाबले अधिकतम 70.31 करोड़ रु. तक सीमित था। इसके अलावा, प्रबंधन के अनुसार, सावधि जमाओं में 125 करोड़ रु. की राशि को लेनदारों में वितरित नहीं किया गया और 302 करोड़ रु. की राशि को 'सुरक्षित दावों के बजाय असुरक्षित दावों' के तहत गलत वर्गीकृत किया गया। इसे कंपनी के पक्ष में मानते हुए अधिकतम अतिरिक्त वसूली 4.40 करोड़ रु. (427 करोड़ रु. का 1.03 प्रतिशत) आंकी गई। इस प्रकार, 382.21 करोड़ रु. की बकाया राशि में से वीआईएल से अधिकतम वसूली 74.71 करोड़ रु. (70.31 करोड़ रु. जमा 4.40 करोड़ रु) हुई। इसलिए 307.50 करोड़ रु. (382.21 करोड़ रु. घटा 74.71 करोड़ रु.) को माफ किया जा सकता था।

307.50 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 86.71 करोड़ रु. कम बताया गया और ऋण को भी (क्षति हानि भत्ता 220.79 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) उतनी ही राशि से अधिक बताया गया।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (iii) और क.1 (i) में उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(v) उपरोक्त में लिज ट्रेडर्स एंड एजेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एलटीएपीएल) पर 90.94 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। एलटीएपीएल द्वारा डिफॉल्ट किये जाने के कारण, रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) के समक्ष मामला रखा गया। आरपी ने बताया कि कॉर्पोरेट देनदार के पास प्रतिभूतियों और वित्तीय संपत्तियों के अलावा कोई संपत्ति नहीं है और उसने पिछले 3-4 वर्षों से कोई व्यवसाय नहीं किया गया है। यह पाया गया कि आईएफसीआई के पास केवल कोल्लम, केरल स्थित ऐ संपत्ति का विशेष प्रभार है, जिसका उचित मूल्य केवल 32.69 करोड़ रु. है। चूंकि कंपनी के पास कोई अन्य सिक्योरिटी उपलब्ध नहीं है, इसलिए 58.25 करोड़ रु. (90.94 करोड़ रु. घटा 32.69 करोड़ रु.) की शेष राशि माफ की जानी थी।

58.25 करोड़ रु. की शेष राशि को माफ नहीं करने से हानि 16.43 करोड़ रु. से कम दिखायी गई है और (क्षति हानि भत्ते 41.82 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क.1 (vii) में वर्णित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(vi) उपरोक्त में आर्कोटेक लिमिटेड पर 59.21 करोड़ रु. का मूल बकाया शामिल है। कंपनी द्वारा डिफॉल्ट किये जाने के कारण, आईएफसीआई ने बकाया राशि की वसूली के लिए दिवालिया याचिका दायर की (अप्रैल 2019)। हालाँकि, कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में प्राथमिकता शुल्क कम करने के कारण, आईएफसीआई ने दिवाला याचिका को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया और एनसीएलटी से इसे वापस (अगस्त 2022) ले लिया। आईएफसीआई के पास बावल (हरियाणा) में 83.70 करोड़ रु. (मार्च 2022) के संकटकालीन बिक्री मूल्य वाली संपत्ति पर अकेला पहला प्रभार है और कंपनी ने 15 मार्च 2022 को इसका कब्जा ले लिया। हालांकि, संपत्ति की बिक्री के लिए आईएफसीआई के प्रयास आगे नहीं बढ़े है, क्योंकि कामकाज जारी है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पूंजी ऋणदाताओं ने सलाह दी कि वे सरफेसी अधिनियम के तहत नीलामी का समर्थन नहीं करते है। इसलिए, इसे तब तक आगे नहीं बढ़ाया जा सकता जब तक कि न्यूनतम 60 प्रतिशत ऋणदाता सरफेसी अधिनियम की धारा 139(9) के तहत सहमति न प्राप्त हो, जबकि आईएफसीआई के पास केवल 14.33 प्रतिशत मतदान अधिकार है। आईएफसीआई को ग्लिक्स सिक्योरिटीज प्रा. लि.[1] से नया प्रस्ताव (16 दिसंबर 2022) प्राप्त हुआ है। जिसमें आईएफसीआई का हिस्सा 41.64 करोड़ रु. का है जो पीएनबी (अग्रणी बैंक) के अनुमोदन के अधीन है। आईएफसीआई को 1.58 करोड़ रु. प्राप्त हुए हैं और निपटान राशि के अग्रिम हिस्से के शेष 0.50 करोड़ रु. (41.64 करोड़ रु. का 5 प्रतिशत) की प्रतीक्षा है।

चूंकि कुल बकाया 59.21 करोड़ रु. के विरुद्ध वसूली की अधिकतम संभावना केवल 41.64 करोड़ रु. है, शेष राशि 17.57 करोड़ रु. (59.21 करोड़ रु. घटा 41.64 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

17.57 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 4.95 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ते 12.62 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

(vii) उपरोक्त में 31 मार्च 2023 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) परियोजना को लागू करने के लिए आईएल एंड एफएस समूह के तहत गठित एक एसपीवी, खेडसिन्नार एक्सप्रेसवे लिमिटेड (केएसईएल) पर 14.10 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। इस परियोजना को एनएचएआई द्वारा समाप्त कर दिया गया था। आईएल एंड एफएस समूह ने एनसीएलटी में रिजॉलूशन योजना दायर की थी जिसे मार्च 2020 में मंजूरी दे दी गई थी। एनएचएआई ने केएसईएल के परियोजना खातों में समापन राशि का भुगतान (जून 2022) किया था और आईएफसीआई को 64.11 करोड़ रु. का अपना हिस्सा (31 मार्च 2023) प्राप्त हुआ और इसे उसी में समायोजित किया गया। चूंकि आगे कोई वसूली अपेक्षित नहीं है, इसलिए 14.10 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

14.10 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 3.98 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 10.12 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (v) और क.1 (viii) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(viii) उपरोक्त में उत्तम गैल्वा मेटालिक्स लिमिटेड (यूजीएमएल) पर 126.57 करोड़ रु. का मूल बकाया राशि शामिल है। यह ऋण वडोदरा स्थित 24.44 एकड़ भूमि (मूल्य 135.63 करोड़ रु.), मेसर्स टेन्साइल स्टील लिमिटेड (भूमि मालिक) की कॉर्पोरेट गारंटी और प्रमोटरों (उत्तम समूह) की व्यक्तिगत गारंटी के विशेष बंधक से सुरक्षित किया गया था। उत्तम ग्रुप ने (नवंबर 2016) पीएचसी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड (पीबीपीएल) को बंधक भूमि के सह-उधारकर्ता और डेवलपर के तौर पर शामिल किया। चूंकि इस्पात क्षेत्र गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा था, पूरा यूजीएमएल और उत्तम समूह लिक्विडिटी संकट में फंस गया और यह खाता गैर-निष्पादित परिसंपत्ति में बदल गया (जून 2018)।

[1] ग्लिक्स सिक्योरिटीज प्रा. लिमिटेड संकटग्रस्त संपत्तियों में निवेश करता है और उसने आर्कोटेक लिमिटेड की पहचान की और आईएफसीआई को इसका प्रस्ताव दिया है।

यूजीएमएल को एनसीएलटी में शामिल किया गया (जुलाई 2018) और अनुमोदित रिजॉलूशन योजना दिसंबर 2020 में लागू की गई। योजना के अनुसार, आईएफसीआई को 11.67 करोड़ रु. की अग्रिम राशि, 28.81 करोड़ रु. के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी), 11.37 करोड़ रु. के प्राप्तियोग्य असाइनमेंट और 0.13 करोड़ रु. के डिबेंचर प्राप्त हुए, जिन्हें तब से इक्विटी शेयरों में बदल दिया गया है। आईएफसीआई भी सरफेसी अधिनियम के तहत वसूली के उपाय कर रहा है, हालांकि, सिविल कोर्ट, वडोदरा द्वारा दिए गए यथास्थिति निर्देश (जुलाई 2019) के कारण यह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद, पीबीपीएल ने 15 महीने की अवधि में देय 80 करोड़ रु. के समझौता निपटान के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया (सितंबर 2022)। 24.01 करोड़ रु. (28.81 करोड़ रु. में से) मूल्य के एनसीडी आईएफसीआई की खाता-बहियों में बने रहेंगे और यूजीएमएल के नए प्रबंधन (इवोइन्थमेटलिक्स लिमिटेड) द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव को क्रेडिट एवं संचालन समिति की सिफारिश पर निदेशकों की कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित (01 मई 2023) कर दिया गया।

चूंकि कुल बकाया 102.56 करोड़ रु. में से वसूली की अधिकतम संभावना केवल 80 करोड़ रु. है, शेष राशि 22.56 करोड़ रु. (102.56 करोड़ रु. घटा 80 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

22.56 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 6.36 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 16.20 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

(ix) उपरोक्त में सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर 75.90 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। रिकॉर्ड के अनुसार, सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड से संबंधित रिजॉलूशन योजना समाप्त हो गई थी और मामला परिसमापन में चला गया था। परिसमापन मूल्य 234 करोड़ रु. आंका गया और परिसमापन के मामले में आईएफसीआई का हिस्सा केवल 0.17 करोड़ रु. है। इसके अलावा, आईएफसीआई का 51.39 करोड़ रु. मूल्य की प्रतिभूतियों[2] पर प्रभार है। चूँकि कुल बकाया 75.90 करोड़ रु. में से अधिकतम संभावित वसूली 51.56 करोड़ रु. (0.17 करोड़ रु. जमा 51.39 करोड़ रु.) है, बकाया राशि 24.34 करोड़ रु. (75.90 करोड़ रु. घटा 51.56 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।

24.34 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डाले जाने के परिणामस्वरूप हानि को 6.86 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 17.48 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (iv) और क.1 (vi) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

क.1.2 निवेश (नोट संख्या 8): 7700.07 करोड़ रु.

(i) उपरोक्त में एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) के इक्विटी शेयरों में 208.10 करोड़ रु. (26.96 रु. प्रति शेयर की दर से 7,71,89,796 शेयर) का निवेश शामिल है। 31 दिसंबर 2019 के मूल्यांकन के आधार पर प्रति शेयर मूल्य 26.96 रु. लिया गया है। हालांकि, 31 मार्च 2022 तक एचएमईएल की अंकेक्षित बैलेंस शीट के आधार पर नवीनतम मूल्यांकन[3] के अनुसार, प्रति शेयर उचित मूल्य 13.64 रु. है। तदनुसार, एचएमईएल के इक्विटी शेयरों में निवेश का मूल्य 105.29 करोड़ रु. (7,71,89,796* रु.13.64) होना चाहिए।

नवीनतम उपलब्ध प्रति शेयर मूल्यांकन पर विचार न करने के परिणामस्वरूप निवेश को अधिक बताया गया और हानि को 102.81 करोड़ रु. (208.10 करोड़ रु. घटा 105.29 करोड़ रु.) से कम बताया गया।

(ii) लेखों पर दिये गये नोटों के नोट सं. 52 (ख) का संदर्भ आमंत्रित किया जाए, जिसमें कहा गया है कि, ''संबंधित परिचालन विभाग वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए आवश्यक वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों का मूल्यांकन बाहरी या आंतरिक रूप से हर तिमाही रिपोर्टिंग अवधि में करते हैं।'' लेकिन 14 मामलों में, निवेश मूल्य 166.61 करोड़ रु. दिखाया गया था। यह पिछली तिथि[4] पर किये गये उचित मूल्यांकन पर आधारित था, न कि रिपोर्टिंग तिथि अर्थात 31 मार्च 2023 पर। इसके अलावा, लेखों पर दिये गये नोटों में भी इस आशय का कोई खुलासा नहीं किया गया।

31 मार्च 2023 को उचित मूल्य का उल्लेख न किये जाने के कारण कंपनी की वित्तीय स्थिति पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क.2 और क.1.2(ii) में इसे इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(iii) **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** ने जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड (एसोसिएट) के 85,04,288 गैर-उद्धृत इक्विटी शेयरों के निवेश का मूल्य 6.55 करोड़ रु. यानि 7.70 प्रति शेयर आंका और 2020-21 में नियुक्त वैल्यूअर द्वारा किये गये मूल्यांकन के आधार पर 1.96 करोड़ रु. की क्षति हानि का आकलन किया गया। 2020-21 के बाद से कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है।

लेखा-परीक्षा में पाया गया कि वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान, एसोसिएट को क्रमशः 5.51 करोड़ रु. और 5.43 करोड़ रु. का घाटा हुआ और परिचालन से 0.71 करोड़ रु. और 0.77 करोड़ रु. का मामूली राजस्व अर्जित हुआ। इससे कंपनी द्वारा ऑडिट के लिए प्रस्तुत 31 मार्च 2023

---

[2] पटना में 12.7 एकड़ भूमि खण्डः 27.04 करोड़ रु.; मेसर्स मोकामामुंगेर हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड इक्विटी शेयरः 5.90 करोड़ रु.; मेसर्स मोकामामुंगेर हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड प्रिफेरेंस शेयरः 7.50 करोड़ रु.; और मेसर्स नॉर्थ बिहार हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड इक्विटी शेयरः 10.95 करोड़ रु.।

[3] 31 मार्च 2023 तक मूल्यांकन उपलब्ध नहीं।

[4] आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल टेक कंसल्टेंसी लिमिटेड (मार्च 2022), बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (मार्च 2022), क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (दिसंबर 2022), गुजरात इंडस्ट्रियल एंड टेक्निकल कंसल्टेंसी ऑर्गनाइजेशन लिमिटेड (मार्च 2022), आईटीसीओटी कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज लिमिटेड (मार्च) 2022), नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्च 2022), एसबीआई डीएचएफएल लिमिटेड (दिसंबर 2022), एसटीसीआई फाइनेंस लिमिटेड (सितंबर 2022), यूपी इंडस्ट्रियल एंड कंसल्टेंट लिमिटेड (मार्च 2022), वेबकॉन कंसल्टिंग (इंडिया) लिमिटेड (मार्च 2021), रेवेंट प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड (दिसंबर 2021), रेवेंटमेटलकास्ट लिमिटेड (फरवरी 2022), ईएसएल स्टील लिमिटेड (मार्च 2022) और श्री शक्ति रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड (मार्च 2021)।

को एसोसिएट की अनअंकेक्षित बैलेंस शीट के आधार पर शेयर पूंजी में 18.57 प्रतिशत की गिरावट आई और शेयर पूंजी 53.71 करोड़ रु. से घटकर 43.74 करोड़ रु. रह गई।

उपरोक्त संकेतों के आधार पर भविष्य में होने वाली हानि की पहचान की जानी चाहिए थी। लेकिन 31 मार्च 2023 तक कंपनी द्वारा किसी तरह की क्षति हानि की पहचान नहीं की गई, जो कि उसकी अपनी महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2(एफ)(बी)(II) इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश का गैर-अनुपालन था, जिससें उल्लेख किया गया है कि, "इंड एएस 109 के दायरे में सभी इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स को अन्य मानकों के साथ-साथ एफवीटीपीएल के मापदंड पर भी मापा जाए। उसके बाद शेयर पूंजी को उचित मूल्य पर मापा जाए और होने वाले बदलावों को लाभ-हानि खाते में अंकित किया जाए।"

इसके परिणामस्वरूप निवेश अधिक बताया गया और वर्ष की हानि को 5.58 करोड़ रु. ((रु. 7.70-रु.1.14[5]) *85,04,288) कम दिखाया गया।

क.1.3 अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां (नोट संख्या 9): 786.06 करोड़ रु.

उपरोक्त में जमा किये गये सेवा-कर की 4.71 करोड़ रु. कर राशि शामिल है, जो विरोध के कारण वसूली-योग्य सेवा-कर के रूप में दर्शायी गई है। हालाँकि, सबका विश्वास (लीगेसी विवाद समाधान) योजना 2019 के तहत आवेदन दाखिल करते समय सेवा कर बकाया के 4.71 करोड़ रु. में से 4.53 करोड़ रु. (3.86 करोड़ रु. जमा 0.67 करोड़ रु.) की राशि को कंपनी द्वारा पहले ही समायोजित किया जा चुका है (दिसंबर 2019)। इसलिए, इसे रिवर्स किया जाना था।

सेवा कर जमा को वापस न करने के परिणामस्वरूप अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों को अधिक बताया गया और हानि को 4.53 करोड़ रु. कम दिखाया गया।

क.1.4 व्यापार प्राप्य (नोट संख्या 06) – 239.05 करोड़ रु.

उपरोक्त में **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** की होटल यूनिट, आईआईडीएल सुइट्स से संबंधित व्यापार प्राप्य के 1.51 करोड़ रु. शामिल है, जिसमें से 1.13 करोड़ रु. विभिन्न काल्पनिक प्रविष्टियों से संबंधित है, जैसा कि सहायक कंपनी के बोर्ड को फरवरी 2023 में सूचित किया गया था और जिसके विरुद्ध मात्र 0.63 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। चूंकि सहायक कंपनी ने स्वयं इन देनदारियों को काल्पनिक होने के कारण संदिग्ध माना है, इसलिए इन देनदारियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया जाना चाहिए था।

संदिग्ध देनदारों के विरुद्ध प्रावधान न करने के परिणामस्वरूप व्यापार प्राप्तियों को अधिक बताया गया और वर्ष की हानि को 0.50 करोड़ रु. (1.13 करोड़ रु. घटा 0.63 करोड़ रु.) कम बताया गया।

क.2 परिसंपत्तियां: गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां

क.2.1 इन्वेंटरी – 71.46 करोड़ रु.

आईएफसीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी) ने बेंगलुरु और कोलकाता में अपनी भूमि का मूल्य क्रमश: 11.77 करोड़ रु. और 16.59 करोड़ रु. के बजाय क्रमश: 12.77 करोड़ रु. और 16.86 करोड़ रु. निर्धारित किया, जिसके परिणामस्वरूप इन्वेंटरी को अधिक बताया गया और वर्ष के नुकसान को 1.27 करोड़ रु. कम बताया गया। यह समेकित वित्तीय विवरणों के (व्यापार में स्टॉक) संबंधी महत्वपूर्ण लेखांकन नीति सं (क्यू)(क), जिसके अनुसार, ''इन्वेंट्री में सभी भूमि सम्पतियां शामिल है और इनका मूल्य लागत से कम या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य माना जाता है'' के अनुपालन का उल्लंघन है।

क.2.2 वर्तमान कर परिसंपत्तियां (शुद्ध) – 82.34 करोड़ रु.

उपरोक्त में **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** से संबंधित आकलन वर्ष (एवाई) 2019-20 और 2020-21 के लिए स्रोत पर काटा गया अग्रिम आयकर/कर शामिल है। आयकर विभाग ने क्रमश: 0.23 करोड़[6] के रिफंड को मंजूरी दी और कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए 0.83 करोड़[7] की मांग की। चूंकि प्रबंधन ने आदेशों का विरोध नहीं किया, इसलिए कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के अग्रिम आयकर को उलट दिया जाना चाहिए था और 0.23 करोड़ रु. की वसूली योग्य राशि दिखाई जानी चाहिए थी और कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 की 0.83 करोड़ रु. की देनदारी, 0.68 करोड़ रु. के अग्रिम आयकर को उलटने के बाद बुक किया जाना चाहिए था।

आयकर विभाग के आदेशों पर विचार न करने के परिणामस्वरूप वर्तमान कर परिसंपत्ति को 1.47 करोड़ रु. से अधिक बताया गया, प्रावधानों को 0.83 करोड़ रु. से कम बताया गया और वर्ष की हानि को 2.30 करोड़ रु. से कम बताया गया।

क.2.3 निवेश संपत्ति (नोट संख्या 12) – 298.16 करोड़ रु.

संपत्ति, संयंत्र व उपकरण और निवेशित संपत्तियों के बारे में कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या (जी) का संदर्भ ग्रहण किया जाए, जो अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करता है कि ''मूल्यह्रास के लिए प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के तहत निर्धारित उपयोगी जीवन-काल के अनुसार सीधी रेखा पद्धति के आधार पर किया जाता है। मूल्यह्रास की गणना आनुपातिक आधार पर की जाती है, जिसमें निवेश में वृद्धि का माह शामिल है और बिक्री/निपटान का माह शामिल नहीं है। इमारतों और वाहनों के संबंध में अवशिष्ट मूल्य लागत का 5% माना जाता है।'' तदनुसार, **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** की निवेश संपत्ति (भवन) पर लगाया जाने वाला मूल्यह्रास 1.58 प्रतिशत ((100-5)/60)% होना चाहिए था, जो 0.15 करोड़[8] बनता है।

कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए 0.39 करोड़ रु. का मूल्यह्रास वसूलने के बाद निवेश संपत्ति का मूल्यांकन किया।

मूल्यह्रास की राशि अधिक दिखाने के परिणामस्वरूप निवेश संपत्ति को कम दिखाया गया और वर्ष की हानि को 0.24 करोड़ रु. से अधिक दिखाया गया।

---

[5] लेखा-परीक्षकों ने आईएफसीआई लिमिटेड की एक अन्य सहायक कंपनी (यानि आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड, जिसने एसोसिएट कंपनी के 42 लाख शेयरों में भी निवेश किया है) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर प्रति शेयर मूल्य 1.14 रुपये माना है।

[6] आदेश दिनांक 28 जुलाई 2020 द्वारा

[7] आदेश दिनांक 30 दिसम्बर 2021 द्वारा

[8] 9.29 करोड़ *1.58 प्रतिशत

अ.3 देनदारियाँ: गैर-वित्तीय देनदारियाँ

अ.3.1 प्रावधान (नोट संख्या 23) – 183.65 करोड़ रु.

(i) तनावग्रस्त संपत्तियों के रिजॉलूशन हेतु आरबीआई की विवेकपूर्ण रूपरेखा में निर्धारित किया गया है कि उधार लेने वाली संस्थाओं के स्वामित्व में परिवर्तन के मामले में, स्वामित्व में परिवर्तन लागू होने के बाद संबंधित उधार लेने वाली संस्थाओं के ऋणों को 'मानक' के रूप में जारी/उन्नत किया जा सकता है। हालाँकि, उधार लेने वाली संस्थाओं के स्वामित्व में परिवर्तन की तिथि पर बैंक द्वारा उक्त खाते के विरुद्ध किये गए प्रावधानों की मात्रा (अतिरिक्त प्रावधानों को छोड़कर) को निगरानी अवधि की समाप्ति के बाद ही उलटा किया जा सकता है, बशर्ते कि उसके दौरान संतोषजनक प्रदर्शन हो। संतोषजनक प्रदर्शन का मतलब है कि उधारकर्ता इकाई ने संबंधित अवधि के दौरान किसी भी समय डिफॉल्ट न किया हो।

निगरानी अवधि को इस तरह परिभाषित किया गया है, ***''रिजॉलूशन योजना के कार्यान्वयन की तारीख से उस तारीख तक की अवधि, जब तक कि रिजॉलूशन योजना के अनुसार बकाया मूल ऋण की राशि का कम से कम 10 प्रतिशत और पुनर्गठन, यदि कोई हो, के मंजूर पूंजीगत ब्याज का भुगतान किया गया हो और यह ऋण पर ब्याज या मूलधन (जो भी बाद में हो) के पहले भुगतान की शुरुआत से कम से कम एक वर्ष के भीतर चुकाया गया हो''***

ऑडिट में पाया गया कि आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड (सहायक कंपनी) ने 31 मार्च 2022 तक श्रीराम ईपीसी लिमिटेड (एसईएल) के विरुद्ध 4.96 करोड़ रु. (5.21 करोड़ रु. के सावधि ऋण के विरुद्ध 2.61 करोड़ रु. और 4.69 करोड़ रु. के घरेलू फैक्टरिंग के विरुद्ध 2.35 करोड़ रु.) का प्रावधान किया था। एसईएल के लिए एक रिजॉलूशन योजना को मंजूरी दी गई (09.03.2022) क्योंकि प्रबंधन में बदलाव संभावना व्यक्त की गई थी (कुवैत स्थित इकाई, मार्क एबी कैपिटल एलएलसी ने एसईएल में निवेश करने का प्रस्ताव दिया था) और योजना के अनुसार, ऋण की कुल बकाया राशि 13.24 करोड़[9] के मुकाबले 6.12 करोड़ रु. का तुरंत भुगतान प्राप्त करने के बाद खाते का पुनर्गठन किया गया।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड ने जुलाई 2022 से उपरोक्त ऋण पर ब्याज प्राप्त करना शुरू कर दिया और मार्च 2023 के अंत तक कुल 16.13 लाख रुपये ब्याज प्राप्त किया। चूंकि, मार्च 2023 तक कोई मूल[10] राशि प्राप्त नहीं हुई है और ब्याज की प्रथम भुगतान तिथि से एक वर्ष भी समाप्त नहीं हुआ है, रिजॉलूशन योजना के कार्यान्वयन के समय रखे गए 4.96 करोड़ रु. के प्रावधान को रिवर्स नहीं किया जाना चाहिए था।

प्रावधान राशि के गलत उलटफेर के परिणामस्वरूप प्रावधान को 4.96 करोड़ रु. की सीमा तक कम बताया गया और उसी राशि से वर्ष की हानि को भी कम बताया गया।

(ii) उपरोक्त में आईआईडीएल एरी, कोच्चि (**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** द्वारा विकसित परियोजना) के स्वामियों/आवंटियों द्वारा दायर और विभिन्न उपभोक्ता मंचों पर लंबित मामलों के लिए प्रावधानित 0.40 करोड़ रु. शामिल नही है। सहायक कंपनी ने आईआईडीएल एरी, कोच्चि परियोजना के ठेकेदार को कुल प्रतिधारण राशि 0.80 करोड़ रु. में से पूर्ण और अंतिम निपटान हेतु 0.40 करोड़ रु. की प्रतिधारण राशि जारी करते हुए मालिकों/आवंटियों द्वारा विभिन्न उपभोक्ता मंचों पर दायर किये गये मामलों के कारण 0.40 करोड़ रु. का प्रावधान करने का निर्णय लिया।

हालाँकि, सहायक कंपनी द्वारा कानूनी मामलों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप प्रावधानों को कम दर्शाया गया और 0.40 करोड़ रु. की हानि हुई।

क.4 देनदारियाँ: वित्तीय देनदारियाँ

क.4.1 अन्य वित्तीय देनदारियां (नोट संख्या 22) – 3756.33 करोड़ रु.

उपरोक्त में 20.39 करोड़ रु. शामिल नहीं है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सहायक कंपनी) द्वारा जारी राहत बांडों के बांडधारकों को भुगतान की जाने वाली राशि से सृजित सावधि जमा पर अर्जित ब्याज है। इसके लिए बांडधारकों द्वारा दावा नहीं किया गया। पिछले कुछ वर्षों में सहायक कंपनी द्वारा 20.39 करोड़ रु. के ब्याज को आय के रूप में दर्ज किया गया है।

चूँकि सावधि जमा की राशि सहायक कंपनी के स्वामित्व में नहीं है, उस पर अर्जित ब्याज दायित्व है और सहायक कंपनी की आय नहीं है। इसके परिणामस्वरूप 'अन्य वित्तीय देनदारियों' को 20.39 करोड़ रु. से कम बताया गया है, साथ ही 'अन्य आय' को अधिक बताया गया है और चालू वर्ष की हानि को 1.18 करोड़ रु. से कम बताया गया है और अन्य इक्विटी को 19.21 करोड़ रु. से अधिक बताया गया है।

क.5 व्यय: वित्तीय संपतियों की हानि (नोट संख्या 32)

ऋण – (87.73 करोड़ रु.)

उपरोक्त राशि में मेसर्स अनिल लिमिटेड[11] के संबंध में अपेक्षित क्रेडिट हानि के रिवर्सल के लिए प्रावधान किये गये 0.84 करोड़ रु. शामिल है। **आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड (सहायक कंपनी)** ने इस मामले में अपेक्षित क्रेडिट लॉस (ईसीएल) की गणना करते समय सिक्योरिटी के मूल्य को 18.10 करोड़ रु. माना, जो फरवरी 2022 में आयोजित नीलामी के लिए निर्धारित संचय मूल्य था (बिक्री सफल नहीं हुई) और अगले तीन वर्षों के लिए गणना की गई अपेक्षित कानूनी लागत पर विचार करते हुए सिक्योरिटी प्राप्ति का वर्तमान मूल्य 8.23 करोड़ रु. है। हालाँकि, संपत्ति की बिक्री के लिए 03 मई 2023 को निर्धारित संचय मूल्य 16.28 करोड़ रु. था और इसलिए, सिक्योरिटी वसूली का वर्तमान मूल्य 7.39 करोड़ रु. बनता है।

नवीनतम संचय मूल्य पर विचार न करने के परिणामस्वरूप वर्ष के व्यय व हानि को 0.84 करोड़ रु. (8.23 करोड़ रु. घटाकर 7.39 करोड़ रु.) कम बताया गया है।

---

[9] सावधि ऋण और घरेलू फैक्टरिंग पर ब्याज शामिल है।

[10] घरेलू फैक्टरिंग का कुल मूलधन 2.65 करोड़ है।

[11] ऋण संख्या: 2015912001

ब. समेकित वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियाँ

आकस्मिक देनदारियाँ और प्रतिबद्धताएँ (नोट संख्या 37)

आयकर हेतु आकस्मिक देनदारियां – 9.36 करोड़ रु.

उपरोक्त में कर-निर्धारण वर्ष 2012-13 और 2014-15 से 2017-18 हेतु आयकर विभाग द्वारा उठाई गई 2.46 करोड़ रु. की मांग शामिल नही है। इसके विरुद्ध **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** द्वारा अपील दायर की गई है। इसलिए, इस राशि को भारतीय लेखांकन मानक 37 (प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक संपत्ति) के पैरा 86 के अनुरूप आकस्मिक देयता के तहत दिखाया जाना चाहिए, जो अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करता है कि, ''जब तक निकट भविष्य में निपटान में किसी भी आउटलो यानि बहिर्वाह की संभावना हो, कंपनी को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में आकस्मिक देनदारी के प्रत्येक वर्ग के, जहां व्यावहारिक हो, आकस्मिक देनदारी की प्रकृति का संक्षिप्त विवरण और उसके वित्तीय प्रभाव का अनुमान प्रकट करना चाहिए।'' अत: उपरोक्त नोट उपरोक्त सीमा तक अपर्याप्त है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक के
लिए और उनकी ओर से

(एस. अहलादिनी पांडा)
प्रधान निदेशक लेखा-परीक्षा
(उद्योग एवं कॉरपोरेट मामले) नई दिल्ली

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 04.09.2023

अनुलग्नक-क

आईएफसीआई लिमिटेड की सहायक कंपनियों के नाम, जिनकी पूरक लेखा-परीक्षा की गई थी।

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनी का नाम	कंपनी का प्रकार
1.	आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड	सहायक कम्पनी
2.	आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड	सहायक कम्पनी
3.	आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड	सहायक कम्पनी
4.	स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	सहायक कम्पनी
5.	एमपीकॉन लिमिटेड	सहायक कम्पनी

आईएफसीआई लिमिटेड
वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरणों पर सीएजी की अनुपूरक लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर आईएफसीआई की समेकित टिप्पणियाँ

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
क. समेकित लाभदेयता पर टिप्पणियाँ **क.1 परिसंपत्तियां: वित्तीय परिसंपत्तियां** **क.1.1 ऋण (नोट 7) - 1907.98 करोड़ रु.** ऋण को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है और वर्ष की हानि को 283.43 करोड़ रु. से कम करके दिखाया गया है, जैसा कि नीचे बताया गया है:	
(i) उपरोक्त में मेसर्स पायनियर गैस पावर लिमिटेड (पीजीपीएल) पर 434.72 करोड़ रु. का मूल बकाया शामिल है, जो 31 मार्च 2018 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति में बदल गया। आईएफसीआई के पास अन्य ऋणदाताओं सहित पीजीपीएल की परिसंपत्तियों पर पहले पैरी-पासु चार्ज के रूप में प्रतिभूति है। तीन मूल्यांकनकर्ताओं की नवीनतम मूल्यांकन रिपोर्ट (फरवरी 2022) के अनुसार, परियोजना का औसत उचित मूल्य (अप्रचलित मूल्य सहित) 393.44 करोड़ रु. था। कंपनी ने जून 2022 में पूरी संपत्ति की बिक्री के लिए भारतीय स्टेट बैंक की तरह 375 करोड़ रु. के आरक्षित मूल्य के ऋण को मंजूरी दी। लेकिन यह ऋण आगे नही बढ़ सका और नए मूल्यांकन की मांग की गई (मई 2023)। चूंकि प्रतिभूतियों का औसत उचित मूल्य 393.44 करोड़ रु. है, आईएफसीआई की 28.02 प्रतिशत हिस्सेदारी पर विचार करते हुए, अधिकतम संभावित वसूली 110.24 करोड़ रु. (393.44 करोड़ रु. का 28.02 प्रतिशत) है। अत: शेष राशि 324.48 करोड़ रु. (434.72 करोड़ रु. में 110.24 करोड़ रु. घटाकर) को बट्टे खाते में डाला जा सकता था। 324.48 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि का अंकन 91.50 करोड़ रु. कम हुआ है (क्षति हानि भत्ता 232.98 करोड़ रु. के समायोजन के बाद 71.80 प्रतिशत) तथा ऋण भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया।	i. **पायनियर गैस** अन्य लेनदारों ने भी ऋण खाते को 641.30 करोड़ रु. में बेचने का प्रयास किया (अगस्त 2022 में आयोजित जेएलएम सूक्ष्मों के अनुसार)। तदनुसार, मात्र अंतिम मूल्यांकन के आधार पर वसूली का अनुमान नही लगाया जा सकता है और वसूली राशि को स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। यदि अभी इसे राइट-ऑफ किया जाता है, जब कि वसूली की राशि स्पष्ट तौर पर पता नहीं है, तो इससे हानि का अंकन अधिक होगा।
(ii) कंपनी द्वारा बकाया मूलधन की वसूली के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से संपर्क किये जाने के बाद ग्रैन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (जीईपीएल) को दिए गए 135.81 करोड़ रु. के ऋण के संबंध में एनसीएलटी ने परिसमापन प्रक्रिया का आदेश दिया (फरवरी 2021)। तदनुसार, परिसमापन मूल्य 10.37 करोड़ रु. आंका गया। संपत्ति के परिसमापन के बाद कंपनी को 14.79 करोड़ रु. की राशि प्राप्त हुई और उसे ब्याज खाते में समायोजित किया गया। चूंकि भविष्य में किसी प्रकार की वसूली की उम्मीद नही है, 135.81 करोड़ रु. के बकाया मूलधन को बट्टे खाते में डाला जा सकता था। 135.81 करोड़ रु. की शेष राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि 38.30 करोड़ रु. कम बतायी गई (क्षति हानि भत्ता 97.51 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण भी उतनी ही राशि से अधिक दिखाया गया है। **वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क. 1 (ii) में उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।**	ii. **ग्रैन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड** ऋण की प्राथमिक प्रतिभूति वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा गिरवी रखी गई भूमि थी। चूंकि वीआईएल का रिजॉलूशन लंबित है, इसलिए उससे वसूली अनिश्चित है। आईएफसीआई ने वीओवीएल के रिजॉलूशन को वीआईएल के साथ समेकित करने के लिए एनसीएलटी में एक आवेदन भी दायर किया है, क्योंकि वीओवीएल से संबंधित संपत्तियों और नकदी प्रवाह पर आईएफसीआई का प्रभार है। जारी कार्यवाही के मद्देनजर, आईएफसीआई द्वारा दायर आवेदनों और अन्य मुकदमों के समापन पर ऋण के असुरक्षित हिस्से को बट्टे खाते में डालने का निर्णय लिया जाएगा। यदि अभी इसे राइट-ऑफ किया जाता है, जब कि वसूली की राशि स्पष्ट तौर पर पता नहीं है, तो इससे हानि का अंकन अधिक होगा।
(iii) उपरोक्त में 31 मार्च 2023 तक मधुकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमआईएल) पर 151.50 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। कंपनी ने अपने पास उपलब्ध प्रतिभूतियों के आधार पर अधिकतम वसूली योग्य राशि की गणना 31.43 करोड़ रु. की है और तदनुसार 70 करोड़ रु. के एक-मुश्त सेटलमेंट (ओटीएस) के लिए सहमति दी (जनवरी	iii. **मधुकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमआईएल)** चूंकि निपटान प्रस्ताव पर स्विस चैलेंज लागू था, इसलिए निपटान राशि स्पष्ट नही की गई थी। इसके अलावा, ओटीएस मामलों में, शेष गैर-वसूली योग्य राशि को पूरी ओटीएस राशि की प्राप्ति के बाद ही राइट-ऑफ किया जाता है, क्योंकि पूरी राशि प्राप्त न होने की स्थिति

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
2020), जिसका एमआईएल द्वारा पालन नही किया गया। इसलिए, कंपनी ने ओटीएस रद्द कर दिया (दिसंबर 2020)। एमआईएल द्वारा 51 करोड़ रु. (ब्याज के 3 करोड़ रु. सहित) का एक नया ओटीएस प्रस्ताव (26 अगस्त 2022) प्रस्तुत किया गया। तदनुसार, कुल बकाया 151.50 करोड़ रु. के विरूद्ध अधिकतम संभावित वसूली केवल 51 करोड़ रु. है। इसलिए, 100.50 करोड़ रु. (151.50 करोड़ रु. 51 करोड़ रु. घटाकर) की शेष राशि को माफ किया जा सकता था। 100.50 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने से हानि को 28.34 करोड़ रु. कम दिखाया गया है (क्षति हानि भत्ता 72.16 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक दिखाया गया है। **वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (i) और क.1 (v) में इसका उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।**	में, ओटीएस के निरस्तीकरण के बाद मूल देनदारियों को बहाल किया जाना है। इसलिए, यदि आवश्यक हो, तो शेष राशि का बट्टे खाते में डालने का कार्य, किसी भी समझौते के तहत परिकल्पित पूरी राशि की प्राप्ति के बाद किया जाएगा।
(iv) 8 जून 2021 को स्वीकृत एनसीएलटी के निर्णय और रिजॉलूशन योजना के अनुसार, वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वीआईएल) पर आईएफसीआई का दावा (1.03 प्रतिशत), 382.21 करोड़ रु. के बकाया के मुकाबले अधिकतम 70.31 करोड़ रु. तक सीमित था। इसके अलावा, प्रबंधन के अनुसार, सावधि जमाओं में 125 करोड़ रु. की राशि को लेनदारों में वितरित नही किया गया और 302 करोड़ रु. की राशि को 'सुरक्षित दावों के बजाय असुरक्षित दावों' के तहत गलत वर्गीकृत किया गया। इसे कंपनी के पक्ष में मानते हुए अधिकतम अतिरिक्त वसूली 4.40 करोड़ रु. (427 करोड़ रु. का 1.03 प्रतिशत) आंकी गई। इस प्रकार, 382.21 करोड़ रु. की बकाया राशि में से वीआईएल से अधिकतम वसूली 74.71 करोड़ रु. (70.31 करोड़ रु. जमा 4.40 करोड़ रु.) हुई। इसलिए 307.50 करोड़ रु. (382.21 करोड़ रु. घटा 74.71 करोड़ रु) को माफ किया जा सकता था। 307.50 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 86.71 करोड़ रु. कम बताया गया और ऋण को भी (क्षति हानि भत्ता 220.79 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) उतनी ही राशि से अधिक बताया गया। **वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (iii) और क.1 (i) में इसका उल्लेख किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।**	**iv. वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वीआईएल)** चूंकि, वीआईएल की रिजॉलूशन योजना पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई है, आईएफसीआई राशि स्पष्ट हो जाने के बाद ही, यानि रिजॉलूशन योजना के तहत आय प्राप्त होने पर ही, बट्टे खाते में डालने का निर्णय ले सकता है। आईएफसीआई ने वीओवीएल के रिजॉलूशन को वीआईएल के साथ समेकित करने के लिए एनसीएलटी के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, क्योंकि वीओवीएल से संबंधित संपत्तियों और नकदी प्रवाह पर आईएफसीआई का प्रभार है। जारी कार्यवाही के मद्देनजर, आईएफसीआई द्वारा दायर आवेदनों और अन्य मुकदमों के समापन पर ऋण के असुरक्षित हिस्से को बट्टे खाते में डालने का निर्णय लिया जाएगा। यदि अभी इसे राइट-ऑफ किया जाता है, जब कि वसूली की राशि स्पष्ट तौर पर पता नही है, तो इससे हानि का अंकन अधिक होगा।
(v) उपरोक्त में लिज ट्रेडर्स एंड एजेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एलटीएपीएल) पर 90.94 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। एलटीएपीएल द्वारा डिफॉल्ट किये जाने के कारण, रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) के समक्ष मामला रखा गया। आरपी ने बताया कि कॉर्पोरेट देनदार के पास प्रतिभूतियों और वित्तीय संपत्तियों के अलावा कोई संपत्ति नहीं है और उसने पिछले 3-4 वर्षों से कोई व्यवसाय नहीं किया गया है। यह पाया गया कि आईएफसीआई के पास केवल कोल्लम, केरल स्थित ऐ संपत्ति का विशेष प्रभार है, जिसका उचित मूल्य केवल 32.69 करोड़ रु. है। चूंकि कंपनी के पास कोई अन्य सिक्योरिटी उपलब्ध नहीं है, इसलिए 58.25 करोड़ रु. (90.94 करोड़ रु. घटा 32.69 करोड़ रु.) की शेष राशि माफ की जा सकती थी। 58.25 करोड़ रु. की शेष राशि को माफ नहीं करने से हानि 16.43 करोड़ रु. से कम दिखायी गई है और (क्षति हानि भत्ते 41.82 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।	**v. लिज ट्रेडर्स एंड एजेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एलटीएपीएल)** वर्तमान में इसका खाता सीआईआरपी प्रक्रिया से गुजर रहा है। इस मामले में कानूनी राय के मद्देनजर दावा इसलिए दायर किया गया था क्योंकि रिजॉलूशन योजना प्राप्त होने की स्थिति में, दावा दायर न करना हानिकारक हो सकता है। इसलिए योजना की रूपरेखा में उधारकर्ताओं के सभी ऋणों को रिजॉलूशन आवेदक को सौंपने का उल्लेख किया गया है। इससे आईएफसीआई को ऋण सौंपा जा सकता है और तीसरे पक्ष के बंधक से आईएफसीआई की वसूली खतरे में पड़ सकती है। इसके अलावा, चूंकि कंपनी सीआईआरपी प्रक्रिया से गुजर रही है, आईएफसीआई गिरवी रखी गई संपत्ति की बिक्री से राशि प्राप्त होने पर राइट-ऑफ पर निर्णय लेगा। यदि अभी इसे राइट-ऑफ किया जाता है, जबकि वसूली राशि स्पष्ट तौर पर पता नही है, तो इससे हानि का अंकन अधिक होगा।

सीएजी की टिप्पणियाँ		आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ	
	वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान टिप्पणी संख्या क.1(vii) में वर्णित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।		
(vi)	उपरोक्त में आर्कोटेक लिमिटेड पर 59.21 करोड़ रु. का मूल बकाया शामिल है। कंपनी द्वारा डिफॉल्ट किये जाने के कारण, आईएफसीआई ने बकाया राशि की वसूली के लिए दिवालिया याचिका दायर की (अप्रैल 2019)। हालाँकि, कॉर्पोरेट दिवाला रिजॉल्यूशन प्रक्रिया (सीआईआरपी) में प्राथमिकता शुल्क कम करने के कारण, आईएफसीआई ने दिवाला याचिका को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया और एनसीएलटी से इसे वापस (अगस्त 2022) ले लिया। आईएफसीआई के पास बावल (हरियाणा) में 83.70 करोड़ रु. (मार्च 2022) के संकटकालीन बिक्री मूल्य वाली संपत्ति पर अकेला पहला प्रभार है और कंपनी ने 15 मार्च 2022 को इसका कब्जा ले लिया। हालांकि, संपत्ति की बिक्री के लिए आईएफसीआई के प्रयास आगे नहीं बढ़े है, क्योंकि कामकाज जारी है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पूंजी ऋणदाताओं ने सलाह दी कि वे सरफेसी अधिनियम के तहत नीलामी का समर्थन नहीं करते है। इसलिए, इसे तब तक आगे नहीं बढ़ाया जा सकता जब तक कि न्यूनतम 60 प्रतिशत ऋणदाता सरफेसी अधिनियम की धारा 139(9) के तहत सहमति न प्राप्त हो, जबकि आईएफसीआई के पास केवल 14.33 प्रतिशत मतदान अधिकार है। आईएफसीआई को ग्लिक्स सिक्योरिटीज प्रा. लि.[1] से नया प्रस्ताव (16 दिसंबर 2022) प्राप्त हुआ है। जिसमें आईएफसीआई का हिस्सा 41.64 करोड़ रु. का है जो पीएनबी (अग्रणी बैंक) के अनुमोदन के अधीन है। आईएफसीआई को 1.58 करोड़ रु. प्राप्त हुए हैं और निपटान राशि के अग्रिम हिस्से के शेष 0.50 करोड़ रु. (41.64 करोड़ रु. का 5 प्रतिशत) की प्रतीक्षा है। चूंकि कुल बकाया 59.21 करोड़ रु. के विरुद्ध वसूली की अधिकतम संभावना केवल 41.64 करोड़ रु. है, शेष बकाया राशि 17.57 करोड़ रु. (59.21 करोड़ रु. घटा 41.64 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था। 17.57 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 4.95 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ते 12.62 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है। *[1] ग्लिक्स सिक्योरिटीज प्रा. लिमिटेड संकटग्रस्त संपत्तियों में निवेश करता है और उसने आर्कोटेक लिमिटेड की पहचान की है और आईएफसीआई को इस बारे में एक प्रस्ताव दिया है।*	vi.	**आर्कोटेक लिमिटेड (एएल)** चूंकि लीड बैंक की मंजूरी लंबित है, हम इसकी प्रतीक्षा कर सकते है। सभी ऋणदाताओं द्वारा निपटान की मंजूरी के बाद आईएफसीआई को प्राप्त होने वाली वसूली राशि को स्पष्ट कर दिया जाएगा। यदि अभी इसे राइट–ऑफ किया जाता है, जब कि वसूली की राशि स्पष्ट तौर पर पता नहीं है, तो इससे हानि का अंकन अधिक होगा।
(vii)	उपरोक्त में 31 मार्च 2023 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) परियोजना को लागू करने के लिए आईएल एंड एफएस समूह के तहत गठित एक एसपीवी, खेडसिन्नार एक्सप्रेसवे लिमिटेड (केएसईएल) पर 14.10 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। इस परियोजना को एनएचएआई द्वारा समाप्त कर दिया गया था। आईएल एंड एफएस समूह ने एनसीएलटी में रिजॉल्यूशन योजना दायर की थी जिसे मार्च 2020 में मंजूरी दे दी गई थी। एनएचएआई ने केएसईएल के परियोजना खातों में समापन राशि का भुगतान (जून 2022) किया था और आईएफसीआई को 64.11 करोड़ रु. का अपना हिस्सा (31 मार्च 2023) प्राप्त हुआ और इसे उसी में समायोजित किया गया। चूंकि आगे कोई वसूली अपेक्षित नहीं है, इसलिए 14.10 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था।	vii.	**खेड़सिनार एक्सप्रेसवे लिमिटेड (केएसईएल)** तब से 14.10 करोड़ रु. की राशि (तकनीकी रूप से) बट्टे खाते में डाल दी गई है।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
14.10 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 3.98 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 10.12 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है। **वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1(v) और क.1(viii) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।**	
(viii) उपरोक्त में उत्तम गैल्वा मेटालिक्स लिमिटेड (यूजीएमएल) पर 126. 57 करोड़ रु. का मूल बकाया राशि शामिल है। यह ऋण वडोदरा स्थित 24.44 एकड़ भूमि (मूल्य 135.63 करोड़ रु.), मेसर्स टेन्साइल स्टील लिमिटेड (भूमि मालिक) की कॉर्पोरेट गारंटी और प्रमोटरों (उत्तम समूह) की व्यक्तिगत गारंटी के विशेष बंधक से सुरक्षित किया गया था। उत्तम ग्रुप ने (नवंबर 2016) पीएचसी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड (पीबीपीएल) को बंधक भूमि के सह-उधारकर्ता और डेवलपर के तौर पर शामिल किया। चूंकि इस्पात क्षेत्र गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा था, पूरा यूजीएमएल और उत्तम समूह लिक्विडिटी संकट में फंस गया और यह खाता गैर-निष्पादित परिसंपत्ति में बदल गया (जून 2018)। यूजीएमएल को एनसीएलटी में शामिल किया गया (जुलाई 2018) और अनुमोदित रिजॉल्यूशन योजना दिसंबर 2020 में लागू की गई। योजना के अनुसार, आईएफसीआई को 11.67 करोड़ रु. की अग्रिम राशि, 28.81 करोड़ रु. के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी), 11.37 करोड़ रु. के प्राप्तियोग्य असाइनमेंट और 0.13 करोड़ रु. के डिबेंचर प्राप्त हुए, जिन्हें तब से इक्विटी शेयरों में बदल दिया गया है। आईएफसीआई भी सरफेसी अधिनियम के तहत वसूली के उपाय कर रहा है, हालांकि, सिविल कोर्ट, वडोदरा द्वारा दिए गए यथास्थिति निर्देश (जुलाई 2019) के कारण यह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद, पीबीपीएल ने 15 महीने की अवधि में देय 80 करोड़ रु. के समझौता निपटान के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया (सितंबर 2022)। 24.01 करोड़ रु. (28.81 करोड़ रु. में से) मूल्य के एनसीडी आईएफसीआई की खाता-बहियों में बने रहेंगे और यूजीएमएल के नए प्रबंधन (इवोइन्थमेटलिक्स लिमिटेड) द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव को क्रेडिट एवं संचालन समिति की सिफारिश पर निदेशकों की कार्यकारी समिति द्वारा (01 मई 2023 को) अनुमोदित कर दिया गया। चूंकि कुल बकाया 102.56 करोड़ रु. में से वसूली की अधिकतम संभावना केवल 80 करोड़ रु. है, शेष राशि 22.56 करोड़ रु. (102.56 करोड़ रु. घटा 80 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था। 22.56 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डालने के परिणामस्वरूप हानि को 6.36 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 16.20 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है।	viii. **उत्तम गैल्वा मेटालिक्स लिमिटेड (यूजीएमएल)** कंपनी के निपटान प्रस्ताव को मई 2023 में मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा, ओटीएस मामलों में, शेष गैर-वसूली योग्य राशि को पूरी ओटीएस राशि की प्राप्ति के बाद ही राइट-ऑफ किया जाता है, क्योंकि पूरी राशि प्राप्त न होने की स्थिति में, ओटीएस के निरस्तीकरण के बाद मूल देनदारियों को बहाल किया जाना है। इसलिए, यदि आवश्यक हो, तो शेष राशि का बट्टे खाते में डालने का कार्य, किसी भी समझौते के तहत परिकल्पित पूरी राशि की प्राप्ति के बाद किया जाएगा।
(ix) उपरोक्त में सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर 75.90 करोड़ रु. का बकाया मूलधन शामिल है। रिकॉर्ड के अनुसार, सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड से संबंधित रिजॉल्यूशन योजना समाप्त हो गई थी और मामला परिसमापन में चला गया था। परिसमापन मूल्य 234 करोड़ रु. आंका गया और परिसमापन के मामले में आईएफसीआई का हिस्सा केवल 0.17 करोड़ रु. है। इसके अलावा, आईएफसीआई का 51.39 करोड़ रु. मूल्य की प्रतिभूतियों[2] पर प्रभार है। चूँकि कुल बकाया 75.90 करोड़ रु. में से अधिकतम संभावित वसूली 51.56 करोड़ रु. (0.17 करोड़ रु. जमा 51.39 करोड़ रु.) है, बकाया राशि 24.34 करोड़ रु.	ix. **सी एंड सी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड** चूंकि गिरवी रखे शेयरों का उचित मूल्यांकन किये जाने का कार्य शुरू हो चुका है और प्रक्रिया जारी है, इसलिए वसूली होने वाली राशि का पता नहीं लगाया जा सकता है। चूंकि वसूली राशि को स्पष्ट नहीं किया जा सकता है, इसलिए बट्टे खाते में डालने से हानि का अधिक अंकन हो जाएगा।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
(75.90 करोड़ रु. घटा 51.56 करोड़ रु.) को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था। 24.34 करोड़ रु. की बकाया राशि को बट्टे खाते में न डाले जाने के परिणामस्वरूप हानि को 6.86 करोड़ रु. कम बताया गया है (क्षति हानि भत्ता 17.48 करोड़ रु. (71.80 प्रतिशत) के समायोजन के बाद) और ऋण को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया है। वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः टिप्पणी संख्या क.1 (iv) और क.1 (vi) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नही की गई। *[2]पटना में 12.7 एकड़ भू-खण्ड: 27.04 करोड़ रु.; मेसर्स मोकामामुंगेर हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड इक्विटी शेयर: 5.90 करोड़ रु.; मेसर्स मोकामामुंगेर हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड प्रिफेरेंस शेयर: 7.50 करोड़ रु.; और मेसर्स नॉर्थ बिहार हाईवे लिमिटेड के अनलिस्टेड इक्विटी शेयर: 10.95 करोड़ रु.।*	
क.1.2 निवेश (नोट संख्या 8) - 7700.07 करोड़ रु. (i) उपरोक्त में एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) के इक्विटी शेयरों में 208.10 करोड़ रु. (26.96 रु. प्रति शेयर की दर से 7,71,89,796 शेयर) का निवेश शामिल है। 31 दिसंबर 2019 के मूल्यांकन के आधार पर प्रति शेयर मूल्य 26.96 रु. लिया गया है। हालांकि, 31 मार्च 2022 तक एचएमईएल की अंकेक्षित बैलेंस शीट के आधार पर नवीनतम मूल्यांकन[3] के अनुसार, प्रति शेयर उचित मूल्य 13.64 रु. है। तदनुसार, एचएमईएल के इक्विटी शेयरों में निवेश का मूल्य 105.29 करोड़ रु. (7,71,89,796* रु.13.64) होना चाहिए। नवीनतम उपलब्ध प्रति शेयर मूल्यांकन पर विचार न करने के परिणामस्वरूप निवेश को अधिक बताया गया और हानि को 102.81 करोड़ रु. (208.10 करोड़ रु. घटा 105.29 करोड़ रु.) से कम बताया गया। *[3]31 मार्च 2023 का मूल्यांकन उपलब्ध नहीं है।*	अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 08/08/2023 प्राप्त हो चुकी है। 31/12/2022 को मूल्यांकन 31.33/- प्रति शेयर नोट किया गया है।
(ii) लेखों पर दिये गये नोटों के नोट सं. 52(ब) का संदर्भ आमंत्रित किया जाए, जिसमें कहा गया है कि, ''संबंधित परिचालन विभाग वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए आवश्यक वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों का मूल्यांकन बाहरी या आंतरिक रूप से हर तिमाही रिपोर्टिंग अवधि में करते है।'' लेकिन 14 मामलों में, निवेश मूल्य 166.61 करोड़ रु. दिखाया गया था। यह पिछली तिथि[4] पर किये गये उचित मूल्यांकन पर आधारित था, न कि रिपोर्टिंग तिथि अर्थात 31 मार्च 2023 पर। इसके अलावा, लेखों पर दिये गये नोटों में भी इस आशय का कोई खुलासा नही किया गया। 31 मार्च 2023 को उचित मूल्य का उल्लेख न किये जाने के कारण कंपनी की वित्तीय स्थिति पर इसके प्रभाव को निर्धारित नही किया जा सकता है। **वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिप्पणी संख्या क. 2 और क.1.2(ii) में इंगित किये जाने के बावजूद, कंपनी द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।** *[4]आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल टेक कंसल्टेंसी लिमिटेड (मार्च 2022), बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (मार्च 2022), क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (दिसंबर 2022), गुजरात इंडस्ट्रियल एंड टेक्निकल कंसल्टेंसी ऑर्गनाइजेशन लिमिटेड (मार्च 2022), आईटीसीओटी कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज लिमिटेड (मार्च) 2022), नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्च 2022), एसबीआई डीएचएफएल लिमिटेड (दिसंबर 2022)। एसटीसीआई फाइनेंस लिमिटेड (सितंबर 2022), यूपी इंडस्ट्रियल एंड कंसल्टेंट लिमिटेड (मार्च 2022), वेबकॉन कंसल्टिंग*	शून्य मूल्य वाले इक्विटी मामलों की स्थिति का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है और स्थिति पर नोट सी एंड ओसी के समक्ष रखा गया है। इस नये नोट को आईएफसीआई के निदेशक मंडल की अनुशंसा के लिए क्रेडिट एवं परिचालन समिति के समक्ष रखा जाएगा। इस बीच मूल्यों को पिछली तिमाही में बताए गए मूल्यों पर ही बनाये रखा गया है और कोई नया मूल्यांकन नहीं किया गया है।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
(इंडिया) लिमिटेड (मार्च 2021), रेवेंट प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड (दिसंबर 2021), रेवेंटमेटलकास्ट लिमिटेड (फरवरी 2022), ईएसएल स्टील लिमिटेड (मार्च) 2022) और श्री शक्ति रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड (मार्च 2021)	
(iii) **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** ने जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड (एसोसिएट) के 85,04,288 गैर-उद्धृत इक्विटी शेयरों के निवेश का मूल्य 6.55 करोड़ रु. यानि 7.70 प्रति शेयर आंका और 2020-21 में नियुक्त वैल्यूअर द्वारा किये गये मूल्यांकन के आधार पर 1.96 करोड़ रु. की क्षति हानि का आकलन किया गया। 2020-21 के बाद से कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है। लेखा-परीक्षा में पाया गया कि वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान, एसोसिएट को क्रमश: 5.51 करोड़ रु. और 5.43 करोड़ रु. का घाटा हुआ और परिचालन से 0.71 करोड़ रु. और 0.77 करोड़ रु. का मामूली राजस्व अर्जित हुआ। इससे कंपनी द्वारा ऑडिट के लिए प्रस्तुत 31 मार्च 2023 को एसोसिएट की अनअंकेक्षित बैलेंस शीट के आधार पर शेयर पूंजी में 18.57 प्रतिशत की गिरावट आई और शेयर पूंजी 53.71 करोड़ रु. से घटकर 43.74 करोड़ रु. रह गई। उपरोक्त संकेतों के आधार पर भविष्य में होने वाली हानि की पहचान की जानी चाहिए थी। लेकिन 31 मार्च 2023 तक कंपनी द्वारा किसी तरह की क्षति हानि की पहचान नही की गई, जो कि उसकी अपनी महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2(एफ)(बी)(II) इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश का गैर-अनुपालन था, जिससें उल्लेख किया गया है कि, "इंड एएस 109 के दायरे में सभी इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स को अन्य मानकों के साथ-साथ एफवीटीपीएल के मापदंड पर भी मापा जाए। उसके बाद शेयर पूंजी को उचित मूल्य पर मापा जाए और होने वाले बदलावों को लाभ-हानि खाते में अंकित किया जाए।" इसके परिणामस्वरूप निवेश अधिक बताया गया और वर्ष की हानि को 5.58 करोड़ रु. ((रु. 7.70-रु.1.14[5]) *85,04,288) कम दिखाया गया। *[5]लेखा-परीक्षकों ने आईएफसीआई लिमिटेड की एक अन्य सहायक कंपनी (यानि आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड, जिसने एसोसिएट कंपनी के 42 लाख शेयरों में भी निवेश किया है) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर प्रति शेयर मूल्य 1.14 रुपये माना है।*	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है**- अवलोकन को नोट कर लिया है और वर्तमान वित्त वर्ष यानि 2023-24 में मूल्यांकन कराया जाएगा।
क.1.3 अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां (नोट संख्या 9): 786.06 करोड़ रु. (i) उपरोक्त में जमा किये गये सेवा-कर की 4.71 करोड़ रु. कर राशि शामिल है, जो विरोध के कारण वसूली-योग्य सेवा-कर के रूप में दर्शायी गई है। हालाँकि, सबका विश्वास (लीगेसी विवाद समाधान) योजना 2019 के तहत आवेदन दाखिल करते समय सेवा कर बकाया के 4.71 करोड़ रु. में से 4.53 करोड़ रु. (3.86 करोड़ रु. जमा 0.67 करोड़ रु.) की राशि को कंपनी द्वारा पहले ही समायोजित किया जा चुका है (दिसंबर 2019)। इसलिए, इसे रिवर्स किया जाना था। **सेवा कर जमा को वापस न करने के परिणामस्वरूप अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों को अधिक बताया गया और हानि को 4.53 करोड़ रु. कम दिखाया गया।**	मामले का मूल्यांकन किया जा रहा है और वित्त वर्ष 2023-24 में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हालाँकि, 30 जून, 2023 तक खाता-बहियों में आवश्यक प्रावधान किये गये है।
क.1.4 व्यापार प्राप्य (नोट संख्या 06) - 239.05 करोड़ रु. उपरोक्त में आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी) की होटल यूनिट, आईआईडीएल सुइट्स से संबंधित व्यापार प्राप्य के 1.51 करोड़ रु. शामिल है, जिसमें से 1.13 करोड़ रु. विभिन्न काल्पनिक प्रविष्टियों से संबंधित है, जैसा कि सहायक कंपनी के बोर्ड को फरवरी 2023 में सूचित किया गया था और जिसके विरुद्ध मात्र 0.63 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। चूंकि	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है**- अवलोकन को नोट किया गया और प्रावधानों की समीक्षा की जाएगी और वर्तमान वित्त वर्ष यानि 2023-24 में अतिरिक्त प्रावधान किए जाएंगे।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
सहायक कंपनी ने स्वयं इन देनदारियों को काल्पनिक होने के कारण संदिग्ध माना है, इसलिए इन देनदारियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया जाना चाहिए था। **संदिग्ध देनदारों के विरुद्ध प्रावधान न करने के परिणामस्वरूप व्यापार प्राप्तियों को अधिक बताया गया और वर्ष की हानि को 0.50 करोड़ रु. (1.13 करोड़ रु. घटा 0.63 करोड़ रु.) कम बताया गया।**	
क.2 गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां **क.2.1 इन्वेंटरी – 71.46 करोड़ रु.** (i) आईएफसीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी) ने बेंगलुरु और कोलकाता में अपनी भूमि का मूल्य क्रमशः 11.77 करोड़ रु. और 16.59 करोड़ रु. के बजाय क्रमशः 12.77 करोड़ रु. और 16.86 करोड़ रु. निर्धारित किया, जिसके परिणामस्वरूप इन्वेंटरी को अधिक बताया गया और वर्ष के नुकसान को 1.27 करोड़ रु. कम बताया गया। यह समेकित वित्तीय विवरणों के (व्यापार में स्टॉक) संबंधी महत्वपूर्ण लेखांकन नीति सं (क्यू)(अ), जिसके अनुसार, ''इन्वेंट्री में सभी भूमि सम्पतियां शामिल है और इनका मूल्य लागत से कम या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य माना जाता हैं'' के अनुपालन का उल्लंघन है।	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है–** इसमें 2023-24 की पहली तिमाही में सुधार करके अपडेट किया गया है।
क.2.2 वर्तमान कर परिसंपत्तियां (शुद्ध) – 82.34 करोड़ रु. (i) उपरोक्त में **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** से संबंधित आकलन वर्ष (एवाई) 2019-20 और 2020-21 के लिए स्रोत पर काटा गया अग्रिम आयकर/कर शामिल है। आयकर विभाग ने क्रमशः 0.23 करोड़[6] के रिफंड को मंजूरी दी और कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए 0.83 करोड़[7] की मांग की। चूंकि प्रबंधन ने आदेशों का विरोध नहीं किया, इसलिए कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के अग्रिम आयकर को उलट दिया जाना चाहिए था और 0.23 करोड़ रु. की वसूली योग्य राशि दिखाई जानी चाहिए थी और कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 की 0.83 करोड़ रु. की देनदारी, 0.68 करोड़ रु. के अग्रिम आयकर को उलटने के बाद बुक किया जाना चाहिए था। आयकर विभाग के आदेशों पर विचार न करने के परिणामस्वरूप वर्तमान कर परिसंपत्ति को 1.47 करोड़ रु. से अधिक बताया गया, प्रावधानों को 0.83 करोड़ रु. से कम बताया गया और वर्ष की हानि को 2.30 करोड़ रु. से कम बताया गया। [6]*आदेश दिनांक 28 जुलाई 2020 द्वारा* [7]*आदेश दिनांक 30 दिसम्बर 2021 द्वारा*	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है–** कर-निर्धारण वर्ष 20-21 के लिए, धारा 154 के तहत सुधार हेतु आवेदन दायर किया गया और कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए, आवेदन वर्तमान वित्त वर्ष यानि 2023-24 में दाखिल किया जाएगा। (सुधार हेतु आवेदन दाखिल करने की समय सीमा आदेश की तारीख से 4 वर्ष है)।
क.2.3 निवेश संपत्ति (नोट संख्या 12) – 298.16 करोड़ रु. (i) संपत्ति, संयंत्र व उपकरण और निवेशित संपत्तियों के बारे में कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या (जी) का संदर्भ ग्रहण किया जाए, जो अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करता है कि ''मूल्यह्रास के लिए प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के तहत निर्धारित उपयोगी जीवन-काल के अनुसार सीधी रेखा पद्धति के आधार पर किया जाता है। मूल्यह्रास की गणना आनुपातिक आधार पर की जाती है, जिसमें निवेश में वृद्धि का माह शामिल है और बिक्री/निपटान का माह शामिल नही है। इमारतों और वाहनों के संबंध में अवशिष्ट मूल्य लागत का 5% माना जाता है।'' तदनुसार, **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** की निवेश संपत्ति (भवन) पर लगाया जाने वाला मूल्यह्रास 1.58 प्रतिशत ((100-5)/60)% होना चाहिए था, जो 0.15 करोड़[8] बनता है। कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए 0.39 करोड़ रु. का मूल्यह्रास वसूलने के बाद निवेश संपत्ति का मूल्यांकन किया।	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है–** इसमें 2023-24 की पहली तिमाही में सुधार करके अपडेट किया गया है।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
मूल्यह्रास की राशि अधिक दिखाने के परिणामस्वरूप निवेश संपत्ति को कम दिखाया गया और वर्ष की हानि को 0.24 करोड़ रु. से अधिक दिखाया गया। *[$]9.29 करोड़ रु. *1.58 प्रतिशत*	
क.3 देनदारियाँ: गैर-वित्तीय देनदारियाँ **क.3.1 प्रावधान (नोट संख्या 23) – 183.65 करोड़ रु.** (i) तनावग्रस्त संपत्तियों के रिजॉल्यूशन हेतु आरबीआई की विवेकपूर्ण रूपरेखा में निर्धारित किया गया है कि उधार लेने वाली संस्थाओं के स्वामित्व में परिवर्तन के मामले में, स्वामित्व में परिवर्तन लागू होने के बाद संबंधित उधार लेने वाली संस्थाओं के ऋणों को 'मानक' के रूप में जारी/उन्नत किया जा सकता है। हालाँकि, उधार लेने वाली संस्थाओं के स्वामित्व में परिवर्तन की तिथि पर बैंक द्वारा उक्त खाते के विरुद्ध किये गए प्रावधानों की मात्रा (अतिरिक्त प्रावधानों को छोड़कर) को निगरानी अवधि की समाप्ति के बाद ही उलटा किया जा सकता है, बशर्ते कि उसके दौरान संतोषजनक प्रदर्शन हो। संतोषजनक प्रदर्शन का मतलब है कि उधारकर्ता इकाई ने संबंधित अवधि के दौरान किसी भी समय डिफॉल्ट न किया हो। निगरानी अवधि को इस तरह परिभाषित किया गया है, ''रिजॉल्यूशन योजना के कार्यान्वयन की तारीख ***से उस तारीख तक की अवधि, जब तक कि रिजॉल्यूशन योजना के अनुसार बकाया मूल ऋण की राशि का कम से कम 10 प्रतिशत और पुनर्गठन, यदि कोई हो, के मंजूर पूंजीगत ब्याज का भुगतान किया गया हो और यह ऋण पर ब्याज या मूलधन (जो भी बाद में हो) के पहले भुगतान की शुरुआत से कम से कम एक वर्ष के भीतर चुकाया गया हो''*** ऑडिट में पाया गया कि आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड (सहायक कंपनी) ने 31 मार्च 2022 तक श्रीराम ईपीसी लिमिटेड (एसईएल) के विरुद्ध 4.96 करोड़ रु. (5.21 करोड़ रु. के सावधि ऋण के विरुद्ध 2.61 करोड़ रु. और 4.69 करोड़ रु. के घरेलू फैक्टरिंग के विरुद्ध 2.35 करोड़ रु.) का प्रावधान किया था। एसईएल के लिए एक रिजॉल्यूशन योजना को मंजूरी दी गई (09.03.2022) क्योंकि प्रबंधन में बदलाव संभावना व्यक्त की गई थी (कुवैत स्थित इकाई, मार्क एबी कैपिटल एलएलसी ने एसईएल में निवेश करने का प्रस्ताव दिया था) और योजना के अनुसार, ऋण की कुल बकाया राशि 13.24 करोड़[9] के मुकाबले 6.12 करोड़ रु. का तुरंत भुगतान प्राप्त करने के बाद खाते का पुनर्गठन किया गया। लेखापरीक्षा में पाया गया कि आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड ने जुलाई 2022 से उपरोक्त ऋण पर ब्याज प्राप्त करना शुरू कर दिया और मार्च 2023 के अंत तक कुल 16.13 लाख रुपये ब्याज प्राप्त किया। चूंकि, मार्च 2023 तक कोई मूल[10] राशि प्राप्त नही हुई है और ब्याज की प्रथम भुगतान तिथि से एक वर्ष भी समाप्त नहीं हुआ है, रिजॉल्यूशन योजना के कार्यान्वयन के समय रखे गए 4.96 करोड़ रु. के प्रावधान को रिवर्स नही किया जाना चाहिए था। प्रावधान राशि के गलत उलटफेर के परिणामस्वरूप प्रावधान को 4.96 करोड़ रु. की सीमा तक कम बताया गया और उसी राशि से वर्ष की हानि को भी कम बताया गया। [9]सावधि ऋण और घरेलू फैक्टरिंग पर ब्याज शामिल है [10]घरेलू फैक्टरिंग का कुल मूलधन 2.65 करोड़ रु. है	**आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड (आईएफएल) से संबंधित है। आईएफएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है–** जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, प्रावधान को तनावग्रस्त संपत्तियों के रिजॉल्यूशन हेतु विवेकपूर्ण ढांचे संबंधी आरबीआई परिपत्र दिनांक 7 जून 2019 के खंड-वाक्यों में एक व्याख्या त्रुटि के कारण रिवर्स किया गया था। सीएजी की टिप्पणी नोट की गई है। सीएजी की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने जून 2023 को समाप्त तिमाही में 2.58 करोड़ रु. का अतिरिक्त प्रावधान किया है और सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में भी 2.35 करोड़ रु. का प्रावधान करेगी। जहां तक खातों के नोट्स में प्रकटीकरण का संबंध है, कंपनी ने खातों के नोट्स में नोट संख्या 41 और 54 में प्रावधानों का खुलासा किया है। हालाँकि, पर्याप्त स्पष्टता के लिए कंपनी ने 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के नोट्स में निम्नलिखित विवरण शामिल किए है: ''आरबीआई परिपत्र संख्या DBR.No.BP.BC.45 / 21.04.048/ 2018-19 दिनांक 07.06.2019 के संदर्भ में वर्ष के दौरान कार्यान्वित रिजॉल्यूशन योजना से संबंधित प्रकटीकरण: मेसर्स एसईपीसी लिमिटेड के खाते में 13.24 करोड़ रु. का बकाया था, जिसे उप-मानक संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया था, उक्त आरबीआई परिपत्र के प्रावधानों के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान इसका समाधान किया गया था। स्वामित्व में परिवर्तन होने के कारण, खाते को उप-मानक से मानक में अपग्रेड कर दिया गया था। रिजॉल्यूशन योजना को पंजाब नेशनल बैंक के नेतृत्व वाले ऋणदाताओं के संघ द्वारा अनुमोदित किया गया था। रिजॉल्यूशन योजना की शर्तों के अनुसार कंपनी को 6.12 करोड़ रु. की अग्रिम राशि प्राप्त हुई।'' जहां तक बकाया डीएसबीएफ ऋणों पर सीएजी की टिप्पणी का संबंध है, यह ध्यान दिया जा सकता है कि 4.51 करोड़ रु. के मूल डीएसबीएफ ऋणों के अलावा, कंपनी ने प्रमुख ऋणदाता, पंजाब नेशनल बैंक के अनुरूप, फरवरी 2021 में कोविड-19 आपातकालीन ऋणों (सीईसीएफ) के लिए तदर्थ सीमा भी मंजूर की थी। 19.04.2022 को आयोजित बैठक के ज्ञापन में केवल उन ऋणों का उल्लेख है जिन्हें सीडीआर के तत्वावधान में दिसंबर 2014 में पुनर्गठित किया गया था, जिसमें 4.51 करोड़ रु. का डीएसबीएफ भी शामिल है। हालाँकि, लेखांकन प्रणाली में, कोविड-19 आपातकालीन ऋण में डीएसबीएफ के हिस्से को भी मूल डीएसबीएफ ऋण में जोड़ दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप 4.69 करोड़ रु. का आंकड़ा प्राप्त हुआ।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
(ii) उपरोक्त में आईआईडीएल एरी, कोच्चि (आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी) द्वारा विकसित परियोजना) के स्वामियों/आवंटियों द्वारा दायर और विभिन्न उपभोक्ता मंचों पर लंबित मामलों के लिए प्रावधानित 0.40 करोड़ रु. शामिल नहीं है। सहायक कंपनी ने आईआईडीएल एरी, कोच्चि परियोजना के ठेकेदार को कुल प्रतिधारण राशि 0.80 करोड़ रु. में से पूर्ण और अंतिम निपटान हेतु 0.40 करोड़ रु. की प्रतिधारण राशि जारी करते हुए मालिकों/आवंटियों द्वारा विभिन्न उपभोक्ता मंचों पर दायर किये गये मामलों के कारण 0.40 करोड़ रु. का प्रावधान करने का निर्णय लिया। **हालाँकि, सहायक कंपनी द्वारा कानूनी मामलों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप प्रावधानों को कम दर्शाया गया और 0.40 करोड़ रु. की हानि हुई।**	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है**– इसमें 2023-24 की पहली तिमाही में सुधार किया गया है और अपडेट किया गया है।
क.4 देनदारियाँ: वित्तीय देनदारियाँ **क.4.1 अन्य वित्तीय देनदारियां (नोट संख्या 22) – 3756.33 करोड़ रु.** उपरोक्त में 20.39 करोड़ रु. शामिल नही है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा **स्टॉकहोल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सहायक कंपनी)** द्वारा जारी राहत बांडों के बांडधारकों को भुगतान की जाने वाली राशि से सृजित सावधि जमा पर अर्जित ब्याज है। जिसके लिए बांडधारकों द्वारा दावा नहीं किया गया। पिछले कुछ वर्षों में सहायक कंपनी द्वारा 20.39 करोड़ रु. के ब्याज को आय की तरह दर्ज किया गया है। चूँकि सावधि जमा की राशि सहायक कंपनी के स्वामित्व में नहीं है, उस पर अर्जित ब्याज दायित्व है और सहायक कंपनी की आय नहीं है। इसके परिणामस्वरूप 'अन्य वित्तीय देनदारियों' को 20.39 करोड़ रु. से कम बताया गया है, साथ ही 'अन्य आय' को अधिक बताया गया है और चालू वर्ष की हानि को 1.18 करोड़ रु. से कम बताया गया है और अन्य इक्विटी को 19.21 करोड़ रु. से अधिक बताया गया है।	**स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसएचसीआईएल) से संबंधित है। एसएचसीआईएल के प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया इस प्रकार है** "निगम 1998 से आरबीआई द्वारा अधिसूचित शर्तों के अनुसार रिलीफ बांडों के बांडधारकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। ऐसा करते समय, विभिन्न कारणों से कुछ बांड धारकों के बैंकरों को दिये गये भुगतान संबंधी निर्देश उनके बैंकरों द्वारा वापस कर दिए जाते है। निगम ऐसे बांड धारकों तक पहुंचने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करता है, ताकि कैश न कराये जा सके मोचन/अर्धवार्षिक ब्याज आय का भुगतान किया जा सके। अंतरिम अवधि में ऐसी राशि निगम के बैंक खातों में रखी जाती है और वित्तीय विवरणों में देनदारी के रूप में दिखाई देती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 11 सितंबर, 23 को बैंकों/स्टॉकहोल्डिंग को, राहत बांडों/बचत बांडों की परिपक्वता पर मोचन आय और उस पर अर्धवार्षिक ब्याज भुगतान के कारण, उनके पास अनकैश्ड जमाओं के संबंध में निर्देश जारी किए है। निर्देशों के अनुसार बैंकों/स्टॉकहोल्डिंग को ऐसे दावा न किये गये भुगतानों को, निर्दिष्ट समय-सीमा अंदर आरबीआई को वापस भेजना था। स्टॉकहोल्डिंग ने उक्त निर्देशों का अनुपालन किया है और इसका पालन करना जारी रखेगा। इस प्रकार, निगम ने लागू सेवा आवश्यकताओं, लेखांकन मानकों, प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और कर देनदारियों का विधिवत निर्वहन किया है।''
क.5 व्यय: वित्तीय संपतियों की हानि (नोट संख्या 32) **ऋण – (87.73 करोड़ रु.)** उपरोक्त राशि में मेसर्स अनिल लिमिटेड[11] के संबंध में अपेक्षित क्रेडिट हानि के रिवर्सल के लिए प्रावधान किये गये 0.84 करोड़ रु. शामिल है। आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड (सहायक कंपनी) ने इस मामले में अपेक्षित क्रेडिट लॉस (ईसीएल) की गणना करते समय सिक्योरिटी के मूल्य को 18.10 करोड़ रु. माना, जो फरवरी 2022 में आयोजित नीलामी के लिए निर्धारित संचय मूल्य था (बिक्री सफल नहीं हुई) और अगले तीन वर्षों के लिए गणना की गई अपेक्षित कानूनी लागत पर विचार करते हुए सिक्योरिटी प्राप्ति का वर्तमान मूल्य 8.23 करोड़ रु. है। हालाँकि, संपत्ति की बिक्री के लिए 03 मई 2023 को निर्धारित संचय मूल्य 16.28 करोड़ रु. था और इसलिए, सिक्योरिटी वसूली का वर्तमान मूल्य 7.39 करोड़ रु. बनता है। नवीनतम संचय मूल्य पर विचार न करने के परिणामस्वरूप वर्ष के व्यय व हानि को 0.84 करोड़ रु. (8.23 करोड़ रु. घटा 7.39 करोड़ रु.) कम बताया गया है। *[11]ऋण सं.: 2015912001*	**आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड (आईवीसीएफ) से संबंधित है। आईवीसीएफ प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत उत्तर इस प्रकार है:** अनिल लिमिटेड के मामले में आवश्यक प्रावधान, नवीनतम प्रतिभूति मूल्य मानते हुए जून 2023 में किया गया है।

सीएजी की टिप्पणियाँ	आईएफसीआई प्रबंधन की टिप्पणियाँ
ख. समेकित वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियाँ- आकस्मिक देनदारियाँ और प्रतिबद्धताएँ (नोट संख्या 37) - आयकर हेतु आकस्मिक देनदारियां - 9.36 करोड़ रु. उपरोक्त में कर-निर्धारण वर्ष 2012-13 और 2014-15 से 2017-18 हेतु आयकर विभाग द्वारा उठाई गई 2.46 करोड़ रु. की मांग शामिल नहीं है। इसके विरुद्ध **आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (सहायक कंपनी)** द्वारा अपील दायर की गई है। इसलिए, इस राशि को भारतीय लेखांकन मानक 37 (प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक संपत्ति) के पैरा 86 के अनुरूप आकस्मिक देयता के तहत दिखाया जाना चाहिए, जो अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करता है कि, ''जब तक निकट भविष्य में निपटान में किसी भी आउटलो यानि बहिर्वाह की संभावना हो, कंपनी को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में आकस्मिक देनदारी के प्रत्येक वर्ग के, जहां व्यावहारिक हो, आकस्मिक देनदारी की प्रकृति का संक्षिप्त विवरण और उसके वित्तीय प्रभाव का अनुमान प्रकट करना चाहिए।'' अत: उपरोक्त नोट उपरोक्त सीमा तक अपर्याप्त है।	**आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (आईआईडीएल) से संबंधित है। आईआईडीएल प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत उत्तर इस प्रकार है-** अवलोकन नोट कर लिया गया है। इसका वित्त वर्ष 2022-23 की बैलेंस शीट पर कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा। हम वर्तमान वित्त वर्ष यानि 2023-24 में इसमें सुधार करेंगे।
स. लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ **स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट दिनांक 25 मई 2023** कंपनी (लेखा-परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 के खंड 3(vii)(ब) के अनुसार लेखा-परीक्षक को रिपोर्ट में माल व सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारियों का राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर सहित वैधानिक बकाया, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और कोई अन्य वैधानिक बकाया, जो किसी भी विवाद के कारण जमा नही किये गये है, और उस फोरम का नाम, जहां विवाद लंबित है, जैसे विवरण देने आवश्यक है। कंपनी के पास विभिन्न फोरमों जैसे आयकर आयुक्त (अपील), आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण और उच्च न्यायालय के समक्ष 10 आयकर अपीलें लंबित है। लेकिन स्वतंत्र लेखा-परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित केवल तीन मामलों को शामिल किया है और आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण और उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों को शामिल नहीं किया है। इसके अलावा, कंपनी पर 'विवाद से विश्वास' योजना के तहत आकलन वर्ष 2009-10 और 2013-14 से 2016-17 तक की 8.15 करोड़ रु. की आयकर मांग बकाया है, जिसे लेखा-परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में शामिल नहीं किया है। इस प्रकार, स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट सीएआरओ 2020 के उपर्युक्त खंड के गैर-अनुपालन के अलावा उपरोक्त सीमा तक अपर्याप्त है।	**वैधानिक लेखा-परीक्षक से संबंधित है। वैधानिक लेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तर इस प्रकार है:** कंपनी पहले ही वीएसवी योजना का लाभ उठा चुकी है और इस प्रकार, तकनीकी रूप से मांगें कंपनी के विरुद्ध लागू करने योग्य नहीं है। इसके अलावा, विभाग द्वारा की गई कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण, कंपनी ने बकाया अपीलों को वापस नहीं लेने का निर्णय लिया है, जिनका वीएसवी योजना के तहत निपटारा कर दिया गया है। इस प्रकार, बकाया आयकर देनदारियों की रिपोर्टिंग में कोई कमी नहीं आई है। इसके अलावा, पिछले वर्षों में भी यही प्रथा लगातार अपनाई गई है, जिस पर सीएजी द्वारा ऐसी कोई आपत्ति नहीं उठाई गई थी। भविष्य में कंपनी यथास्थिति बनाए रखेगी।

मनोज मित्तल
प्रबंध निदेशक और
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआईएन 01400076

सुनीत शुक्ला
मुख्य महाप्रबंधक और
मुख्य वित्त अधिकारी

प्रियंका शर्मा
कंपनी सचिव

दिनांक: 08 नवंबर, 2023

निगमित शासन प्रणाली पर रिपोर्ट

1. शासन प्रणाली के संबंध में कम्पनी का दर्शन:

निगमित शासन प्रणाली निष्पक्षता, इक्विटी, पारदर्शिता उत्तरदायित्व तथा सूचना के प्रसार के सिद्धान्त पर आधारित है। आईएफसीआई निगमित शासन प्रणाली के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में विश्वास रखता है क्योंकि यह इसका अस्तित्व बनाए रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक है। आईएफसीआई सर्वोत्तम निगमित शासन प्रणाली को व्यवहार में लाने तथा कारोबार के संचालन में उच्चतम नीतिपरक मानकों को प्रोत्साहित करने के लिए पूर्णत: वचनबद्ध है। हमारा कॉर्पोरेट प्रशासन कंपनी की आचार संहिता तथा नैतिकता, कॉर्पोरेट प्रशासन दिशानिर्देशों और समिति चार्टरों से सशक्त हुआ है। हमारी बोर्ड और प्रबंधन प्रक्रियाएं, लेखा-परीक्षा और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली हमारे कॉर्पोरेट प्रशासन ढांचे के आधारभूत सिद्धांतों को दर्शाती है।

2. निदेशक बोर्ड

(क) निदेशक बोर्ड का गठन, श्रेणी व उपस्थिति:

31 मार्च 2023 तक, कंपनी के बोर्ड में 7 (सात) निदेशक शामिल थे, जिनमें से 6 (छह) निदेशक गैर-कार्यकारी निदेशक थे जबकि 1 (एक) कार्यकारी निदेशक था जिसे प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नामित किया गया था (एमडी और सीईओ)।

बोर्ड का गठन, बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, सूचीकरण करार/सेबी (सूचीकरण दायित्व व प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीकरण विनियम) के अनुरूप नही है। बोर्ड का गठन, आयोजित बैठकों की संख्या, बोर्ड बैठकों तथा पिछली वार्षिक महासभा में निदेशकों की उपस्थिति एवं सभी कम्पनियों में, जहां वे 31 मार्च, 2023 की स्थिति अनुसार निदेशक है, की निदेशिता तथा समितियों की अध्यक्षता/सदस्यता की संख्या निम्नानुसार है:

क्र. सं	निदेशक का नाम	श्रेणी	उपस्थिति विवरण			अन्य सभी कम्पनियों में निदेशिताओं/समितियों की सदस्यता/अध्यक्षता की संख्या		
			वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हुई बोर्ड बैठकें		22 दिसम्बर,2022 को हुई वार्षिक महासभा	निदेशिताएं (समेत आईएफसीआई)	समितियों की सदस्यता (समेत आईएफसीआई)	समितियों की अध्यक्षता (समेत आईएफसीआई)
			आयोजित	उपस्थिति				
1.	श्री मनोज मित्तल	कार्यकारी निदेशक - प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ)	7	7	हां	5	-	-
2.	श्री मुकेश कुमार बंसल (#)	गैर-कार्यकारी निदेशक- सरकारी निदेशक	2	2	लागू नही	4	2	-
3.	श्री कार्तिकेय मिश्र (#)	गैर-कार्यकारी निदेशक- सरकारी निदेशक	2	2	लागू नही	1	1	-
4.	प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन	गैर-कार्यपालक निदेशक	7	7	हां	2	1	-
5.	प्रो. अरविन्द सहाय	गैर-कार्यपालक निदेशक	7	7	हां	3	5	1
6.	श्री सुरेंद्र बेहरा ($)	गैर-कार्यपालक निदेशक	2	2	हां	1	1	-
7.	श्री अरविन्द कुमार जैन ($)	गैर-कार्यपालक निदेशक	2	2	हां	6	5	2
वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र देने वाले निदेशक								
1.	श्री सुनील कुमार बंसल (*)	कार्यकारी निदेशक - उप प्रबंध निदेशक	3	3	लागू नही	1	2	-
2.	श्री कनकसाबापथि कादिरेसन (%)	गैर-कार्यापालक निदेशक	4	4	लागू नही	1	-	-
3.	डॉ. भूषण कुमार सिन्हा (@)	गैर-कार्यपालक - सरकारी निदेशक	5	3	नही	2	1	-
4.	सुश्री आनन्दिता सिन्हारे (@)	गैर-कार्यपालक - सरकारी निदेशक	5	3	नही	3	3	-

(#) श्री मुकेश कुमार बंसल और श्री कार्तिकेय मिश्रा को 02.02.2023 से बोर्ड में सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

($) श्री सुरेंद्र बेहरा और श्री अरविंद कुमार जैन को 09.11.2022 को बोर्ड में नियुक्त किया गया था।

(*) श्री सुनील कुमार बंसल 13.09.2022 से बोर्ड में नहीं रहे।

(%) श्री कनकसाबापति कादिरेसन 02.10.2022 से बोर्ड पर नहीं रहे।

(@) डॉ. भूषण कुमार सिन्हा और सुश्री अनिंदिता सिंहराय 06.01.2023 से बोर्ड में नहीं रहे।

टिप्पणियां:

1. बैठकों की संख्या उस अवधि के दौरान हुई बैठकों को दर्शाती है, जिसमें निदेशक बोर्ड के सदस्य थे।
2. ऊपर दर्शायी गई अन्य निदेशिताएं (आईएफसीआई लि. सहित) सभी सार्वजनिक कम्पनियों चाहे वह सूचीबद्ध है या नहीं है। अन्य निगमित निकायों, निजी कंपनियों, विदेशी कंपनियों और गैर-लाभकारी संगठनों में धारित निदेशिताओं को उक्त तालिका में शामिल नहीं किया गया है।
3. उक्त समिति सदस्यता/अध्यक्षता में केवल लेखा-परीक्षा समिति और आईएफसीआई लि. सहित सभी सरकारी लिमिटेड कम्पनियों (चाहे सूचीबद्ध हो या नहीं) में स्टेकहोल्डर रिलेशनशिप समिति शामिल है। अन्य निगमित निकायों में धारित समिति सदस्यता/अध्यक्षता ऊपर तालिका में शामिल नहीं की गई है।
4. सदस्यता की संख्या में समितियों में धारित अध्यक्षता शामिल है।
5. सेवानिवृत्त/त्यागपत्र देने वाले निदेशकों के सम्बन्ध में, अन्य निदेशिता और समिति सदस्यता की स्थिति निदेशक द्वारा किए गए अन्तिम प्रकटन पर आधारित है।
6. कोई भी निदेशक एक दूसरे या कम्पनी के किसी प्रमुख प्रबन्धकीय कार्मिक से सम्बन्धित नहीं है।
7. बोर्ड का कोई भी निदेशक इन सभी कम्पनियों, जिनमें वे निदेशक है, में 10 (दस) से अधिक समितियों का सदस्य नहीं है और 5 (पांच) से अधिक समितियों का अध्यक्ष नहीं है। 31 मार्च, 2023 की स्थिति अनुसार, अन्य पब्लिक कम्पनियों में उनकी स्थिति के बारे में आवश्यक प्रकटन निदेशकों द्वारा किया गया है।
8. किसी निदेशक की स्वतंत्रता का निर्धारण सूचीकरण विनियम, जहां कहीं लागू हो, के अंतर्गत निर्धारित मानदण्ड के द्वारा किया जाता है। 31 मार्च, 2023 की स्थिति अनुसार, कम्पनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।
9. सूचीबद्ध कंपनियों (केवल जिनकी इक्विटी सूचीबद्ध है) में अन्य निदेशिता, जहां आईएफसीआई के बोर्ड का सदस्य निदेशक है और निदेशिता की श्रेणी: 31 मार्च, 2023 की स्थिति अनुसार, निम्नलिखित को छोड़कर अन्य सूचीबद्ध कंपनियों में कोई अन्य बोर्ड सदस्य निदेशिता धारण नही करता है:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अन्य सूचीबद्ध कंपनियों का नाम और निदेशिता की श्रेणी
1.	श्री मुकेश कुमार बंसल	बैंक ऑफ बड़ौदा (गैर-कार्यकारी - सरकार द्वारा नामित निदेशक)
2.	प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन	इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लि. (गैर कार्यपालक-स्वतंत्र निदेशक)
3.	प्रो. अरविन्द सहाय	एचआईएल लिमिटेड (स्वतंत्र निदेशक)

(ख) आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या एवं तारीखें:

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान निदेशक मंडल की 7 (सात) बैठकें हुई। 2022 में आयोजित बैठकों की तारीखें 18 मई, 28 मई, 10 अगस्त, 27 सितंबर, 09 नवंबर, 13 फरवरी और 2023 में 28 मार्च थी।

(ग) नए निदेशकों की नियुक्ति/पुन: नियुक्ति के विवरण वार्षिक महासभा की सूचना का भाग है।

(घ) 31 मार्च, 2023 तक किसी भी गैर-कार्यकारी निदेशक के पास कंपनी के शेयर और परिवर्तनीय उपकरण नहीं थे।

(ङ) स्वतंत्र निदेशक के लिए परिचित होने का कार्यक्रम

परिचित होने का कार्यक्रम एक अनवरत् प्रक्रिया है। कम्पनी इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने निदेशकों को उनकी भूमिकाओं, अधिकारों और कम्पनी में उनके उत्तरदायित्वों, उद्योग के स्वरूप, जिसमें कम्पनी कार्यरत है, कम्पनी के कारोबार मॉडल के बारे में जानकारी देने का प्रयास करती है। परिचित होने के ऐसे कार्यक्रमों के विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर दिए जाते है, जिन्हें www.ifciltd.com / https://www.ifciltd.com/upload/Details-Familiarisation-Programme_new.pdf पर देखा जा सकता है। तथापि, वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नही किया गया था क्योंकि बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

(च) निदेशक बोर्ड कौशल/विशेषज्ञता/सक्षमता तय करने का चार्ट/मैट्रिक्स तथा उन निदेशकों के नाम जिनके पास ऐसा कौशल/विशेषज्ञता/सक्षमता है।

1.	शैक्षिक योग्यता	(i) कोई स्नातक/स्नातकोत्तर/एम.फिल/डाक्टरेट/ऐसी अन्य अर्हता रखता हो जैसा ठीक समझा जाए। (ii) कोई अन्य पेशेवर योग्यता/डिग्री/डिप्लोमा/ऐसी अन्य अर्हता रखता हो जैसा ठीक समझा जाए।
2.	अनुभव/विशेषज्ञता	(i) उचित कौशल, अनुभव और वित्त, विधि, प्रबंधन, बिक्री विपणन, प्रशासन, अनुसंधान, कारपोरेट अभिशासन, तकनीकी प्रचालन या कम्पनी के कारोबार से संबंधित अन्य विषयों में एक या अधिक क्षेत्रों में जानकारी रखता हो। (ii) तरजीही रूप से अपेक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम या मध्य पेशा पेशेवर विकास प्रशिक्षण किया हो जिसने उसको व्यवसाय परिवेश में बदलती परिस्थितियों के लिए अनुकूल बनाया हो।

31 मार्च, 2023 की स्थिति अनुसार, बोर्ड के सभी निदेशक ऊपर दी गई शैक्षिक योग्यता और अनुभव/सुविज्ञता के मानदण्ड को पूरा करते हैं।

3. लेखा-परीक्षा समिति:

(क) विचारार्थ विषय:

लेखा-परीक्षा समिति के विचारार्थ विषय मुख्यत: कम्पनी के लेखा-परीक्षा कार्य के परिचालनों की प्रभावशीलता का अध्ययन, आन्तरिक नियंत्रण प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा, कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी, बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले आवधिक एवं वार्षिक वित्तीय विवरणों की प्रबन्धन के साथ समीक्षा और नियामक मार्गनिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने से सम्बन्धित है। समिति आन्तरिक लेखा-परीक्षकों और सांविधिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्टों की तथ्यपरक समीक्षा करने तथा प्रबन्धन द्वारा उन पर पर्याप्त अनुवर्ती कार्यवाही करना सुनिश्चित करने के लिए भी जवाबदेह है। समिति उनके शुल्क निर्धारण की संस्तुति करती है।

समिति अन्तर निगमित ऋणों तथा निवेशों की संवीक्षा, कम्पनी की वचनबद्धता या परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन, आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण तथा जोखिम प्रबन्धन का मूल्यांकन, सार्वजनिक पेशकश की मार्फत जुटाई गई निधियों के अन्तिम उपयोग का अनुवर्तन, सतर्कता कार्य-प्रणाली की निगरानी तथा कम्पनी के सम्बन्धित पक्षकारों से संव्यवहारों का अनुमोदन अथवा उसके पश्चात् कोई आशोधन का कार्य करती है। समिति धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा करती है और इसकी सूचना भी देती है।

(ख) समिति का गठन, बैठकें तथा उपस्थिति:

31 मार्च, 2023 तक, आईएफसीआई की ऑडिट समिति में चार (4) निदेशक शामिल थे, सभी 4 (चार) गैर-कार्यकारी निदेशक थे। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, आईएफसीआई के निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति की 6 (छह) बैठकें हुई। 2022 में, बैठकें 14 अप्रैल, 28 मई, 10 अगस्त, 09 नवंबर, 13 फरवरी और 2023 में 28 मार्च को आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैठकों में लेखापरीक्षा समिति की संरचना और निदेशकों की उपस्थिति नीचे दिखाई गई है:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैठकों की संख्या	
				आयोजित	उपस्थिति
समिति के सदस्य					
1.	प्रो. अरविन्द सहाय	अध्यक्ष*	30.10.2017	6	6
2.	मुकेश कुमार बंसल	सदस्य	02.02.2023	2	1
3.	प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन	सदस्य	30.01.2020	6	6
4.	श्री अरविन्द कुमार जैन	सदस्य	09.11.2022	2	2
वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान निदेशक जो सदस्य नहीं रहे					
1.	श्री सुनील कुमार बंसल	सदस्य	13.09.2022	3	3
2.	डॉ. भूषण कुमार सिन्हा	सदस्य	06.01.2023	4	2

***टिप्पणी:** स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में प्रो. अरविन्द सहाय का समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया था, जब तक कि कम्पनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक को नियुक्त नहीं किया जाए।

लेखा-परीक्षा समिति की बैठकों में, जहां कहीं आवश्यक हुआ, समिति के निर्णय के अनुसार सांविधिक लेखा-परीक्षकों तथा अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों को उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया था। कम्पनी सचिव लेखा-परीक्षा समिति के सचिव के रूप में कार्य करता है।

4. नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति:

(क) विचारार्थ विषय:

समिति के विचारार्थ विषय में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक (स्वतंत्र निदेशकों और नामित निदेशकों को छोड़कर) बनने के योग्य है तथा वरिष्ठ प्रबंधन की नियुक्ति की सिफारिश करना है। समिति बोर्ड को वरिष्ठ प्रबंधन को देय किसी भी रूप में सभी पारिश्रमिकों एवं स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करने की सिफारिश करती है। समिति पेशा प्रबंध और उत्तराधिकार योजना सहित एचआर मामलों पर नीति का अनुशीलन भी करती है।

(ख) कार्य निष्पादन मूल्यांकन:

आईएफसीआई लि. की नामांकन व पारिश्रमिक समिति ने स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशक बोर्ड के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने के मानदण्ड निर्धारित किए हैं। कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के मानदण्ड में उनकी भूमिका, कार्य तथा विभिन्न अन्य लक्षण शामिल है।

निदेशकों द्वारा उल्लिखित सुधारों के केन्द्रित क्षेत्रों में, बोर्ड की संरचना/समितियों की संरचना शामिल है, जो अभी वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। चूंकि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था, इसलिए स्वतंत्र निदेशकों की कोई बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। प्रशासनिक मंत्रालय प्रभारी होने के नाते वित्तीय सेवा विभाग को अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने का अनुरोध भेजा गया है और विभाग द्वारा की जाने वाली नियुक्तियों की प्रतीक्षा है। हालाँकि, हमारे अनुरोध पर विचार करते हुए 1(एक) स्वतंत्र निदेशक, श्री उमेश कुमार गर्ग को भारत सरकार द्वारा बोर्ड में नियुक्त किया गया है।

(ग) समिति का गठन, बैठकें तथा उपस्थिति:

31 मार्च, 2023 को, समिति में चार निदेशक शामिल थे, ये सभी गैर-कार्यकारी निदेशक थे। वर्ष के दौरान, समिति की 4 (चार) बैठकें 10 अगस्त, 2022, 09 नवंबर, 2022, 13 फरवरी, 2023 और 28 मार्च, 2023 को आयोजित की गई। स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, निदेशकों की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना लिस्टिंग विनियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 की लागू धाराओं के अनुरूप नहीं थी। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान समिति की संरचना और बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति नीचे दिखाई गई है:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	श्रेणी	नियुक्ति/समाप्ति की तारीख	वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैठकों की संख्या	
				आयोजित	उपस्थिति
समिति के सदस्य					
1.	श्री अरविन्द कुमार जैन	अध्यक्ष*	09.11.2022	2	2
2.	श्री कार्तिकेय मिश्र	सदस्य	02.02.2023	2	0
3.	प्रो. नारायणस्वामी बालाकृष्णन	सदस्य	04.06.2020	4	4
4.	प्रो. अरविन्द सहाय	सदस्य	30.10.2017	4	4
वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान निदेशक जो सदस्य नहीं रहे					
1.	डॉ. भूषण कुमार सिन्हा	सदस्य	06.01.2023	2	2
2.	श्री सुनील कुमार बंसल	सदस्य	13.09.2022	1	1

* 'स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, श्री अरविंद कुमार जैन को 02.02.2023 से कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति होने तक समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

(घ) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान प्रबंधकीय कार्मिकों को दिए गए पारिश्रमिक के विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	सहायक कम्पनी का नाम	प्रत्यक्ष सहायक कम्पनियां						स्टैप डाउन सहायक कम्पनियां						
		आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फ़ंड्स लि.	आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट लि.	आईएफसीआई फैक्टर्स लि.	आईएफसीआई फाइनेंशियल सर्विसिज लि.	स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लि.	एमपीकॉन लि.	आईआईडीएल रियल्टर्स प्रा. लि.	आईफिन कमोडिटीज लि.	आईफिन क्रेडिट लि.	आईफिन सिक्यूरिटीज फाइनेंस लि.	स्टॉक होल्डिंग डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सर्विसिज लि.	एसएचसीआईएल सर्विसिज लि.	स्टॉक होल्डिंग सिक्युरिटीज आईएफएससी लि.
1.	शेयर पूंजी	60.37	427.09	279.44	41.53	21.05	1.00	0.01	5.00	2.50	30.01	55.75	6.09	20.00
2.	रिजर्व एवं अधिशेष निधि	111.86	95.79	-175.85	24.89	5,934.97	10.02	8.81	-1.57	-0.51	-0.66	-14.26	88.99	-5.76
3.	कुल परिसम्पत्तियां	179.06	550.25	259.88	85.39	8,948.01	20.71	17.24	6.07	1.99	29.49	172.48	267.67	17.44
4.	कुल देयताएं	6.83	27.37	156.29	18.97	2,991.99	9.69	8.42	2.64	-	0.14	130.99	172.59	3.20
5.	निवेश	28.88	137.56	10.70	36.15	6,665.39	-	-	-	-	2.54	-	-	-
6.	टर्नओवर	15.27	40.42	9.88	15.94	674.12	179.60	3.48	0.46	0.09	2.35	84.71	95.32	0.35
7.	कराधान पूर्व लाभ	4.88	16.46	-0.54	-3.82	209.71	6.01	2.15	-0.66	0.008	0.33	5.83	19.43	-1.85
8.	कराधान हेतु प्रावधान	-0.54	0.33	-3.67	-	31.60	1.60	0.84	0.00	-0.001	-0.06	0.88	5.54	-
9.	कराधान पश्चात् लाभ	5.42	16.13	-4.22	-3.82	178.11	4.41	1.31	-0.66	0.007	0.39	4.95	13.89	-1.85
10.	प्रस्तावित लाभांश	-	-	-	-	89.06	1.00	-	-	-	-	-	4.87	-
11.	शेयरधारिता %*	98.59%	100.00%	99.90%	94.78%	52.86%	79.72%	100.00%	100%	100%	100%	100%	100%	100%

*स्टैप डाउन सहायक कम्पनियों के लिए दी गई शेयरधारिता का % उनकी तत्काल सम्बन्धित धारक कम्पनी की शेयरधारिता को दर्शाता है।

टिप्पणी: सभी सहायक कम्पनियां भारत में निगमित है और ये धारक कम्पनी के समान ही रिपोर्टिंग अवधि का पालन करती है। अर्थात 31 मार्च को समाप्त होने वाले 12 माह।

आईएफसीआई लिमिटेड के निदेशक बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

मनोज मित्तल
प्रबंध निदेशक व
मुख्य कार्याकारी अधिकारी
डीआईएन: 01400076

प्रो.अरविन्द सहाय
निदेशक
डीआईएन: 03218334

प्रसून
मुख्य महाप्रबंधक व
मुख्य वित्तीय अधिकारी

प्रियंका शर्मा
कम्पनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई, 2023

भाग ''ख'' : सहयोगी कम्पनियां व संयुक्त उद्यम

सहयोगी कम्पनियों व संयुक्त उद्यमों के सम्बंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के अनुसार विवरण

(करोड़ रुपए में)

क्रम. सं.	सहयोगी कम्पनियों/ संयुक्त उद्यमों का नाम	एथेना छत्तीसगढ़ पावर प्रा. लि.	गति इंफ्राक्ट्रक्चर भास्मे पावर प्रा. लि.$	किटको लि.$	नगाई पावर प्रा. लि.	शीगा एनर्जी प्रा. लि.	वदराज सीमेंट लि.	वदराज एनर्जी (गुजरात) लि.
1.	नवीनतम लेखापरीक्षित तुलन-पत्र की तारीख	**31-Mar-20**	**31-Mar-22**	**31-Mar-23**	**31-Mar-21**	**31-Mar-22**	**31-Mar-18**	**31-Mar-18**
2.	वर्ष के अंत में कम्पनी द्वारा धारित सहयोगी कम्पनियों/ संयुक्त उद्यमों के शेयर							
	इक्विटी शेयरों की संख्या	13,85,40,000	4,50,20,000	19,950	56,40,000	5,10,00,000	6,39,16,797	3,60,00,000
	सहयोगी कम्पनियों/संयुक्त उद्यमों में निवेश की राशि-इक्विटी शेयर	137.29	45.02	0.04	5.17	51.00	63.92	35.44
	धारिता की सीमा	7.01%	38.73%	20.26%	26.46%	28.43%	3.20%	24.00%
3.	ऐसे कारण, जिनसे सहयोगी कम्पनी/ संयुक्त उद्यम का समेकन नहीं किया गया	इंड एएस 28, पैरा 20 के अनुसार कोई संस्था किसी सहयोगी या संयुक्त उद्यम में एंड एएस 105 को किसी निवेश या निवेश के किसी भाग पर लागू करेगी जो बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किए जाने के मानदण्ड को पूरा करता है। किसी सहयोगी कम्पनी या संयुक्त उद्यम में, निवेश के रखे गए किसी भाग, जिसे बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया जो बिक्री होने के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत है, के भाग के निपटान तक इक्विटी विधि का प्रयोग करके हिसाब में लिया जाएगा। निपटान होने के पश्चात् कोई कम्पनी सहयोगी कम्पनी या संयुक्त उद्यम में रखे गए हित को इंड एएस के अनुसार हिसाब में लेगी जब तक कि सहयोगी कम्पनी या संयुक्त उद्यम में रखा गया हित जारी रहता है जिस मामले में कम्पनी इक्विटी विधि का प्रयोग करती है। चूकि इन कंपनियों में निवेश को बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है, तदनुसार, इन कम्पनियों को समेकित नहीं किया है।						
4.	कम्पनी का निवल मूल्य	1,954.75	116.44	31.48	-69.20	-261.16	-1,112.87	-137.35
	– इक्विटी शेयर पूंजी	1,975.06	116.24	9.85	365.47	179.42	2,000.00	150.00
	– अधिमान शेयर पूंजी		-					-
	– संपरिवर्तनीय अधिमान शेयर पूंजी		-					
	– रिजर्व व अधिशेष	-20.01	0.20	21.63	-434.67	-440.58	-3,112.87	-287.35
5.	नवीनतम लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र के अनुसार शेयरधारिता के कारण निवल मूल्य (केवल इक्विटी)	137.03	45.10	6.38	-18.31	-74.24	-35.57	-32.96
6.	वर्ष के लिए लाभ/हानि	-0.30	-	-5.11	-235.31	-70.09	-1,595.29	-212.99
	i. समेकन में शामिल किया गया	-	-	-	-	-	-	-
	ii. समेकन में शामिल नहीं किया गया	-0.30	-	-5.11	-235.31	-70.09	-1,595.29	-212.99

$ I-जीएएपी वित्तीय विवरणों पर विचार किया गया है।

^ अनंतिम वित्तीय पर आधारित

आईएफसीआई लिमिटेड के निदेशक बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

मनोज मित्तल
प्रबंध निदेशक व
मुख्य कार्याकारी अधिकारी
डीआईएन: 01400076

प्रो.अरविन्द सहाय
निदेशक
डीआईएन: 03218334

प्रसून
मुख्य महाप्रबंधक व
मुख्य वित्तीय अधिकारी

प्रियंका शर्मा
कम्पनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई, 2023

स्वतंत्र लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट

आईएफसीआई लिमिटेड के सदस्यगण,

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

हमने **आईएफसीआई लिमिटेड** (''कम्पनी'') के संलग्न स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र, लाभ एवं हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), नकद प्रवाह विवरण और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य स्पष्टीकारक विवरणों सहित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां शामिल है (जिसे इस रिपोर्ट में आगे ''स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण'' कहा जाएगा)। हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपरोक्त स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण कम्पनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') के तहत अपेक्षित सूचना यथानुसार देते है और 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार मामलों की स्थिति, कम्पनी की हानि, कुल व्यापक हानि, इसके नकदी प्रवाह और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन सहित यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली 2015 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अधीन भारतीय लेखांकन मानकों और भारत में सामान्यत: स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप उनके बारे में सत्य एवं स्पष्ट सूचना देते है।

राय के लिए आधार

हमने कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 143(10) के अधीन निर्दिष्ट लेखा-परीक्षा पर मानकों (एसए) के अनुसार स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा की है। उन मानकों के अधीन हमारी जिम्मेदारियों का उल्लेख इस रिपोर्ट के **''स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के लिए लेखा-परीक्षक की जिम्मेदारियां''** नामक खण्ड में किया किया गया है। हम इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी नीति-संहिता के अनुसार कम्पनी के स्वतंत्र लेखा-परीक्षक है और नीतिपरक अपेक्षाएं कम्पनी अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के उपबंधों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा के संगत है और हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की नीति-संहिता के अनुसार अपनी अन्य नीतिपरक जिम्मेदारियां पूरी की है। हम विश्वास करते है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए उचित आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

इम्फेसिस ऑफ मैटर:

1. हम स्टेज 3 परिसम्पत्तियों पर ब्याज आय को मान्यता न देने वाली लेखांकन नीति में परिवर्तन के संबंध में वित्तीय विवरणों की **टिप्पणी संख्या 39** की ओर ध्यान आकर्षित करते है। तदनुसार, रिपोर्टिंग अवधि में ब्याज आय 209.50 करोड़ रु. (ईसीएल घटाकर) कम है।
2. हम **टिप्पणी संख्या 41** की ओर ध्यान आकर्षित करते है, जहां सहायक कम्पनियों में निवेश का मूल्यांकन 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के आधार पर किया गया है।
3. हम **टिप्पणी संख्या 54** की ओर ध्यान आकर्षित करते है, जहां पूँजी जोखिम पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 31.03.2023 को (-) 70.66% है, जो आर. बी.आई. द्वारा दिनांक 31 मई, 2018 (आरबीआई/2017-18/181) डीएनबीआर (पीडी) सीसी.सं.092/03.10.001/2017-18) द्वारा परिचालित निर्धारित दिशानिर्देश से कम है।
4. एक निश्चित मामले में, यह देखा गया कि एक पार्टी ने भारत सरकार की एसडीएफ (चीनी विकास निधि) योजना के तहत सहायता प्राप्त करने और अपने प्रस्ताव की समुचित तैयारी के लिए कंपनी को अपना सलाहकार/परामर्शदाता नियुक्त किया है। लेकिन कंपनी एसडीएफ योजना के तहत नोडल मंत्रालय द्वारा प्राप्त आवेदन पर स्वतंत्र रूप से विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए सरकार की नोडल एजेंसी/एजेंट के रूप में भी कार्य कर रही है। भारत सरकार से स्पष्ट अनुमोदन मिलने के बावजूद, किसी भी आवेदक को व्यावसायिक शर्तों पर दस्तावेजों/परियोजना रिपोर्ट को तैयार करने में सहायता/प्रशिक्षण देने की कंपनी की कार्रवाई और भारत सरकार की ओर से उचित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने से कंपनी द्वारा मूल्यांकित प्रस्तावों की विश्वसनीयता काफी कमजोर होती है। साथ ही इससे कंपनी की स्वतंत्र स्थिति भी प्रभावित होती है।
5. कंपनी ने हमें नोडल मंत्रालय से प्राप्त पत्र दिनांक 01.11.2022 के माध्यम से सूचित किया है कि एसडीएफ (चीनी विकास निधि) योजना के लिए लेखा परीक्षकों के साथ कोई विशिष्ट डेटा साझा नहीं किया जा सकता है। तदनुसार, हमारे द्वारा इसकी समीक्षा नहीं की गई है।
6. कंपनी ने हमें सूचित किया है कि पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) योजनाओं के लिए नोडल मंत्रालय से प्राप्त पत्रों के अनुसार, फाइलें और दस्तावेज लेखा परीक्षकों को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, इसलिए हमने इनकी समीक्षा नहीं की है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई परिवर्तन नहीं है।

प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले

प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले वे मामले है, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों का समाधान समग्र रूप से वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा के संदर्भ में किया गया है और उन्हीं के आधार पर हमारी राय बनी है तथा हम इन मामलों पर अलग से कोई राय प्रदान नहीं करते है। हमने नीचे वर्णित मामलों को अपनी रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले प्रमुख लेखा-परीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है।

क्र. सं.	प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले	लेखा-परीक्षा में हमारे मामले का समाधान कैसे किया गया
1.	**ऋण परिसम्पत्तियों की क्षति - प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल)** (लेखांकन नीति संख्या 6(ख) के साथ पठित स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 53 देखें) अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्र जहां हमने प्रबंधकीय निर्णयों के उच्चतर स्तर का पता लगाया है: ० ईसीएल मॉडल - क्षति हानि मूल्यांकन के लिए चूक की संभावनाओं (पीडी), चूक के कारण हानि (एलजीडी) और चूक पर जोखिम (ईएडी) का अनुमान लगाने के लिए सांख्यिकीय मॉडलों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। ये मॉडल ईसीएल को मापने के मुख्य चालक है। ० विभिन्न चरणों का व्यक्तिगत रूप से निर्धारित वर्गीकरण -यदि व्यक्तिगत क्षति का उपयुक्त रूप से अभिनिर्धारण और अनुमान न लगाया जाए, तो ऋण प्राप्तकर्ताओं को ऋण और अग्रिमों के वास्तविक मूल्य में महत्वपूर्ण असमानता हो सकती है।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धति में निम्नलिखित शामिल हैं:** हमने प्रत्याशित ऋण हानि के सम्बन्ध में लेखांकन मानक 109 'वित्तीय प्रलेख', में विनिर्दिष्ट मार्गनिर्देशों, विभिन्न नियामक नवीनतम सूचनाओं, कम्पनी के आन्तरिक अनुदेशों और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की है और निम्नलिखित लेखा-परीक्षा पद्धतियों में उनको अपनाया गया है: 1. ऋण परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में मुख्य आन्तरिक नियंत्रण प्रणालियों के मूल्यांकन और जानकारी, ऋण क्षति का निर्धारण, उपयुक्त आंकड़ों की गुणवत्ता के निर्धारण सहित और प्रविष्ट वास्तविक आंकड़ों की समीक्षा। 2. किसी अतिदेय, असंतोषजनक आचरण या किसी ऋण परिसम्पत्ति खाते का पता लगाने के लिए बड़ी और दबावग्रस्त ऋण परिसम्पत्तियों की जांच-परीक्षण आधार पर ऋण परिसम्पत्ति खातों का सत्यापन/ प्रलेखों की समीक्षा, कार्य-निष्पादन।

क्र. सं.	प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले	लेखा-परीक्षा में हमारे मामले का समाधान कैसे किया गया
	इन मामलों का प्रभाव यह है कि हमारे जोखिम निर्धारण के भाग के रूप में हमने यह निर्धारण किया है कि ईसीएल के मूल्य में अल्पधिक आनुमानिक अनिश्चितता होती है जिसके साथ वित्तीय विवरणों की समग्र गुणवत्ता की अपेक्षा अधिक समुचित परिणामों की संभावनाए जुड़ी है। अवधारणाओं के अनुचित उपयोग के मामले में ऋण परिसम्पत्तियों का वास्तविक मूल्य या तो व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से गलत बताया जा सकता है। स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में ऋण परिसम्पत्तियों की राशि के महत्व को देखते हुए उस पर ऋण परिसम्पत्तियों की क्षति को हमारी लेखा-परीक्षा में मुख्य लेखा-परीक्षा मामला माना गया है।	3. किसी प्रतिकूल संकेत/टिप्पणी वाली ऋण परिसम्पत्तियों का पता लगाने के लिए आन्तरिक लेखा-परीक्षा और अन्य किसी लेखा-परीक्षा/निरीक्षण प्रणाली की रिपोर्टो की समीक्षा और कम्पनी की नियंत्रण प्रणालियों की समीक्षा, ताकि ऐसी ऋण परिसम्पत्तियों और उसकी संभावित क्रेडिट हानि का समेकित वर्गीकरण किया जा सके। 4. पीडी और एलजीडी के परिकलन के लिए प्रयुक्त पद्धति में महत्त्वपूर्ण आंकड़ों के इनपुट की उपयुक्तता। 5. ईसीएल परिकलन में स्रोत पद्धतियों से आंकड़ों के प्रवाह की पूर्णता और सटीकता। 6. आर.बी.आई. के आईआरएसीपी मानदण्डों के आधार पर समग्र ऋण परिसम्पत्तियों का स्वतंत्र निर्धारण। **हमारा निष्कर्ष:** हमने क्रेडिट क्षति प्रभार और मान्य प्रावधान और इससे सम्बन्धित प्रकटन स्वीकार्य और संतोषजनक माना है।
2.	**उचित मूल्य पर वित्तीय प्रलेखों का मूल्यांकन** (लेखांकन नीति संख्या 6(ख) के साथ पठित स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 52 देखें। कम्पनी अपनी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम का प्रबन्धन करने के लिए आर.बी.आई. के मार्गनिर्देशों के अनुसार डेरिवेटिव संविदाएं करती है। इन डेरिवेटिव्स संविदाओं का एफवीटीपीएल पर वर्गीकरण किया जाता है और नकद प्रवाह प्रतिरक्षण (प्रतिरक्षा लेखांकन) के अधीन कतिपय डेरिवेटिव्स संविदाओं को पदनामित किया जाता है। हम डेरिवेटिव वित्तीय प्रलेखों के मूल्यांकन और प्रतिरक्षा लेखांकन को इसके महत्त्वपूर्ण जोखिम और इस तथ्य की वजह से कि इन अपेक्षाओं के अनुचित प्रयोग से आय विवरण पर महत्त्वपूर्ण असर पड़ सकता है, के कारण एक प्रमुख लेखा-परीक्षा मामला समझते है।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धतियों में निम्नलिखित शामिल हैं:** हम उन वित्तीय डेरिवेटिव संविदाओं और अन्तर्निहित संविदाओं के संभावित परिणामों तथा कम्पनी को हो रहे किसी लाभ या हानि के लिए निकाले गए उचित मूल्यांकन का अनुमान लगाने में प्रबन्धन की अन्तर्निहित अवधारणाओं की समीक्षा करने के लिए अपने कार्य-दल को निर्देश देते है जिससे कम्पनी को हो रहे किसी लाभ या हानि का पता लगाया जा सके। हमारे कार्य-दल ने 31 मार्च, 2023 को निपटान के लिए बकाया/लम्बित के रूप में वित्तीय डेरिवेटिव संविदाओं का ऐसा उचित मूल्य निकालने के लिए सामान्य बाजार कार्य-विधियों और अन्य अन्तर्निहित अवधारणाओं पर भी विचार किया है। यह निर्धारण करना कि मौजूदा लेखांकन मानकों और आर.बी.आई. के मार्गनिर्देशों की अपेक्षाओं के संदर्भ में कम्पनी के वित्तीय विवरणों में इसके डेरिवेटिव मूल्यांकन जोखिम को उपयुक्त रूप से दर्शाने के लिए प्रकटन किया गया है।

क्र. सं.	प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले	लेखा-परीक्षा में हमारे मामले का समाधान कैसे किया गया
		हमारा निष्कर्ष: हमें उचित मूल्य पर डेरिवेटिव संविदाओं के मूल्यांकन में कोई महत्वपूर्ण गलतबयानी नहीं मिली है और सम्बन्धित प्रकटन स्वीकार्य और संतोषजनक है।
3.	**सहायक और सहयोगी कम्पनियों में निवेश का मूल्यांकन** सहायक कम्पनियों में कम्पनी के निवेश का वास्तविक मूल्य कम्पनी के कुल निवल मूल्य का 2.01 गुना है। मूल कम्पनी के वित्तीय विवरणों और निवेशों की वसूली-योग्यता के सम्बन्ध में बाजार जोखिम के संदर्भ में निवेश की मात्रा के कारण इसे कम्पनी की लेखा-परीक्षा के दौरान बल दिया जाने वाला क्षेत्र माना गया था। अत: हमारी रिपोर्ट में यह एक लेखा-परीक्षा मामला माना गया था।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धतियों में निम्नलिखित शामिल हैं:** सभी सहायक और सहयोगी कम्पनियों के वित्तीय विवरणों की समीक्षा। **हमारा निष्कर्ष:** हमें निवेशों की वसूलनीयता में कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं मिला है और निवेशों का मूल्यांकन उचित मूल्य पर किया गया है।
4.	**सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का निर्धारण** मुख्य वित्तीय लेखांकन और सूचना प्रक्रियाएं कम्पनी की आईटी पद्धतियों के स्वचालित नियंत्रण पर अत्यधिक निर्भर करते है। इस बात का जोखिम रहता है कि कर्तव्यों या यूजर एक्सेस मैनेजमेंट कंट्रोल के अनुपयुक्त विभाजन (मुख्य वित्तीय लेखांकन और सूचना पद्धतियों के सम्बन्ध में) से हमारी लेखा-परीक्षा करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है और लेखा-परीक्षा की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो सकती है। हमने प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले के रूप में इस पर विचार किया है क्योंकि किसी नियंत्रण चूक, वैधता विफलता, अनुचित इनपुट आंकड़े और आंकड़ों के अनुचित निस्तारण से प्रबन्धन और नियामकों को आंकड़ों की गलत सूचना मिल सकती है।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धतियों में निम्नलिखित शामिल हैं:** वित्तीय लेखांकन और सूचना पद्धतियों के सम्बन्ध में सूचना/इनपुट पर मुख्य नियंत्रण परिचालन का मूल्यांकित नमूना। **हमारा निष्कर्ष:** हमें वित्तीय लेखांकन और सूचना पर आईटी पद्धतियों से निकलने वाली सूचनाओं के हमारे विश्लेषण के अनुसार कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं दिखी है।

वित्तीय विवरणों और उन पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट से भिन्न अन्य सूचना

कम्पनी का निदेशक बोर्ड और प्रबन्धन अन्य सूचना तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य सूचना में प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई संगत सूचना शामिल है, परन्तु इसमें इस लेखा-परीक्षक रिपोर्ट की तारीख को स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण, समेकित वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना को कवर नहीं करती है और हम उन पर आश्वासन के किसी रूप में निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते है।

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना है और ऐसा करने में, विचार करना कि क्या अन्य सूचना महत्वपूर्ण रूप से स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों के अनुरूप है या लेखा-परीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी या अन्यथा महत्वपूर्ण रूप से गलतबयानी प्रतीत होती है। यदि हमारे

द्वारा किए गए कार्य के आधार पर हम निष्कर्ष निकालते है कि इस अन्य सूचना की महत्वपूर्ण गलतबयानी नही है, जो हमें उस तथ्य को रिपोर्ट करना अपेक्षित है। इस संबंध में हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ नहीं है।

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कम्पनी का निदेशक बोर्ड इन स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में अधिनियम की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन मानकों और लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कम्पनी की वित्तीय स्थिति और वित्तीय निष्पादन, जिसमें अन्य व्यापक आय, नकद प्रवाह और इक्विटी में परिवर्तन के बारे में सत्य और स्पष्ट सूचना देते है।

इस उत्तरदायित्व में वित्तीय विवरण तैयार करने तथा उनको प्रस्तुत करते हुए कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा पता लगाने, उपयुक्त लेखांकन नीतियों के चयन तथा उपयोग, उपयुक्त तथा विवेकसम्मत निर्णय लेने तथा अनुमान लगाने; पर्याप्त आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण के निरूपण, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो लेखांकन रिकार्डों के सही होने तथा उनकी पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से लागू थे, के लिए स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार और प्रस्तुत करना शामिल है, जो सत्य एवं स्पष्ट सूचना देते है और यह महत्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे वह धोखेबाजी या त्रुटि हो, से मुक्त है।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रबंधन का उत्तरदायित्व प्रतिष्ठित फर्म के रूप में बने रहने की कम्पनी की क्षमता का मूल्यांकन करना है, प्रतिष्ठित फर्म से संबंधित यथा प्रायोज्य मामलों को प्रकट करना और लेखांकन के आधार पर प्रतिष्ठित फर्म का प्रयोग करना जब तक कि प्रबंधन या तो कम्पनी को समाप्त करने या प्रचालनों को बंद करने का इरादा रखता है या ऐसा करने का कोई वास्तविक विकल्प नही है।

निदेशक बोर्ड कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी है।

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के लिए लेखा-परीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में यह समुचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण, समग्र रूप से महत्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, से मुक्त है और हमारी राय सहित लेखा-परीक्षक रिपोर्ट जारी करना है। समुचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, परन्तु यह गारंटी नही है कि लेखांकन मानकों के अनुसार की गई लेखा-परीक्षा सदैव महत्वपूर्ण गलतबयानी का पता लगाती है, जब यह मौजूद हो। गलतबयानी धोखाधड़ी या त्रुटि से पैदा हो सकती है और तभी महत्वपूर्ण मानी जाती है, यदि व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय को समुचित रूप से प्रभावित करने की उम्मीद हो।

सांविधिक लेखा-परीक्षा के अनुसार लेखा-परीक्षा के भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय का प्रयोग करते है और संपूर्ण लेखा-परीक्षा के दौरान पेशेवर संदेहवाद बनाए रखते है। हम:

- वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण गलतबयानी के जोखिमों की पहचान और निर्धारण करते है, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के लिए निष्पक्ष उत्तरदायी लेखा-परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करते है और लेखा-परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते है जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है। धोखाधड़ी के फलस्वरूप महत्वपूर्ण गलतबयानी को न पता लगाने का जोखिम त्रुटि से होने वाले जोखिम से अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी में सांठगांठ, जालसाजी, जानबूझकर चूक, मिथ्या प्रस्तुति या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।
- लेखा-परीक्षा के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करते है, ताकि उन परिस्थितियों में ऐसी लेखा-परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार की जा सकें जो उचित है। कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(आई) के अधीन हम, कम्पनी की पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियों और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावशीलता पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी है।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और लेखांकन अनुमान और प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटन की समुचितता सुनिश्चित करते है।
- लेखांकन के प्रतिष्ठित फर्म के आधार पर प्रबंधन के प्रयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालते है और प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य के आधार पर तय करते है कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है, जो प्रतिष्ठित फर्म के रूप में जारी रहने की कम्पनी की क्षमता के बारे में उल्लेखनीय संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम निष्कर्ष निकालते है कि महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है तो हमें वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों के लिए हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर ध्यान आकर्षित करना अपेक्षित है या यदि ऐसे प्रकटन हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त है। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख से प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य पर आधारित है। तथापि, भविष्य की घटनाएं या स्थितियां कम्पनी को प्रतिष्ठित फर्म के रूप में जारी रहने की संभावना को समाप्त कर सकती है।
- समग्र प्रस्तुतिकरण, ढांचे और वित्तीय विवरणों की अंतर्वस्तु, जिसमें प्रकटन शामिल है, का मूल्यांकन करते है और देखते है कि क्या स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देनों और घटनाओं को इस ढंग से प्रस्तुत करते है कि उचित प्रस्तुतिकरण प्राप्त किया जा सकता है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में गलत कथनों की काफी अधिक व्यापकता है। इसलिए हो सकता है कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय भी, व्यक्तिगत तौर पर या समग्र रूप से प्रभावित हों। हम (i) अपने ऑडिट कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में, और (ii) स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में किसी भी तरह के गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक सामग्री और गुणात्मक कारकों पर विचार करते है।

हम अन्य मामलों के साथ-साथ शासन संबंधी प्रभारियों से संपर्क करते है और हमारी लेखा-परीक्षा के दौरान की गई आंतरिक नियंत्रण में उल्लेखनीय कमियों सहित लेखा-परीक्षा और उल्लेखनीय लेखा-परीक्षा निष्कर्षों के कार्य क्षेत्र और समय की योजना बनाते है।

हम शासन संबंधी प्रभारियों को विवरण भी प्रदान करते है जिसे हमने स्वतंत्र रूप से संगत नीतिपरक अपेक्षाओं से संकलित किया था और उनके साथ सभी संबंधों और अन्य मामलों पर संपर्क करते है, जिन पर हमारी स्वतंत्रता और जहां प्रयोज्य हो, संबंधित सुरक्षा उपायों पर प्रभाव पड़ सकता है।

शासन संबंधी अधिकारियों के साथ सम्प्रेषित मामलों से हम उन मामलों को निर्धारित करते है जो चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा में अत्यधिक उल्लेखनीय थे, इसलिए ये महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले है। हम इन मामलों का हमारी लेखा-परीक्षक रिपोर्ट में वर्णन करते है जब तक कि मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटन कानून का विनियम बाधा नहीं डालता है या जब अत्यधिक विरली परिस्थितियों में हम निर्धारित करते है कि मामले को हमारी रिपोर्ट में सम्प्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम ऐसे सम्प्रेषण के समुचित रूप से सार्वजनिक हित अभिलाभों से अधिक भारी होने की संभावना रहती है।

अन्य विधिक व नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (11) के अनुसरण में भारत के केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए कम्पनी (लेखा-परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') की अपेक्षानुसार, हम इस आदेश के पैरा 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों के बारे में एक विवरण ''अनुबंध-क'' के रूप में संलग्न करते है।
2. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) की अपेक्षानुसार हम भारत के नियंत्रक व महालेखा-परीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेशों तथा उप-निदेश (क्रमश: भाग-क और भाग-ख) पर कम्पनी के लिए अपनी रिपोर्ट ''अनुबंध-ख'' में इसके साथ संलग्न करते है।

3. अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षानुसार हम यह भी सूचित करते है कि:

(क) हमने अपनी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा-परीक्षा के प्रयोजन से आवश्यक सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए है;

(ख) हमारी राय में, कम्पनी ने विधि द्वारा अपेक्षित उपयुक्त खाता-बहियां रखी हुई है, जैसा कि इन खाता-बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है;

(ग) इस रिपोर्ट में उल्लिखित तुलन-पत्र और अन्य व्यापक आय सहित लाभ तथा हानि विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और इक्विटी में परिवर्तन खाता-बहियों के अनुरूप है;

(घ) हमारी राय में उपरोक्त इंड एएस वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों का अनुपालन करते है;

(ड.) कार्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जी.एस.आर.463(ई) के अनुसार निदेशकों की अनर्हता के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 164 (2) कम्पनी पर लागू नहीं होती क्योंकि यह एक सरकारी कम्पनी है;

(च) कम्पनी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालनात्मक प्रभावोत्पादकता के संबंध में ''अनुबंध-ग'' के रूप में हमारी अलग रिपोर्ट देखें। हमारी रिपोर्ट वित्तीय सूचना पर कम्पनी के आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावोत्पदकता पर हमारी अनाशेधित राय व्यक्त करती है;

(छ) अधिनियम की धारा 197(16) की अपेक्षाओं के अनुसरण में लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के सम्बन्ध में, चूंकि यह एक सरकारी कम्पनी है, अत: कार्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जी. एसआर.463(ई) के अनुसार कम्पनी पर अधिनियम की धारा 197 लागू नहीं होती;

(ज) कम्पनी (लेखा-परीक्षा तथा लेखा-परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार :

(i) कम्पनी ने अपने स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार विचाराधीन मुकदमों के प्रभाव का प्रकटन किया है - वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 35.2 देखें,

(ii) कम्पनी ने डेरिवेटिव संविदाओं सहित दीर्घकालीन संविदाओं पर महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष हानियां, यदि कोई हों, के लिए प्रयोज्य विधि और लेखांकन मानकों की अपेक्षानुसार लाभ व हानि खाते में उपयुक्त समायोजन किया है - वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 52 देखें;

(iii) कम्पनी द्वारा निवेशक शिक्षण व संरक्षण निधि में अन्तरित की जाने वाली राशियों का हस्तान्तरण करने में कोई विलम्ब नहीं किया गया है।

(iv) क) प्रबंधन ने हमें बताया है कि, उनकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, कोई भी निधि (जो अधिक मूल्य की हो या महत्वपूर्ण हो) को (चाहे उधार ली गई निधि से हो या शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत से या किसी अन्य निधि से) कम्पनी द्वारा अन्य व्यक्ति या संस्था में, विदेशी संस्था (''मध्यस्थ'') सहित में अग्रिम या ऋण या निवेश के तौर पर प्रयोग नही किया गया है। इस तरह के कोई समझौते, चाहे लिखित में या अन्यथा नहीं किये गये है कि कम्पनी (''अंतिम लाभार्थी'') की ओर से कोई मध्यस्थ किसी मान्य व्यक्ति या कम्पनियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऋण देगा या निवेश करेगा और न ही अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह का कोई आश्वासन प्रदान करेगा।

ख) प्रबंधन ने उल्लेख किया है, कि, उनकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार कम्पनी द्वारा विदेशी संस्था (''फंडिंग पार्टियाँ'') सहित किसी भी व्यक्ति या इकाई से कोई फंड (व्यक्तिगत रूप से या सामुहिक तौर पर) प्राप्त नहीं किया गया है। इस बारे में कोई समझौते, चाहे लिखित में या अन्यथा, नही किये गये है कि फंडिंग पार्टी (''अंतिम लाभार्थी'') की ओर से किसी मान्य व्यक्ति या कम्पनियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऋण दिया जाएगा या उनमें निवेश किया जाएगा और न ही अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सिक्योरिटी या ऐसा कोई आश्वासन दिया जाएगा।

ग) लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं, जिन्हें परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना गया है, के आधार पर, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें विश्वास हो कि नियम 11(ई) के उपखंड (i) और (ii) के तहत प्रस्तुति, जैसा कि ऊपर (क) और (ख) के तहत उल्लेख किया गया है, में कोई भी उल्लेखनीय गलतबयानी है।

(v) लेखा-परीक्षा के अधीन वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा कोई लाभांश घोषित या भुगतान नहीं किया गया है।

(vi) अकाउंटिंग सॉटवेयर का उपयोग करके खाते-बहियां बनाने के लिए कंपनी (खाता) नियमावली, 2014 के नियम 3(1) के प्रावधान का पालन करती है। यह प्रावधान 1 अप्रैल 2023, से कंपनी पर लागू है, इसके तहत ऑडिट ट्रेल (एडिट लॉग) के रिकॉर्ड रखने की सुविधा है। तदनुसार, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, कंपनी (लेखा-परीक्षा और लेखा-परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11(जी) के तहत रिपोर्टिंग करने का नियम कंपनी पर लागू नही है।

कृते मैसर्स एम.के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल
फर्म रजिस्ट्रेशन नं.: 01411एन

सीए अतुल अग्रवाल
साझेदार
सदस्यता सं. 099374
यूडीआईएन: 23099374BGSEQO5773

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई, 2023

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर इस तिथि की हमारी रिपोर्ट की अन्य विधिक तथा नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट के पैरा 1 में निर्दिष्ट अनुबन्ध-क

(i) (क) अ) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने पूर्ण विवरण दिखाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखे है। इनमें सभी मात्रात्मक विवरण और कुछ सम्पतियों जिनका सकल ब्लॉक मूल्य 197.92 करोड़ रु है और जिसका पूर्व के वर्षो में पूरी तरह से मूल्यह्रास किया गया है, के अलावा सभी अचल संपत्तियों की स्थिति शामिल है।

ब) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने अमूर्त संपत्ति का पूरा विवरण दिखाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखे हैं।

ख) जैसा कि हमें स्पष्ट किया गया है, प्रबंधन वर्ष के दौरान एक बार अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन करता है, जो हमारी राय में, कम्पनी के आकार और इसकी संपत्ति की प्रकृति को देखते हुए यह प्रथा उचित है। कम्पनी के प्रबंधन ने वर्ष के दौरान संपत्ति का भौतिक सत्यापन किया है। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, इस तरह के सत्यापन में कोई भौतिक विसंगतियां नही पाई गई है।

ग) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, सभी अचल संपत्तियों (ऐसी संपत्तियों के अलावा जहां कम्पनी पट्टेदार है और पट्टा समझौते पट्टेदार के पक्ष में विधिवत रूप से निष्पादित है) का वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण कम्पनी के नाम पर किया जाता है।

घ) हमें दी गई सूचनाओं और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने साल के दौरान अपनी संपत्ति, प्लांट और उपकरण (संपति उपयोग अधिकार सहित) या अमूर्त संपत्ति या दोनों का पुनर्मूल्यांकन नही किया है।

ड.) हमें दी गई सूचनाओं और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 के तहत और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार किसी भी बेनामी संपत्ति को रखने के लिए कम्पनी के खिलाफ कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई या इस बारे में कोई मामला लंबित नही है।

(ii) अ) कम्पनी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी है; तदनुसार यह कोई इन्वेन्ट्री या सामग्री नहीं रखती है। इस प्रकार, कम्पनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 का खंड 3 (ii) (अ) इस पर लागू नहीं होता है।

ब) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी को वर्ष के दौरान किसी भी समय वर्तमान परिसंपत्तियों की प्रतिभूति के आधार पर बैंकों या वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर पांच करोड़ रुपये से अधिक की कार्यशील पूँजी की सीमा स्वीकृति नहीं की गई है। इसलिए, कम्पनी (लेखा-परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 का खंड 3 (ii) (ब) इस पर लागू नहीं होता है।

(iii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने वर्ष के दौरान कम्पनियों, फर्मों, सीमित देयता कम्पनियों या दूसरे पक्षों में प्रतिभूत या अप्रतिभूत निवेश किया है, गारंटी या प्रतिभूति प्रदान की है या ऋण के स्वरूप का कोई उधार और अग्रिम प्रदान किया है।

अ) चूंकि कम्पनी का प्रमुख व्यवसाय ऋण प्रदान करना है। तदनुसार, आदेश के खंड 3 (iii) (ए) का प्रावधान उस पर लागू नहीं होता है।

ब) कम्पनी, एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी ('एनबीएफसी') होने के नाते, आर.बी.आई. अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के तहत पंजीकृत है। हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान इसके द्वारा किए गए निवेश, प्रदत्त गारंटी, प्रतिभूति और ऋण और गारंटियों की प्रकृति वाले सभी ऋणों और अग्रिमों के अनुदान संबंधी नियम और शर्तें, प्रथम दृष्टया, कम्पनी के हित के प्रतिकूल नहीं है।

स) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, ऋणों की प्रकृति वाले ऋण और अग्रिमों के संबंध में, मूलधन और ब्याज के भुगतान की अनुसूची निर्धारित की गई है और ऐसे मामलों में जहां मूलधन का भुगतान और निर्धारित ब्याज प्राप्त नहीं होता है, कम्पनी द्वारा इसकी आवधिक नियामक रिपोर्टिंग के दौरान इसका संज्ञान लिया जाता है और आर.बी.आई. अधिनियम, 1934 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, उक्त प्रावधानों का अनुपालन करते हुए उनका निपटान किया जाता है। ऐसी दशा में आय मान्यता, संपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान मानदंडों पर विशेष जोर दिया जाता है।

य) 31.03.2023 तक नब्बे दिनों से अधिक की कुल बकाया राशि 5749.06 करोड़ रू. है। इसकी वसूली के लिए कंपनी द्वारा उचित कदम उठाए गए है।

र) चूंकि कम्पनी का प्रमुख व्यवसाय ऋण देना है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(iii)(ई) का प्रावधान इस पर लागू नहीं होता है।

ल) हमारी लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें उपलब्ध कराई गई सूचनओं और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कम्पनी ने वर्ष के दौरान कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 के खंड (76) में परिभाषित प्रमोटरों, संबंधित पक्षों को बिना शर्तों या भुगतान अवधि निर्धारण किए बिना, मांग करने पर कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं किया है।

(iv) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने कोई ऐसे ऋण, निवेश, गारंटी और प्रतिभूतियां नहीं दी है, जो कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के तहत शामिल की जा सकती है।

(v) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने वर्ष के दौरान लोगों से किसी भी ऐसी जमा या धनराशि को स्वीकार नहीं किया है, जिसे धारा 73 से 76 या कम्पनी अधिनियम, 2013 और कम्पनी (जमा स्वीकृति) नियम, 2014 के किसी अन्य प्रासंगिक प्रावधान के तहत जमा निधि माना जाता है। तदनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश इस पर लागू नहीं होते है। इसके अलावा, कम्पनी लॉ बोर्ड या नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल या भारतीय रिजर्व बैंक या किसी अदालत या किसी अन्य ट्रिब्यूनल द्वारा ऐसी जमा राशि के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किये गये हैं।

(vi) केंद्र सरकार ने कम्पनी द्वारा प्रदान की जाने वाली किसी भी सेवा के लिए अधिनियम की धारा 148 की उप-धारा 1 के तहत लागत रिकॉर्ड के रखरखाव को निर्धारित नहीं किया है। तदनुसार, कम्पनी (लेखा-परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 का खंड 3(iv) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(vii) सांविधिक देय राशि के संबंध में, हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के आधार पर और कम्पनी की लेखा-बहियों की हमारी जांच के आधार पर, हम रिपोर्ट करते है कि:

क) कम्पनी नियमित रूप से इस पर लागू भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, माल और सेवा कर और अन्य सांविधिक नियमों के अनुसार देय राशियों सहित, अविवादित सांविधिक देय राशि, उचित प्राधिकारियों के पास जमा कराती आ रही है। इस संबंध में कम्पनी के खातों के अनुसार, 31 मार्च, 2023 को देय होने की तारीख से छह महीने से अधिक की अवधि के लिए कोई देय अविवादित राशि बकाया नहीं है।

ख) जहां कहीं भी किसी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कोई बकाया राशि निकाली गई है/मांग की गई है और कम्पनी द्वारा उसे विवादित बताया गया है, उसे निम्नलिखित मामलों को छोड़कर विरोध दर्ज कराते हुए जमा किया गया है:

अधिनियम का नाम	विवादित बकाया राशि का प्रकार	विवादित राशि (राशि करोड़ रु. में)	(क) में से लम्बित राशि जमा/समायोजित नहीं(राशि करोड़ में)	वर्ष जिससे मांग संबंधित है	फोरम, जिसमें विवाद लंबित है
आयकर अधिनियम, 1961*	दंड	1.78	1.23	वित्तीय वर्ष 2015-16	सीआईटी (ए), नई दिल्ली
आयकर अधिनियम, 1961*	आयकर	43.40	2.61	वित्तीय वर्ष 2016-17	सीआईटी (ए), नई दिल्ली
आयकर अधिनियम, 1961*	आयकर	74.52	54.85	निर्धारण वर्ष 2019-20	सीआईटी (ए), नई दिल्ली
वित्त अधिनियम, 1994 (सेवा कर)	सेवा कर और जुर्माना	1.80	1.80	वित्त वर्ष 2008-09 से वित्त वर्ष 2010-11	सीईएसटीएटी, नई दिल्ली

*ऐसे आयकर मामले जो 31 मार्च 2023 को विवादित/अदेय के रूप में आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल में प्रदर्शित है और राशि में ब्याज शामिल नही है।

(viii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने आय के रूप में कर-निर्धारण में ऐसे किसी भी लेनदेन का उल्लेख या खुलासा नहीं किया है, जो आयकर अधिनियम, 1961 के तहत वर्ष के दौरान खाते-बहियों में आय के रूप में पहले दर्ज नहीं किया गया था।

(ix) अ) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने किसी भी बैंक, वित्तीय संस्थान और सरकार को ऋण के पुनर्भुगतान या उस पर लगे ब्याज के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।

ब) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या अन्य ऋणदाता द्वारा विलफुल डिफॉल्टर घोषित नहीं किया गया है।

स) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच करने पर पाया गया है कि कम्पनी ने सावधि ऋण के रूप में प्राप्त धन का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया है, जिसके लिए यह प्राप्त किया गया था।

द) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच करने से पता चलता है कि कम्पनी द्वारा अल्पावधि आधार पर कोई धन नहीं जुटाया गया है। तदनुसार, इस पर आदेश का खंड 3(ix)(डी) लागू नहीं होता है।

य) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच से पता चलता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 के तहत परिभाषित अपनी सहायक कम्पनियों, सहयोगियों या संयुक्त उद्यम के खाते में या उनके दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी भी कम्पनी, संस्थान या व्यक्ति से कोई धन नहीं लिया है। तदनुसार, आदेश का खंड 3 (ix) (ई) इस पर लागू नहीं है।

र) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण और हमारे द्वारा निष्पादित प्रक्रियाओं के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि कम्पनी ने वर्ष के दौरान कम्पनी अधिनियम 2013 के तहत परिभाषित अपनी सहायक कम्पनियों, सहयोगियों या संयुक्त उद्यमों में रखी प्रतिभूतियों की गिरवी पर ऋण नहीं लिया है। तदनुसार, आदेश का खंड 3(ix)(एफ) इस पर लागू नहीं होता है।

(x) अ) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने वर्ष के दौरान किसी इनिशियल पब्लिक ऑफर यानि आईपीओ या फर्दर पब्लिक ऑफर (ऋण लिखतों सहित) के माध्यम से कोई धनराशि नहीं जुटायी है। तदनुसार, आदेश का खंड 3(ग)(अ) लागू नहीं होता है।

ब) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, भारत सरकार ने कंपनी में 17 सितंबर, 2022 और 07 मार्च, 2023 को क्रमशः 100 करोड़ रू. और 400 करोड़ रू. राशि की शेयर पूंजी का निवेश किया है। कंपनी ने 100 करोड़ रू. और 400 करोड़ रू. की प्राप्ति के लिए भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को क्रमशः 27 अक्टूबर, 2022 को 10.76 रु. प्रति शेयर (0.76 रु. सिक्योरिटी प्रीमियम सहित) की दर से 9,29,36,802 शेयर और 27 अप्रैल, 2023 को 13.62 रु. प्रति शेयर (3.62 रु. सिक्योरिटी प्रीमियम सहित) की दर से 29,36,85,756 शेयर अधिमान्य आधार पर आवंटित किए है। इस संबंध में कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 और धारा 62 का अनुपालन किया है और जुटाई गई धनराशि का उपयोग उन्हीं उद्देश्यों के लिए किया गया है जिनके लिए धनराशि जुटाई गई थी।

(xi) अ) प्रदान की गई जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, हमारी लेखा-परीक्षा के दौरान कम्पनी द्वारा की गई कोई धोखाधड़ी नजर नहीं आयी। इसके अलावा एनबीएफसी व्यवसाय में संलग्न होने के कारण वर्ष के दौरान कम्पनी के खिलाफ पता चलने वाली धोखाधड़ी को नियामक प्रावधानों के अनुसार सूचित किया जाता है। वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक को सूचित की गई अग्रिम संबंधी धोखाधड़ी की राशि रु. 439.28 करोड़ थी।

धोखाधड़ी की प्रकृति आम तौर पर अग्रिमों से संबंधित होती है, जिसका उधारकर्ताओं द्वारा 439.28 करोड़ रू. की राशि का दुरुपयोग किया जाता है।

ब) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (12) के तहत लेखापरीक्षकों द्वारा कम्पनी के नियम 13 के तहत केंद्र सरकार के पास लेखा-परीक्षा और लेखा-परीक्षक नियम, 2014 में निर्धारित प्रपत्र एडीटी-4 में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

स) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी को वर्ष के दौरान कोई व्हिसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(xii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी निधि कम्पनी नहीं है। इसलिए, निधि नियम, 2014 कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 का खंड 3(vii) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(xiii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, संबंधित पक्षों के साथ हुए लेनदेन अधिनियम की धारा 177 और 188, जहां लागू हों, के अनुपालन में हैं और ऐसे लेनदेन का विवरण लागू लेखा मानकों द्वारा अपेक्षित वित्तीय विवरणों में प्रकट किया गया है।

(xiv) अ) हमारी राय में और जांच के आधार पर, कम्पनी के पास अपने आकार और व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप आंतरिक लेखा-परीक्षा प्रणाली मौजूद है।

ब) हमने अपनी लेखा-परीक्षा के दौरान, वर्ष के दौरान अब तक कम्पनी को जारी की गई लेखा-परीक्षा की अवधि के लिए आंतरिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार किया है, जिसमें हमारी लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण एस. ए. 610 ''आंतरिक लेखा-परीक्षकों के कार्य का उपयोग'' में दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार किया गया है।

(xv) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कम्पनी ने निदेशकों या उनसे जुड़े व्यक्तियों के साथ ऐसा कोई भी गैर-नकद लेनदेन नहीं किया है, जो कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 के अंतर्गत आता हो।

(xvi) अ) कम्पनी एक गैर-बैंकिंग वित्त कम्पनी है और उसने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1ए के तहत पंजीकरण प्राप्त किया है। कम्पनी को गैर-बैंकिंग व्यवसाय शुरू करने/जारी रखने की अनुमति दी गई है। कम्पनी को पंजीकरण संख्या बी-14.00009 दिनांक 18 अगस्त 2009 के माध्यम से बिना सार्वजनिक जमा स्वीकार किए गैर-बैंकिंग व्यवसाय करने के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

ब) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक से वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीओआर) प्राप्त किये बिना गैर-बैंकिंग वित्तीयन या आवास वित्तीयन गतिविधियों का संचालन नहीं किया है।

स) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी कोर निवेश कम्पनी (सीआईसी) नहीं है, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित किया गया है। तदनुसार, आदेश का खंड 3(xvi)(ब) लागू नहीं होता है।

द) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी में समूह के भाग के रूप में कोई सीआईसी नहीं है।

(xvii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी को वर्तमान वित्तीय वर्ष में और पिछले वित्तीय वर्ष में क्रमशः 621.01 करोड़ रु. और 1892.79 करोड़ रु. की नकद हानि हुई है।

(xviii) वर्ष के दौरान किसी सांविधिक लेखापरीक्षक ने त्यागपत्र नहीं दिया है। तदनुसार, आदेश का खंड 3(xviii) लागू नहीं होता है।

(xix) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और वित्तीय अनुपात, समयावधि घटने और वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली और वित्तीय देनदारियों के भुगतान की अपेक्षित तिथियों के आधार पर, वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी, निदेशक मंडल के बारे में हमारी जानकारी और प्रबंधन योजनाओं और धारणाओं का समर्थन करने वाले साक्ष्य की हमारी जांच के आधार पर, हमारे ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे हमें विश्वास होता कि लेखा-परीक्षा रिपोर्ट की तारीख को कोई भी भौतिक अनिश्चितता मौजूद है और तुलनपत्र की तिथि तक कम्पनी इसे पूरा करने में सक्षम नहीं है, या मौजूद देनदारियां को तुलनपत्र के एक वर्ष की अवधि के भीतर भुगतान करने में समर्थ नहीं है। हमारी राय केवल एक अनुमान है और विभिन्न आकस्मिक घटनाओं और संभावित भावी परि.श्यों का आधार है। हालांकि, हम रिपोर्ट करते है कि यह कम्पनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे कहते है कि हमारी रिपोर्टिंग लेखा-परीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो ऐसी कोई गारंटी देते है और न ही कोई आश्वासन देते है कि तुलनपत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय होने वाली सभी देनदारियों को कम्पनी द्वारा भुगतान किया जायेगा या उनका निपटान किया जाएगा।

(xx) अ) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी अधिनियम की अनुसूची VII में निर्दिष्ट किसी फंड में उक्त अधिनियम की धारा 135 की उप धारा (6) के प्रावधान का अनुपालन करते हुए किसी भी व्यय न हो सकी राशि को स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं है।

ब) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कम्पनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, अधिनियम की धारा 135 की उप धारा 5 के तहत किसी भी चालू सीएसआर परियोजना में कोई ऐसी राशि नहीं है जो खर्च न हो पायी हो।

कृते मैसर्स एम.के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल
फर्म रजिस्ट्रेशन नं.: 01411एन

सीए अतुल अग्रवाल
साझेदार
सदस्यता सं. 099374
यूडीआईएन: 23099374BGSEQO5773

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई, 2023

स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर इस तिथि की हमारी रिपोर्ट की अन्य विधिक तथा नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट के पैरा 2 में निर्दिष्ट अनुबन्ध-ख

भाग क - निर्देश

क्र.सं.	निर्देश	उत्तर
1.	क्या आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए कम्पनी के पास प्रणाली है? यदि हां, तो आईटी प्रणाली के अलावा लेखांकन लेनदेनों की प्रोसेसिंग से वित्तीय प्रभावों के साथ-साथ खातों की स्थिति पर प्रभाव, यदि कोई हों, बतायें।	हां, सभी लेखांकन लेनदेन आईटी प्रणाली से प्रोसेस होते है। आयकर गणना और आस्थगित कर गणना एमएस एक्सेल पर मैन्युअल रूप से की गई है। यद्यपि दोनों प्रक्रियाओं में लेखांकन प्रविष्टियां केवल आईटी प्रणाली से ही पास की जाती है।
2.	क्या कम्पनी की ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण मौजूदा ऋण की कोई पुनर्रचना हुई है या ऋणदाता द्वारा कम्पनी को दिये गये ऋण/ब्याज आदि को छूट/बट्टे खाते में डालने के मामले है? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव के बारे में उल्लेख करें। क्या ऐसे मामलों का ठीक से हिसाब रखा जाता है? (यदि ऋणदाता कोई सरकारी कम्पनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कम्पनी के सांविधिक लेखा-परीक्षक के लिए भी लागू होता है)	संदर्भाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा लिए गए ऋणों की कोई पुनर्रचना नहीं की गई है। ऋण चुकाने में कम्पनी की अक्षमता के कारण ऋणदाता द्वारा कम्पनी को किए गए ऋणों/ब्याज आदि को माफ करने/बट्टे खाते में डालने के कोई मामले नहीं है। हालांकि, कम्पनी द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, एक ऋणदाता कम्पनी होने के नाते इसके पास ऋणों/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डाले जाने वाले मामले है। बट्टे खाते में डालने/छूट देने वाले मामलों के विवरण इस प्रकार है: **क्र. | देय राशि की प्रकृति | राशि (करोड़ रु)** क. | ऋणों में छूट/माफी/तकनीकी अपलेखन | 267.95 ख. | पूर्व में बट्टे खाते में डाली गई राशि की वसूली/राइट-बैक | (34.11) ग. | देनदार बट्टे खाते में | 0.05 यह बताया गया कि छूट/बट्टे खाते में डालने का निर्णय व्यक्तिगत मामलों के आधार पर उपलब्ध प्रतिभूति सुरक्षा, उधारकर्ता/निवेशिती की स्थिति और लंबित मुकदमे पर विचार करते हुए प्रत्येक मामले में वसूली/वसूली की संभावना के उचित मूल्यांकन के बाद तय किया जाता है। तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डालने/छूट देने के मामलों में बकाया राशि को बट्टे खाते में डालने/छूट की राशि की निर्धारित सीमा तक पूर्णतया खाता-बहियों में प्रावधान किया गया था।
3.	क्या केंद्र/राज्य सरकार या इसकी एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्त होने योग्य निधियों (अनुदान/सब्सिडी आदि) का निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखांकन किया गया/उपयोग किया गया? यदि इनमें विचलन है तो ऐसे मामलों की सूची बनाएं।	लेखा-परीक्षा के अधीन वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा कोई अनुदान/सब्सिडी प्राप्त नहीं की/प्राप्त होने योग्य नही है। इसके अलावा, अनुसूचित जातियों के लिए ऋण वृद्धि गारंटी योजना और विभिन्न पीएलआई योजनाओं के तहत प्राप्त धनराशि का उचित हिसाब-किताब किया गया है और योजना के नियमों व शर्तों के अनुसार धनराशि का उपयोग किया गया है। उपरोक्त जानकारी पूरी तरह से प्रबंधन द्वारा दिये गये उत्तरों पर आधारित है, जो इस रिपोर्ट के मैटर ऑफ इंफेसिस के पैरा 5 और 6 के अनुसार है।

भाग ख - उप-निर्देश

क्र.सं.	उप-निर्देश	उत्तर
1.	**निवेश** क्या सीजीएस/एसजीएस/बॉंड/डिबेंचर आदि के संबंध में स्वामित्व के प्रलेख फिजिकल/डी-मैट रूप में उपलब्ध है और ये क्या ये कम्पनी की खाता-बहियों में दर्शाई गई संबंधित सकल राशियों के बराबर है? यदि नहीं, तो इनके विवरण का उल्लेख किया जा सकता है।	कम्पनी द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा हमारे द्वारा निष्पादित लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, सीजीएस/एसजीएस/बॉंड/डिबेंचर इत्यादि के संबंध में स्वामित्व प्रलेख फिजिकल/डीमैट रूप में उपलब्ध है और ये नीचे उल्लिखित मामलों को छोड़कर, कम्पनी की खाता-बहियों में दर्शाई गई संबंधित सकल राशियों के अनुसार है। अ) जहां शेयर डीमैट या फिजिकल रूप में है लेकिन नमूना जांच के आधार पर पायी गई सीमा तक खाता-बहियों में शामिल नहीं है। **क्र.सं. | कम्पनी का नाम | प्रकार | शेयरों की संख्या** 1. | हिंडाल कंपनी भारत | फिजिकल | 116 2. | उड़ीसा सिंथेटिक्स लि. | फिजिकल | 100 3. | सिएल लि. | फिजिकल | 336348 4. | सिएल शुगर लि. | फिजिकल | 300 कंपनी निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष से उपरोक्त शेयरों पर दावा करने की प्रक्रिया में है।

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>निर्देश</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td>इसके अलावा, कंपनियों के कुछ शेयर जो अब अस्तित्व में नहीं है, जीएम की समिति की तारीख 17.03.2023 के मिनट के अनुसार हिसाब नहीं दिया गया है।
ब) जहां शेयरों का लेखांकन बहीखातों में किया गया है, लेकिन नमूना जांच में पाये गये ये डीमैट या फिजिकल शेयर उपलब्ध नहीं है।
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>कम्पनी का नाम</th><th>शेयरों की संख्या</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>एलएमएल लि. (प्रिफ्रे.)</td><td>21,50,912</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>ओसीएम इंडिया लि.</td><td>5,89,743</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>समकोर ग्लास लि.</td><td>20,00,000</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>सदर्न विंड फार्म प्रा. लि.</td><td>1,00,000</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>अशोक पेपर मिल्स लि.(प्रिफ्रे.)</td><td>30,000</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>अशोक पेपर मिल्स लि.</td><td>3,00,000</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>कछार शुगर मिल्स लि.(प्रिफ्रे.)</td><td>14,953</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>किलबर्न ऑफिस ऑटोमेशन लि.</td><td>400</td></tr>
</table>
कंपनी उपरोक्त कंपनियों के संबंध में डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध करने की प्रक्रिया में है।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>ऋण
सभी पुनसंरचित, पुनर्निर्धारित, संशोधित ऋणों संबधी प्रावधानों के संबंध में- क्या ऐसे सभी ऋणों के लिए उपलब्ध सिक्योरिटी (प्रतिभूतियों) के वसूली योग्य मूल्य के आवधिक मूल्यांकन की प्रणाली लागू है और क्या इसके लिए वर्ष के दौरान पर्याप्त प्रावधान किया गया है? इस संबंध में कोई कमी, यदि कोई हो, के सम्बंध में पड़ने वाले वित्तीय प्रभाव सहित उपयुक्त रूप से टिप्पणी करें।</td><td>पुनसंरचित, पुनर्निर्धारित, संशोधित ऋणों सहित सभी ऋण पोर्टफोलियो के लिए उपलब्ध प्रतिभूतियों के वसूली योग्य मूल्य के आकलन के लिए उचित प्रणाली बनायी गई है, जिसे तिमाही आधार पर अपडेट किया जाता है। लेकिन मूल्यांकन प्रक्रिया समय-समय अपनायी जाती है और परिस्थितियों के अनुसार जरूरी होने पर कभी भी अपनायी जा सकती है।
भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) के नियमों को अपनाने के लिए कंपनी के वित्तीय खाते इंड एएस के अनुसार तैयार किए गये है। कंपनी की लेखांकन नीति के अनुसार ऋण के मामले में अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) की गणना करके परिसंपत्तियों में हानि की गणना इंड एएस के अनुसार की गई है। कंपनी इंड एएस मानदंडों बनाम आईआरएसी मानदंडों, जो भी लागू हों, के आधार पर ऋण परिसंपत्तियों हेतु प्रावधान संबंधी नीति का पालन कर रही है।</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>क्या कम्पनी द्वारा उधारकर्ता के साथ बकाया ऋण राशि की बुकिंग और क्षति हानि भत्ते के समायोजन के लिए किसी समाधान योजना/एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) पर समझौता हुआ है।</td><td>ओटीएस निपटान और समाधान योजना के संबंध में हानि और निपटान के लिए उचित लेखांकन समायोजन किया गया है।</td></tr>
</table>

कृते मैसर्स एम.के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल
फर्म रजिस्ट्रेशन नं.: 01411एन

सीए अतुल अग्रवाल
साझेदार
सदस्यता सं. 099374
यूडीआईएन: 23099374BGSEQO5773

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई, 2023

स्टेण्डअलोन वित्तीय विवरणों पर इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट की अन्य विधिक तथा नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट के पैरा-3 में निर्दिष्ट अनुबन्ध-ग

कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के तहत स्टेण्डअलोन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा सहित उस तारीख की स्थितिनुसार आईएफसीआई लि. (''कम्पनी'') की स्टेण्डअलोन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आन्तरिक वित्तीक्षा नियंत्रणों की लेखा-परीक्षा की है।

आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों पर प्रबन्धन का दायित्व

वित्तीय वर्ष	खातों की संख्या जहां बैंकों ने स्वामित्व को बदलने का निर्णय लिया है	सूचना की तारीख को बकाया राशि		उन खातों के संबंध में सूचना की तारीख को बकाया राशि, जहां इक्विटी में ऋण का संपरिवर्तन/इक्विटी शेयरों के बंधक को प्रभावी करना लंबित हो।		उन खातों के संबंध में सूचना की तारीख को बकाया राशि, जहां इक्विटी में ऋण का संपरिवर्तन/इक्विटी शेयरों के बंधक को प्रभावी किया गया है।		उन खातों के संबंध में सूचना तारीख की बकाया राशि, जहां नये शेयर जारी करके या प्रवर्तक की इक्विटी बिक्री से स्वामित्व में परिवर्तन किया जाता है।	
		मानक के रूप में वर्गीकृत	एनपीए के रूप में रूप में	मानक के रूप में रूप में	एनपीए के रूप में रूप में	मानक के रूप में रूप में	एनपीए के रूप में रूप में	मानक के रूप में रूप में	एनपीए के रूप में रूप में
वित्तीय वर्ष 2022-23	-	-	-	-	-	-	-	-	-
वित्तीय वर्ष 2021-22	-	-	-	-	-	-	-	-	-

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

(xxxiii) कार्यनीतिक ऋण पुनर्संरचना योजना का प्रकटन (खाते जो वर्तमान में स्टेण्ड-स्ट्रिल स्थिति में है)

वित्तीय वर्ष	खातों की संख्या जहां एसडीआर प्रभावी किया गया हो	सूचना की तारीख को बकाया राशि		उन खातों के संबंध में सूचना की तारीख को बकाया राशि, जहां ऋण का इक्विटी में संपरिवर्तन लंबित हो।		उन खातों के संबंध में सूचना की तारीख को बकाया राशि, जहां ऋण का इक्विटी में संपरिवर्तन किया गया हो	
		मानव के रूप में वर्गीकृत	मानव के रूप में वर्गीकृत	मानव के रूप में वर्गीकृत	मानव के रूप में वर्गीकृत	मानव के रूप में वर्गीकृत	मानव के रूप में वर्गीकृत
वित्तीय वर्ष 2022-23	-	-	-	-	-	-	-
वित्तीय वर्ष 2021-22	-	-	-	-	-	-	-

(xxxiv) परिसम्पत्तियों एवं देयताओं की परिपक्वता पद्धति:

31 मार्च, 2023 को

विवरण	1 दिन से 30 दिन	1 माह से 2 माह	2 माह से 3 माह	3 माह से 6 माह	6 माह से 1 वर्ष	1 से 3 वर्ष	3 से 5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	जोड़
देयताएं									
बैंकों से उधार	**-**	**25.00**	**15.81**	**25.00**	**40.81**	**63.26**	**61.55**	**207.83**	**439.26**
बाजार उधार	**-**	**-**	**-**	**-**	**250.23**	**1,598.35**	**900.09**	**2,615.96**	**5,364.63**
जोड़	**-**	**25.00**	**15.81**	**25.00**	**291.04**	**1,661.61**	**961.64**	**2,823.79**	**5,803.89**
परिसम्पत्तियां									
अग्रिम	**2.54**	**3.54**	**17.78**	**14.91**	**25.08**	**90.34**	**63.43**	**6,005.54**	**6,223.16**
निवेश	**358.58**	**-**	**39.24**	**0.62**	**0.62**	**2.48**	**6.86**	**3,244.37**	**3,652.77**
जोड़	**361.12**	**3.54**	**57.02**	**15.53**	**25.70**	**92.82**	**70.29**	**9,249.91**	**9,875.93**

31 मार्च, 2022 को

विवरण	1 दिन से 30 दिन	1 माह से 2 माह	2 माह से 3 माह	3 माह से 6 माह	6 माह से 1 वर्ष	1 से 3 वर्ष	3 से 5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	जोड़
देयताएं									
बैंकों से उधार	-	25.00	71.13	281.25	145.94	184.55	59.57	224.06	991.50
बाजार उधार	-	-	2.80	153.20	237.29	1,923.59	970.36	2,741.60	6,028.84
जोड़	-	25.00	73.93	434.45	383.23	2,108.14	1,029.93	2,965.66	7,020.34
परिसम्पत्तियां									
अग्रिम	4.65	6.73	22.67	40.76	73.16	155.39	79.34	6,802.40	7,185.10
निवेश	594.11	298.89	-	89.78	0.62	41.72	3.72	3,299.68	4,328.52
जोड़	598.76	305.62	22.67	130.54	73.78	197.11	83.06	10,102.08	11,513.62

(xxxv) पुनर्संरचित खातों का प्रकटन

(सभी राशियां करोड़ रुपए मे है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

क्रम	संरचना का प्रकार		सीडीआर प्रणाली के तहत					अन्य					जोड				
सं.	परिसम्पत्ति वर्गीकरण		मानक	अव-मानक	संदिग्ध	हानिकारक	जोड़	मानक	अव-मानक	संदिग्ध	हानिकारक	जोड़	मानक	अव-मानक	संदिग्ध	हानिकारक	जोड़
1	वित्त वर्ष के 01 अप्रैल, को पुनर्संरचित खाते (आरम्भिक आंकड़े)**	ऋणियों की संख्या	-	-	2	-	**2**	1		13	2	**16**	**1**	-	**15**	**2**	**18**
		बकाया राशि	-	-	147.21	-	**147.21**	11.66		1,072.53	38.26	**1122.45**	**11.66**	-	**1,219.74**	**38.26**	**1,269.66**
		उस पर प्रावधान	-	-	136.00	-	**136.00**	1.63		742.70	38.26	**782.59**	**1.63**	-	**878.70**	**38.26**	**918.59**
2	वर्ष के दौरान नई पुनर्संरचना #	ऋणियों की संख्या	-	-	-	-	-										
		बकाया राशि	-	-	-	-	-										
		किए गए प्रावधान	-	-	-	-	-										
3	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्संरचित मानक श्रेणी को अपग्रेड करना*	ऋणियों की संख्या	-	-	-	-	-										
		बकाया राशि	-	-	-	-	-										
		किए गए प्रावधान	-	-	-	-	-										
4	पुनर्संरचित मानक अग्रिम, जिन पर उच्चतर प्रावधान और/अथवा वित्तीय वर्ष के अन्त में अतिरिक्त जोखिम भार समाप्त हो गया है और इसलिए, अगले वित्तीय वर्ष के शुरू में पुनर्संरचित मानक अग्रिम के रूप में दर्शाए जाने की जरूरत नहीं है	ऋणियों की संख्या	-	-	-	-	-										
		बकाया राशि	-	-	-	-	-										
		किए गए प्रावधान	-	-	-	-	-										
5	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्संरचित खातों की श्रेणी को कम करना *	ऋणियों की संख्या	-	-	-	-	-										
		बकाया राशि	-	-	-	-	-										
		किए गए प्रावधान	-	-	-	-	-										
6	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्संरचित खातों को बट्टे खाते डालना	ऋणियों की संख्या	-	-	-	-											
		बकाया राशि	-	-	-	-	-										
		किए गए प्रावधान	-	-	-	-	-										
7	वर्ष के दौरान बंद किये गये खाते	ऋणियों की संख्या	-	-		-	-	1.00		3		**4**	**1**	**0**	**3**	**0**	**4**
		बकाया राशि	-	-	-	-	-	11.66		103.81		**115.47**	**11.66**	**0.00**	**103.81**	**0.00**	**115.47**
		किए गए प्रावधान	-	-	-	-	-	1.63		66.91		**68.54**	**1.63**	**0.00**	**66.91**	**0.00**	**68.54**
8	वित्तीय वर्ष में 31 मार्च को पुनर्संरचित खाते (अन्तिम आंकड़े)	ऋणियों की संख्या	-	-	2	-	**2**			10	2	**12**	**0**	**0**	**12**	**2**	**14**
		बकाया राशि			28.36	-	**28.36**			945.16	38.26	**983.42**	**0**	**0**	**973.52**	**38.26**	**1,011.78**
		किए गए प्रावधान			17.14	-	**17.14**			722.44	38.26	**760.70**	**0**	**0**	**739.58**	**38.26**	**777.84**

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

(xxxvi) ईसीएल-आईएफसीआई लि. के वित्तीय विवरणों की टिप्पणी में प्रकटन

एनबीएफसी में भारतीय लेखांकन मानक के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक की 13 मार्च, 2020 की अधिसूचना संख्या डीओआर(एनबीएफसी).सीसी.पीडी. संख्या 109/22.10.106/2019-20 की अपेक्षा के अनुसार कम्पनी ने भारतीय लेखांकन 109 के अधीन क्षति भत्ते और भारिबैंक के विवेकसम्मत मानदण्डों (मानक परिसम्पत्ति प्रावधान) के अधीन अपेक्षित प्रावधान के अंतर को समायोजित किया है, इसलिए 34.54 रूपए को राशि को 'क्षति रिजर्व' में लिया गया है।

31 मार्च, 2023 का

भारिबैंक के मानदण्डों के अनुसार परिसम्पत्ति वर्गीकरण		भा.ले.मा. 109 के अनुसार परिसम्पत्ति वर्गीकरण	भा.ले.मा. के अनुसार सकल वास्तविक राशि	भा.ले.मा. 109 के अनुसार अपेक्षित हानि भत्ता (प्रावधान)	निवल वास्तविक राशि	आईआरएसीपी मानदण्डों के अनुसार अपेक्षित प्रावधान	भा.ले.मा.109 के प्रावधानों और आईआरएसीपी मानदण्डों के बीच अंतर की राशि
(1)		(2)	(3)	(4)	(5)=(3)-(4)	(6)	(7) = (4)-(6)
लाभकारी परिसम्पत्तियां							
मानक		**स्टेज 1**	**286.97**	**14.57**	**272.40**	**1.15**	**13.42**
		स्टेज 2	**100.46**	**17.24**	**83.22**	**0.40**	**16.84**
		स्टेज 3	**86.09**	**61.81**	**24.28**	**0.34**	**61.47**
उप-जोड़			**473.52**	**93.62**	**379.90**	**1.89**	**91.72**
अलाभकारी परिसम्पत्तियां (एनपीए)							
अवमानक		**स्टेज 3**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
संदिग्ध-1 वर्ष तक		**स्टेज 3**	**118.52**	**85.10**	**33.42**	**36.92**	**48.18**
1 से 3 वर्ष		**स्टेज 3**	**1,036.89**	**792.07**	**244.82**	**563.98**	**228.09**
3 वर्ष से अधिक		**स्टेज 3**	**4,450.49**	**3,411.26**	**1,039.24**	**3,505.83**	**(94.57)**
अव-मानक के लिए उप-जोड़			**5,605.91**	**4,288.43**	**1,317.48**	**4,106.72**	**181.70**
हानिकारक		**स्टेज 3**	**143.15**	**104.23**	**38.92**	**143.15**	**(38.92)**
एनपीए के लिए उप-जोड़			**5,749.06**	**4,392.66**	**1,356.40**	**4,249.88**	**142.78**
जोड			**6,222.58**	**4,486.28**	**1,736.30**	**4,251.77**	**234.51**
गारंटियों, ऋण प्रतिबद्धताओं जैसी अन्य मदे, जो भा.ले.मा. 109 के दायरे में आती है परन्तु चालू आय मान्यता, परिसम्पत्ति वर्गीकरण और प्रावधान करने (आईआरएसीपी) के मानदण्डों के अन्तर्गत नहीं आती		**स्टेज 1**	**59.09**	**33.48**		**-**	**33.48**
		स्टेज 2	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
		स्टेज 3	**217.40**	**156.09**	**61.31**	**-**	**156.09**
प्रोद्भूत आय (स्टेज 1)		**स्टेज 1**	**1.72**	**-**	**1.72**	**-**	**-**
		स्टेज 1	**288.69**	**14.57**	**274.12**	**1.15**	**13.42**
		स्टेज 2	**100.46**	**17.24**	**83.22**	**0.40**	**16.84**
		स्टेज 3	**6,052.55**	**4,610.57**	**1,441.98**	**4,250.22**	**360.35**
जोड़			**6,441.70**	**4,642.37**	**1,799.33**	**4,251.77**	**390.60**

(xxxvii) भारिबैंक के मास्टर निदेश-गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी-सिस्टिमीकल इम्पोर्टेंट नॉन-डिपॉजिट टेकिंग कम्पनी और डिपॉजिट टेकिंग कम्पनी (रिजर्व बैंक) निदेश, 2016 के अनुसार नकदी जोखिम प्रबन्धन ढांचे और नकदी कवरेज अनुपात पर मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रकटन

(i) महत्वपूर्ण प्रतिपक्षकारों पर आधारित संकेन्द्रण (निक्षेपों और उधारों दोनों)

क्र.सं.	महत्वपूर्ण प्रतिपक्षकारों की संख्या	राशि (करोड़ रूपए)	कुल निक्षेपों का %
1	22	2,643.95	45.52%

(ii) 20 सबसे बड़े निक्षेप

क्र.सं.	प्रतिपक्षकार	राशि (करोड़ रूपए)	कुल निक्षेपों का %
	शून्य		

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

(iii) 20 सबसे बड़े उधार

क्र.सं.	ऋणदाता/निवेशक का नाम	राशि (करोड़ रूपए)	कुल उधारों का %
1	केएफडब्ल्यू लाएबिलिटी	364.25	6.27%
2	दि साउथ केनरा डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक लि.	230.55	3.97%
3	ट्रस्टीज जैब्स सी पी फण्ड	202.15	3.48%
4	फूड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया सीपीएफ ट्रस्ट	161.7	2.78%
5	दि मुम्बई डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक लि.	147	2.53%
6	इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि. (रिफायनरी डिवीजन) कर्मचारी भविष्य निधि	126.9	2.18%
7	केएसआरटीसी कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट	123.9	2.13%
8	ए पी एस आर टी सी कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट	120.5	2.07%
9	पंजाब नेशनल बैंक	119	2.05%
10	भारतीय स्टेट बैंक	115	1.98%
11	पावर ग्रिड कर्मचारी भविष्य निधि फंड ट्रस्ट	103.83	1.79%
12	आईएफसीआई एन्फास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट लिमिटेड	95	1.64%
13	भगिंया ग्रामीण विकास बैंक	93.3	1.61%
14	नवेली लिग्नाइट कारपोरेशन कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट	81.64	1.41%
15	रामकृष्ण मिशन	81.93	1.41%
16	बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज एम. एस. आर. टी. सी. सीपीएफ	77.9	1.34%
17	एक्सिस बैंक लिमिटेड	77	1.33%
18	हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड अंशदायी भविष्य निधि राउरकेला	74.8	1.29%
19	ठाणे जिला सेंट्रल सहकारी बैंक लिमिटेड	65	1.12%
20	जीडब्ल्यूएसएसबी-ईसीपीएफ ट्रस्ट	63	1.08%
21	आईओसीएल इम्प्लॉयज पीआरएमबी फण्ड	60	1.03%
22	रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का भविष्य निधि	59.6	1.03%
	जोड़	**2,643.95**	**45.52%**

(iv) महत्वपूर्ण प्रलेख/उत्पाद पर आधारित निधियन संकेन्द्रण

क्र.सं.	प्रलेख/उत्पाद का नाम	राशि (करोड़ रूपए)	कुल निक्षेपों का % *
1	निजी रूप से धारित बॉण्ड	2,979.40	51.30%
2	सार्वजनिक एनसीडीज	973.35	16.76%
3	अधीनस्थ बॉण्ड	774.67	13.34%
4	विदेशी मुद्रा देयता	364.25	6.27%
5	जीरो कूपन बॉण्ड	327.55	5.64%
6	कर मुक्त बॉण्ड	310.00	5.34%
7	सावधि ऋण	75.00	1.29%
8	सीबीएलओ उधार	3.85	0.07%
	कुल जोड़	**5,808.07**	**100.00%**

*31 मार्च, 2023 तक बकाया मूल देनदारी पर प्रतिशत की गणना की गई

(v) स्टॉक अनुपात

क्र.सं.	विवरण	अनुपात	Limit
1	अल्पकालिक देनदारियाँ / कुल संपत्ति *	18.43%	Not exceeding 30%
2	अल्पकालिक देनदारियाँ / दीर्घकालिक संपत्तियाँ*	25.69%	Not exceeding 40%
3	वाणिज्यिक पत्र / कुल संपत्ति **	-	Not exceeding 10%
4	1 वर्ष से कम की मूल परिपक्वता/कुल संपत्ति वाले एनसीडी #	-	Not exceeding 10%
5	दीर्घकालिक (> 1 वर्ष) संपत्तिध्कुल संपत्ति *	71.73%	Not exceeding 85%
6	अल्पकालिक देनदारियाँ / कुल देनदारियाँ *	19.82%	Not exceeding 30%

* अनुपातों की गणना इंड एस बैलेंस के अनुसार की जाती है

** वाणिज्यिक पत्र का कोई ओ/एस नहीं

1 वर्ष से कम की मूल परिपक्वता वाली कोई भी एनसीडी जारी नहीं की गई थी

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

नकदी कवरेज अनुपात

विवरण	31.03.2023 को समाप्त अवधि के लिए		31.12.2022 को समाप्त अवधि के लिए		30.09.2022 को समाप्त अवधि के लिए		30.06.2022 को समाप्त अवधि के लिए	
उच्च गुणवत्ता वाली नकद परिसम्पत्तियां	अभारित राशि	भारित राशि	अभारित राशि	भारित राशि	अभारित राशि	भारित राशि	अभारित राशि	भारित राशि
कुल उच्च गुणवत्ता वाली नकद परिसम्पत्तियां (एचक्यूएलए)	**16,269**	**7,014**	15,943	10,193	45978	29902	45658	35388
नकद बर्हिप्रवाह								
डेरिवेटिव जोखिम से सम्बन्धित बर्हिप्रवाह और अन्य संपार्श्विक अपेक्षा	-	-	-	-	-	-	-	-
अन्य संविदात्मक निधियन दायित्व	**5,660**	**6,509**	2,032	2,337	10175	10175	27608	27608
अन्य आकस्मिक निधियन दायित्व	-	-	-	-	-	-	-	-
कुल नकद बर्हिप्रवाह (1+2+3+4)	**5,660**	**6,509**	2,032	2,337	10175	10175	27608	27608
नकद अन्तरप्रवाह								
पूर्णत: कार्यनिष्पादन जोखिमों से अन्तर प्रवाह	**721**	**541**	736	552	867	867	1242	1242
ऋण श्रृंखला – क्रेडिट या नकदी सुविधाएं या अन्य आकस्मिक निधियन	-	-	-	-	0	0	0	0
अन्य नकद अन्तर प्रवाह	**2,651**	**1,988**	5,000	3,750	5030	2515	11630	5815
कुल नकद अन्तर प्रवाह	**3,372**	**2,529**	5,736	4,302	5897	3382	8274	7057
कुल एचक्यूएलए		**7,014**		10,193		29902		35388
शुद्ध नकद प्रवाह		**3,980**		-1,965		6793		20551
कुल नकद बर्हिप्रवाह का 25%		**1,627**		584		2544		6902
नकदी कवरेज अनुपात		**176**		1,745		440		172

आपकी कम्पनी ने पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करने के लिए अनेक विवेकसम्मत उपाय किए है। एलसीआर के प्रमुख चालक ऋण अदायगी के कारण बर्हिप्रवाह और मानक पुनर्अदायगियों और एनपीए वसूली के कारण अन्तर प्रवाह है। बोर्ड की अनुमोदित नीति के अनुसार उपलब्ध अधिशेष निधियों का नियोजन मुख्य रूप से तरल पारस्परिक निधियों, सरकारी प्रतिभूतियों (जी.सेक/खजाना बिलों), वाणिज्यिक पेपरों और अन्य मुद्रा बाजार प्रलेखों में किया जाता है। आपकी कम्पनी का यह प्रयास रहता है कि एलसीआर सुविधजनक और निर्धारित मानदण्डों के अन्तर्गत बना रहे।

xxxviii) क्षेत्रवार जोखिम

सेक्टर्स	2022-23			2021-22		
	कुल एक्सपोजर (बैलेंस शीट और अहफ बैलेंस शीट एक्सपोजर शामिल है (रू. करोड़)	**सकल एनपीए (रू. करोड़)**	**उस क्षेत्र में कुल एक्सपोजर का सकल एनपीए का प्रतिशत**	कुल एक्सपोजर (बैलेंस शीट और अहफ बैलेंस शीट एक्सपोजर शामिल है (रू. करोड़)	सकल एनपीए (रू. करोड़)	उस क्षेत्र में कुल एक्सपोजर का सकल एनपीए का प्रतिशत
2. उद्योग						
क. खनन एवं उत्खनन (कोयला सहित)	**214.81**	**114.81**	**53.45**	214.81	114.81	53.45
ख. खाद्य प्रसंस्करण	**286.81**	**280.18**	**97.69**	312.34	305.72	97.88
ग. पेय पदार्थ और तम्बाकू	**8.57**	**0.00**	**0.00**	35.03	19.14	54.65
घ. कपड़ा	**122.17**	**65.30**	**53.45**	159.74	67.21	42.07
न. कागज एवं कागज उत्पाद	**53.42**	**52.91**	**99.04**	53.42	52.91	99.04
च. पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु उत्पाद	**80.48**	**0**	**0.00**	80.48	0.00	0.00
छ. रसायन एवं रासायनिक उत्पाद	**145.06**	**143.57**	**98.98**	144.69	143.21	98.98
ज. रबर, प्लास्टिक और उनके उत्पाद	**79.37**	**0.24**	**0.30**	100.16	0.24	0.24
झ. सीमेंट एवं सीमेंट उत्पाद	**75.58**	**0.05**	**0.07**	75.58	0.05	0.07
न. मूल धातु एवं धातु उत्पाद	**465.19**	**327.27**	**70.35**	671.03	522.76	77.90
प. सभी इंजीनियरिंग	**591.01**	**570.82**	**96.58**	640.35	620.16	96.85
फ. वाहन, वाहन के हिस्से और परिवहन उपकरण	**146.56**	**124.15**	**84.71**	162.46	128.23	78.93
ब. रत्न एवं आभूषण	**65.69**	**65.69**	**100.00**	65.69	65.69	100.00
भ. निर्माण	**661.93**	**596.40**	**90.10**	667.69	588.77	88.18
म. 1.1 विद्युत उत्पादन	**1715.87**	**1133.54**	**66.06**	1806.66	1176.77	65.14
म. 1.4 सौर नवीकरण ऊर्जा	**25.00**	**0**	**0.00**	35.00	0.00	0.00
म. 1.5 अन्य	**12.83**	**12.73**	**99.22**	12.84	12.74	99.22
म. 2 दूरसंचार	**403.29**	**135.10**	**33.50**	465.25	135.10	29.04
म. 3 सड़कें	**761.43**	**475.87**	**62.50**	994.00	701.97	70.62
म. 8 अन्य अवसंरचना	**990.90**	**546.59**	**55.16**	1114.96	670.65	60.15
य. अन्य उद्योग	**3036.05**	**1103.83**	**36.36**	3785.61	1188.77	31.40
कुल योग	**9942.00**	**5749.06**	**57.83**	11597.79	6514.89	56.17

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

सेक्टर्स	2022-23			2021-22		
अन्य उद्योग	**कुल एक्सपोजर (बैलेंस शीट और अहफ बैलेंस शीट एक्सपोजर शामिल है (रू. करोड़)**	**सकल एनपीए (रू. करोड़)**	**उस क्षेत्र में कुल एक्सपोजर का सकल एनपीए का प्रतिशत**	कुल एक्सपोजर (बैलेंस शीट और अहफ बैलेंस शीट एक्सपोजर शामिल है (रू. करोड़)	सकल एनपीए (रू. करोड़)	उस क्षेत्र में कुल एक्सपोजर का सकल एनपीए का प्रतिशत
सभी उप-क्षेत्र फ्लैगिंग के लिए उपलब्ध होंगे (उप-क्षेत्र को उस समूहध्कंपनी की प्रमुख कंपनी के परिचालन खंड का प्रतिनिधित्व करना चाहिए जिसके शेयर गिरवी रखे जा रहे है)।	**7.51**	**0**	**0**	12.27	0.00	0
सहयोगी कंपनी	**83.16**	**0**	**0**	83.16	0.00	0
बैंकों	**43.58**	**0**	**0**	44.04	0.00	0
ऋण और निवेश की टोकरी	**0.33**	**0.33**	**100**	0.83	0.83	100.00
दलाल और अन्य पूंजी बाजार सहभागी	**72.93**	**0**	**0**	74.18		0.00
निर्माण सामग्री	**97.49**	**95.75**	**98.21**	108.66	95.75	88.12
व्यापार सेवाएं	**32.93**	**32.67**	**99.21**	33.27	33.01	99.22
वाणिज्यिक और आवासीय अचल संपत्ति	**491.55**	**364.45**	**74.14**	647.72	420.83	64.97
सरकारी प्रतिभूतियां	**42.08**		**0.00**	575.48	0.00	0.00
विविध कॉर्पोरेट				4.44	0.00	0.00
अधिकार वाली कंपनी				20.19		0.00
होल्डिंग कंपनी-पर्यटन और संबंधित गतिविधि (बुनियादी ढांचे के तहत के अलावा)	**90.94**	**90.94**	**100.00**	91.41	91.41	100.00
होटल (गैर-इन्फ्रा)	**56.80**	**30.72**	**54.08**	56.80	30.72	54.08
सूचान प्रौद्योगिकी सेवाएं	**53.79**	**36.79**	**68.40**	53.79	36.79	68.40
मीडिया एवं मनोरंजन	**145.00**	**145.00**	**100.00**	145.00	145.00	100.00
विविध. अन्य उत्पाद	**10.12**	**1.20**	**11.86**	40.27	15.05	37.38
विविध सेवाएं	**1.00**		**0.00**	1.00	0.00	0.00
म्यूचुअल फंड्स	**263.56**		**0.00**	121.08		0.00
एनबीएफसी	**291.94**	**169.25**	**57.97**	361.17	169.25	46.86
अलौह धातु	**113.72**	**59.26**	**52.11**	113.72	59.26	52.11
मुद्रण, प्रकाशन और संबद्ध उद्योग।	**0.00**	**0.00**	**100.00**	0.00	0.00	100.00
खुदरा ब्रांड श्रृंखला	**86.84**	**77.45**	**89.19**	100.24	90.84	90.63
सहायक कंपनी	**1036.16**		**0.00**	1053.31		0.00
पर्यटन एवं संबंधित गतिविधि (बुनियादी ढांचे के अलावा)	**14.62**	**0.04**	**0.26**	43.03	0.04	0.09
वेंचर कैपिटल फंड			**0.00**	0.59	0.00	0.00
थोक व्यापार	**0.00**	**0.00**	**0.00**	0.00	0.00	0.00
कुल योग	**3036.05**	**1103.83**	**36.36**	3785.62	1188.77	31.40

नोट:

i. उपरोक्त प्रकटीकरण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किए गए क्षेत्रवार और उद्योगवार बैंक क्रेडिट (एसआईबीसी) रिटर्न और रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित ''बैंक क्रेडिट का क्षेत्रीय परिनियोजन'' रिपोर्ट पर आधारित होंगे।

ii. उपरोक्त प्रकटीकरण में, यदि किसी सेक्टर में, किसी विशिष्ट सब-सेक्टर/उद्योग में एक्सपोजर किसी एनबीएफसी की टियर 1 पूंजी के 10 प्रतिशत से अधिक है, तो उसे उस सेक्टर के तहत अलग से प्रकट किया जाएगा। साथ ही, एक सेक्टर के भीतर, यदि एक्सपोजर विशिष्ट सब-सेक्टर/उद्योग टियर 1 पूंजी के 10 प्रतिशत से कम है, तो ऐसे एक्सपोजर को क्लब किया जाएगा और उस सेक्टर के तहत ''अन्य'' के रूप में प्रकट किया जाएगा।

(xxxix) इंट्रा ग्रुप एक्सपोजर

विवरण	**वित्त वर्ष 22-23**	वित्त वर्ष 21-22
इंट्रा ग्रुप एक्सपोजर की कुल राशि	**1546.45**	1563.60
शीर्ष 20 इंट्रा ग्रुप एक्सपोजर की कुल राशि	**1546.45**	1563.60
कुल एक्सपोजर के प्रतिशत के रूप में कुल इंट्रा ग्रुप एक्सपोजर	**13.33%**	9.56%

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

(xl) संबंधित पक्ष का प्रकटीकरण

संबंधित पार्टी	सहायक		सहयोगी/संयुक्त उद्यम		प्रमुख प्रबंधन कार्मिक		प्रमुख प्रबंधन कार्मिक के रिश्तेदार		अन्य		कुल	
सामान	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
उधारी	130.00	130.00	-	-	-	-	-	-	-	-	130.00	130.00
जमा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
जमा की नियुक्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
अग्रिम	-	-	-	-	1.18	1.22	-	-	-	-	1.18	1.22
निवेश	1,546.41	1,546.41	0.04	0.04	-	-	-	-	-	-	1,546.45	1,546.45
अचल/ अन्य संपत्तियों की खरीद	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
अचल/ अन्य संपत्तियों की बिक्री	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ब्याज का भुगतान*	11.05	11.05	-	-	-	-	-	-	-	-	11.05	11.05
प्राप्त ब्याज	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
अन्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

* संचयी ब्याज का छोड़कर 10.77 8.98

अन्य लेन-देन के लिए कृपया नोट संख्या 47 देखें।

(xli) संधियों का उल्लंघन

31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्षो के दौरान लिए गए ऋण या जारी ऋण प्रतिभूतियों के संबंध में डिफॉल्ट या अनुबंध के उल्लंघन का कोई मामला नही था।

(xlii) परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधानों में विचलन

आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय उपकरणों पर कर-पूर्व लाभ और गड़बड़ी हानि के 5 प्रतिशत से अधिक की राशि के लिए अतिरिक्त प्रावधानों का आकलन नहीं किया है, और न ही इस अवधि के दौरान रिपोर्ट में दर्ज गए सकल एनपीए के 5% से अधिक के किसी अतिरिक्त सकल एनपीए की पहचान की है।

(xliii) शिकायतों का खुलासा

संसाधन विभाग को ग्राहकों और लोकपाल के कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का सारांश

क्र. सं.	विवरण	वित्त वर्ष 2022-23 चालू वर्ष	वित्त वर्ष 2021-22 पिछला वर्ष
	एनबीएफसी को अपने ग्राहकों से प्राप्त शिकायतें		
1	वर्ष की शुरुआत में लंबित शिकायतों की संख्या	**0**	0
2	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या*	**8379**	1830
3	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	**8379**	1830
	3.1 जिनमें से, एनबीएफसी द्वारा खारिज की गई शिकायतों की संख्या	**0**	0
4	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	**0**	0
	एनबीएफसी को लोकपाल कार्यालय से प्राप्त रखरखाव योग्य शिकायतें		
5	एनबीएफसी को लोकपाल कार्यालय से प्राप्त रखरखाव योग्य शिकायतों की संख्या	**10**	7
	5.1 5 में से, लोकपाल के कार्यालय द्वारा एनबीएफसी के पक्ष में निपटाई गई शिकायतों की संख्या	**9**	7
	5.2 5 में से, लोकपाल के कार्यालय द्वारा जारी सुलह/मध्यस्थता/सलाह के माध्यम से हल की गई शिकायतों की संख्या	**1**	0
	5.3 5 में से, एनबीएफसी के खिलाफ लोकपाल के कार्यालय द्वारा पुरस्कार पारित करने के बाद कई शिकायतों का समाधान किया गया	**0**	0
6	निर्धारित समय के भीतर लागू नही किए गए पुरस्कारों की संख्या (अपील किए गए पुरस्कारों के अलावा)	**0**	0

*वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 22 के दौरान संसाधन विभाग से संबंधित क्रमशः आरबीआई से प्राप्त 8 और 11 शिकायतें शामिल है

(सभी राशियां करोड़ रुपए में है, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए)

शिकायतों के आधार (अर्थात् संबंधित शिकायतें)		वर्ष की शुरुआत में लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	पिछले वर्ष की तुलना में प्राप्त शिकायतों की संख्या में % वृद्धि/कमी	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	5 में से 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की संख्या।
1		2	3	4	5	6
चालू वर्ष वित्तीय वर्ष 2022-23						
ग्राउंड 1	आवंटन सूचना/बांड प्रमाणपत्र का प्राप्त न होना	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**
ग्राउंड 2	ब्याज/मोचन/बायबैक राशि की प्राप्ति न होना	**0**	**8379**	**357.87**	**0**	**0**
ग्राउंड 3	लाभांश न मिलना	**0**	**258**	**-41.63**	**0**	**0**
ग्राउंड 4	अन्य	**0**	**11**	**-47.61**		
ग्राउंड 5						
अन्य						
कुल		**0**	**8648**	**277.14**	**0**	**0**
पिछला वर्ष 2021-22						
ग्राउंड 1	आवंटन सूचना/बांड प्रमाणपत्र का प्राप्त न होना	0	0	0	0	
ग्राउंड 2	ब्याज/मोचन/बायबैक राशि की प्राप्ति न होना	0	1830	-10.47	0	0
ग्राउंड 3	लाभांश न मिलना	0	442	33.13	0	0
ग्राउंड 4	अन्य	0	21	10.52		
ग्राउंड 5						
अन्य						
कुल		0	2293	-4.08	0	0

56 31.03.2023 को करंसी फ्यूचर्स/फारवर्ड सौदों में ओपन इन्ट्रस्ट

स्थिति (31.03.2023 की स्थिति अनुसार)

विवरण		मूल्य तिथि	प्रतिपक्षकार	समाहित यूनिटों की संख्या (यूरो एवं यूएसडी)
1	यूरो/भारतीय रुपए	28 अप्रैल 2023	इंडसइंड बैंक	4,07,19,000.00

57 विदेशी मुद्रा प्रकटन, जो डेरिवेटिव प्रलेख के तहत अथवा अन्यथा प्रतिरक्षित नही है 0.001 मिलियन अमेरिकी डॉलर है (मार्च, 2022 को समाप्त पिछला वर्ष : 0.001 मिलियन अमेरिकी डालर) और -0.01 मिलियन यूरो (मार्च, 2022 को समाप्त पिछला वर्ष : 2502 मिलियन यूरो), जो 0.08 करोड़ रुपए के बराबर है (मार्च 2022 को समाप्त पिछला वर्ष : 2.10 करोड़ रुपए)

58 रेपो और रिवर्स रेपो लेन देनों के अधीन बेची और खरीदी गई प्रतिभूतियों के विवरण

विवरण		अवधि के दौरान अधिकतम बकाया	अवधि के दौरान दैनिक औसत बकाया	31 मार्च, 2023 को बकाया
रेपो के अधीन बेची गई प्रतिभूतियां				
1	सरकारी प्रतिभूतियां	-	-	-
2	निगमित बॉण्ड	-	-	-
रिवर्स रेपो के अधीन खरीदी गई प्रतिभूतिया				
1	सरकारी प्रतिभूतियां	-	-	-
2	निगमित बॉण्ड	-	-	-

अधिकतम एवं औसत बकाया प्रतिभूतियों के अंकित मूल्य पर आधरित है।

59 पिछले वर्ष के आंकड़ो को, जहां कही आवश्यक है, चालू अवधि के प्रस्तुतीकरण के अनुरूप, पुन: समूहित/पुन: व्यवस्थित किया गया है।

संलग्न टिप्पणियां इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न अंग है।

इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते **एम. के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी**
सनदी लेखापाल
आईसीएआई फर्म रजिस्ट्रेशन नं.: 01411एन

सीए अतुल अग्रवाल
साझेदार
सदस्यता संख्या: 099374

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई, 2023

आईएफसीआई लिमिटेड के निदेशक बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

मनोज मित्तल
प्रबंध निदेशक व
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआईएन: 01400076

प्रसून
मुख्य महाप्रबंधक व
मुख्य वित्तीय अधिकारी

प्रो.अरविन्द सहाय
निदेशक
डीआईएन: 03218334

प्रियंका शर्मा
कम्पनी सचिव

स्वतंत्र लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में

आईएफसीआई लिमिटेड के सदस्यगण,

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

हमने **आईएफसीआई लिमिटेड** (जिसे यहाँ आगे ''कम्पनी'' कहा गया है) और इसकी सहायक कम्पनियों (कम्पनी और सहायक कम्पनियों को मिलाकर जिन्हें ''समूह'' कहा गया है) की 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ एवं हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकद प्रवाह विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण, समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश व अन्य स्पष्टीकरण सूचनाओं (जिन्हें आगे ''समेकित वित्तीय विवरण'' कहा गया है) की लेखा-परीक्षा की है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण कम्पनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') के तहत यथानुसार अपेक्षित सूचना देते है और 31 मार्च 2023 की स्थिति के अनुसार मामलों की स्थिति, कम्पनी की समेकित हानि, समेकित कुल व्यापक हानि, इसके समेकित नकदी प्रवाह और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में समेकित परिवर्तनों सहित यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली 2015 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अधीन भारतीय लेखांकन मानकों और भारत में सामान्यत: स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप के बारे में सत्य एवं स्पष्ट सूचना प्रदान करते है।

राय का आधार

हमने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन विनिर्दिष्ट लेखा-परीक्षा के मानकों (एसए) के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा की है। उन मानकों के अधीन हमारी जिम्मेदारियां हमारी रिपार्ट के **'समेकित वित्तीय विवरण की लेखा-परीक्षा के लिए लेखा-परीक्षक की जिम्मेदारियां'** नामक खण्ड में वर्णित है। हम इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंटस ऑफ इंडिया (''आईसीएआई'') द्वारा जारी नीति-संहिता के अनुसार समूह के स्वतंत्र लेखा-परीक्षक है और कम्पनी अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के उपबंधों के तहत निर्धारित नीतिपरक अपेक्षाएं समेकित वित्तीय विवरण की हमारी लेखा-परीक्षा के संगत है और हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की नीति-संहिता के अनुसार अपनी अन्य नीतिपरक जिम्मेदारियां पूरी की हैं। हम विश्वास करते है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्य समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

1. इम्फेसिस ऑफ मैटर

क. इम्फेसिस ऑफ मैटर -आईएफसीआई लिमिटेड

1. हम चरण-3 परिसंपत्तियों पर ब्याज आय को मान्यता न देने वाली लेखांकन नीति में बदलाव के संबंध में वित्तीय विवरणों के **नोट संख्या 40(iii)** पर ध्यान आकर्षित करते है। तद्नुसार, समीक्षाधीन अवधि के लिए ब्याज आय 209.50 करोड़ रुपये (ईसीएल का शुद्ध) कम है।
2. हम **नोट संख्या 40 (vi)** पर ध्यान आकर्षित करते है जहां पूंजी जोखिम पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 31.03.2023 को (-)70.66% है, जो आरबीआई के परिपत्र दिनांक 31 मई, 2018 (आरबीआई/2017-18/181 डीएनबीआर (पीडी) सीसी. नंबर 092/03.10.001/2017-18) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश से कम है।
3. एक निश्चित मामले में, यह देखा गया कि एक पार्टी ने भारत सरकार की एसडीएफ (चीनी विकास निधि) योजना के तहत सहायता प्राप्त करने और अपने प्रस्ताव की समुचित तैयारी के लिए कंपनी को अपना सलाहकार/परामर्शदाता नियुक्त किया है। लेकिन कंपनी एसडीएफ योजना के तहत नोडल मंत्रालय द्वारा प्राप्त आवेदन पर स्वतंत्र रूप से विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए सरकार की नोडल एजेंसी/एजेंट के रूप में भी कार्य कर रही है। भारत सरकार से स्पष्ट अनुमोदन मिलने के बावजूद, किसी भी आवेदक को व्यावसायिक शर्तों पर दस्तावेजों/परियोजना रिपोर्ट को तैयार करने में सहायता/प्रशिक्षण देने की कंपनी की कार्रवाई और भारत सरकार की ओर से उचित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने से कंपनी द्वारा मूल्यांकित प्रस्तावों की विश्वसनीयता काफी कमजोर होती है, साथ ही इससे कंपनी की स्वतंत्र स्थिति भी प्रभावित होती है।
4. कंपनी ने हमें नोडल मंत्रालय से प्राप्त पत्र दिनांक 01.11.2022 के माध्यम से सूचित किया है कि एसडीएफ (चीनी विकास निधि) योजना के लिए लेखा-परीक्षकों के साथ कोई विशिष्ट डेटा साझा नहीं किया जा सकता है। तद्नुसार, हमारे द्वारा इसकी समीक्षा नहीं की गई है।
5. कंपनी ने हमें सूचित किया है कि पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) योजनाओं के लिए नोडल मंत्रालय से प्राप्त पत्रों के अनुसार, फाइलें और दस्तावेज लेखा-परीक्षकों को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, इसलिए हमने इनकी समीक्षा नहीं की है।

ख. मैसर्स स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड-इम्फेसिस ऑफ मैटर

हम निम्नलिखित की ओर ध्यान आकर्षित करते है:

क. समेकित वित्तीय विवरणों का **नोट सं. 43** माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले में निर्णय लंबित रहने तक, एक बैंक के साथ जारी मुकदमेबाजी के परिणाम से संबंधित है। प्रबंधन द्वारा प्राप्त कानूनी राय के अनुसार, कंपनी माननीय कोलकाता उच्च न्यायालय और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पास प्रतिभूति जमा के रूप में रखी गई एफडीआर की वसूली के प्रति आशान्वित है, इसलिए लाभ व हानि विवरण में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

ख. व्यापार देय, व्यापार प्राप्य, ऋण एवं अग्रिम, अन्य वर्तमान देनदारियों और अन्य चालू परिसंपत्तियों से शेष राशि की प्रत्यक्ष पुष्टि प्राप्त न होने से संबंधित मैसर्स स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में।

ख.1 मैसर्स स्टॉक होल्डिंग डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड-इम्फेसिस ऑफ मैटर

सहायक कम्पनी ''स्टॉक होल्डिंग डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड'' के संबंध में सांविधिक लेखा-परीक्षकों ने निम्नलिखित मैटर ऑफ इन्फेसिस दिया है:

1. हम कम्पनी के परिसर में आग लगने के कारण तीसरे पक्ष के प्रति कम्पनी के दायित्व के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों पर **टिप्पणी सं. 45** की ओर ध्यान आकर्षित करते है।

ग. मैसर्स एमपीसीओएन लिमिटेड के मामले में इम्फेसिस ऑफ मैटर

1. हम समेकित वित्तीय विवरणों के नोट सं. 37 की ओर ध्यान आकर्षित करते है, जिसमें कंपनी के खिलाफ दायर मुकदमे के

कारण होने वाले लाभ/हानि से संबंधित अनिश्चितता का वर्णन किया गया है।

2. 63,66,745 रु. की राशि से संबंधित कर, अग्रिम व व्यय की कुछ प्रविष्टियों से संबंधित प्रावधानों को सीधे संचय एवं अधिशेष खाते में समायोजित किया गया है।

3. यह देखा गया है कि 31.03.2023 तक बैलेंस शीट में 8,84,24,463 रु. की विविध देनदारी दिखायी गई है। विविध देनदारों से संबंधित अवधि तालिका नीचे दी गई है:-

रु. लाख में

विभाग	कुल	6 महीने तक	>6 माह से 1 वर्ष तक	>1 वर्ष से 3 वर्ष तक	>3 वर्ष	>3-5 वर्ष	>5-7 वर्ष	>7-10 वर्ष	>10
एकेएस	314	-	-	33	-	248	32	-	1
रायपुर	179	-	-	9	-	87	75	8	-
जीडब्ल्यूएल	66	-	-	3	-	7	27	29	-
जेबीपी	60	-	-	-	-	22	29	9	-
एबी	53	-	-	-	-	-	-	53	-
एसजी	53	-	-	-	-	-	53	-	-
एसबीजे	49	-	-	-	-	7	-	41	-
आरकेएस	35	-	-	-	-	35	-	-	-
एसबीजे	17	-	-	-	-	-	17	-	-
केकेए	15	-	-	0	-	15	-	-	-
पीकेएस	14	-	-	1	-	13	-	-	-
आईएनडी	13	-	-	-	-	13	-	-	-
एमएसके	13	-	-	-	-	13	-	-	-
ए जे	2	-	-	2	-	-	-	-	-
सीएसयू	1	-	-	-	-	-	-	1	-
भोपाल	0	0	0	-	-	-	-	-	-
कुल	**884**	**0**	**0**	**48**	**-**	**461**	**232**	**142**	**1**

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष का कुल टर्नओवर 17883 लाख रु. है और वित्तीय वर्ष में बिल की गई लगभग 100% राजस्व की वसूली हुई। देनदारों की बकाया 884 लाख रु. की राशि चालू वित्तीय वर्ष से पहले की अवधि से संबंधित है। चालू वित्तीय वर्ष में तदर्थ आधार पर कुल देनदार शेष खाते में खराब व संदिग्ध ऋणों के लिए 150 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

देनदारों से शेष राशि की पुष्टि के लिए कोई पूर्व-परिभाषित प्रणाली नहीं है और कंपनी के ग्राहकों द्वारा देनदार शेष राशि का नियमित आधार पर सत्यापन नही किया जा रहा है।

ये सभी देनदार ग्राहकों के लिए परिचालन दायित्व है। सीमा अधिनियम (लिमिटेशन एक्ट) 1963 के प्रावधानों के कारण ये वसूली के लिए अदालत में स्वीकार्य नही है। प्रबंधन ने इसके लिए सीमा अवधि पर कानूनी राय प्राप्त की और विद्वान वकील ने पुष्टि की है कि देनदार शेष के मामले में सीमा अधिनियम 1963 के तहत स्वीकार्य अवधि 3 वर्ष की है।

अब प्रबंधन द्वारा सीमा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक देनदार शेष की स्वीकार्यता की स्थिति जानने के लिए एक स्वतंत्र पेशेवर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जानी है।

इसके अलावा 3 वर्ष से अधिक पुराने प्रत्येक देनदार शेष के लिए अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान करने की अनुशंसा की गई है। उक्त प्रावधानों के प्रभाव को इन वसूली-योग्य शेष राशि के लिए, विशेष रूप से संबंधित दायित्व को रिवर्स करके, ध्यान में रखा जाना चाहिए। इससे संबंधित तालिका एक अलग पैराग्राफ में दी गई है।

4. यह पाया गया है कि 31.03.2023 को बैलेंस शीट में तीन साल से अधिक अवधि वाले 463.34 लाख रु. के व्यापार देय बकाया है। ये व्यापार देय सीधे तौर पर 835.75 लाख रु. के विविध देनदारों से संबंधित है। ये देय शेष वसूली-योग्य शेष पर निर्भर है। इन देय और वसूली-योग्य शेष राशि की शुद्ध स्थिति का ब्यौरा नीचे दिया गया है;

रु. लाख में

विवरण	बुढ़ापा - 3 वर्ष से अधिक
विविध देनदार	835.75
व्यापार देनदारियां	463.34
सटीक स्थिति	**372.41**

5. कंपनी के पास ग्राहकों, जमाओं, विविध देनदारों और विविध लेनदारों से अग्रिम के रूप में विभिन्न मदों में लंबे समय से बकाया राशि है। इन सभी के शेष की पुष्टि/सत्यापन होना बाकी है। (31 मार्च 2023 तक 3 साल और उससे अधिक की वसूली-योग्य शेष राशि सिक्योरिटी जमा खाते में 96.98 लाख रु. और विक्रेताओं/पार्टियों को अग्रिम खाते में 53.09 लाख रु. है।)

6. आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली लागू है। आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट तिमाही आधार पर प्रस्तुत की जाती है। 4 आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट की समीक्षा की गई और इनमें विस्तृत विश्लेषण के साथ वित्तीय नियंत्रण पर विस्तृत जांच की सिफारिश की जाती है। आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली को उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो व्यवसाय के लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

7. कंपनी की संपत्तियों का मैनेजमेंट द्वारा नियमित आधार पर सत्यापन और प्रमाणीकरण किया जा रहा है। संपत्तियों की श्रेणी के अनुसार मार्किंग और टैगिंग को, प्राथमिकता के आधार पर स्वतंत्र पेशेवर द्वारा सत्यापित कराये जाने की आवश्यकता है।

8. कंपनी में एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं की पहचान और निगरानी के लिए कोई पूर्वनिर्धारित व्यवस्था नहीं है।

घ. मैसर्स आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लि. – इम्फेसिस ऑफ मैटर

1. हम चरण 3 की परिसंपत्तियों पर ब्याज आय की मान्यता समाप्त करने की दिशा में लेखांकन नीति में परिवर्तन के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों के **टिप्पणी 47सी** की ओर ध्यान आकर्षित करते है। तदनुसार, ब्याज आय 11.60 करोड़ रु. कम है। वर्ष का शुद्ध लाभ 5.17 करोड़ रु. (ईसीएल और आस्थगित कर घटाकर) कम है।

ड. इम्फेसिस ऑफ मैटर – मैसर्स आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड

1. कंपनी की खाता-बहियों में 86.38 करोड़ रुपये की आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ दिखायी गई है, जो इंड-एएस 12 और विवेकपूर्ण लेखांकन अवधारणा के अनुरूप नहीं है। इसके लिए आवश्यक है कि आस्थगित कर परिसंपत्तियों को केवल सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों की एक सीमा तक मान्यता दी जाए। क्योंकि यह भी संभव है कि कुछ ऐसे कर योग्य लाभ उपलब्ध हों, जिनके लिए कटौती योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सकता है।

2. कंपनी की ऋण संपत्ति का बड़ा हिस्सा यानि 97% गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) बन गया है। इसके अलावा, जैसा कि प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया है, कंपनी ने पिछले वर्ष के दौरान कोई नया ऋण स्वीकृत/वितरित नहीं किया है। इससे पता चलता है कि कंपनी के पास आज की तिथि तक कोई चालू बिजनेस मॉडल नहीं है। इन घटनाओं या स्थितियों से संकेत मिलता है कि कंपनी में भौतिक अनिश्चितता है, जो व्यवसाय जारी रखने की कंपनी की क्षमता पर संदेह पैदा कर सकती है।

एफ. इम्फेसिस ऑफ मैटर – मैसर्स आईएफसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड

1. हम वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 47 बी(जी) पर ध्यान आकर्षित करते है, जो फाइनेंशियल सिटी बेंगलुरु स्थित 12.77 करोड़ रुपये की पट्टा-सह-बिक्री की भूमि वाली इन्वेंट्री से संबंधित है, जो 12 वर्षों के लिए पट्टे पर थी और जिसका पट्टा समझौता 30.09.2022 को समाप्त हो गया है। पट्टा समझौते को नवीनीकृत करने का अनुरोध पत्र केआई एडीबी में जमा किया गया है और उसका नवीनीकरण किया जाना शेष है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में समेकित राय को संशोधित नहीं किया गया है।

2. मुख्य रिपोर्ट में सूचित किए गए महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले

महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले वे मामले है, जो लेखांकन के पेशेवर निर्णय में, चालू अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा में अत्यधिक महत्वपूर्ण थे। इन मामलों का समाधान समग्र रूप से समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा के संदर्भ में और उन पर हमारी राय बनाने में किया गया और हम इन मामलों पर कोई अलग राय नहीं देते है। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले मुख्य लेखा-परीक्षा मामलों के सम्बन्ध में, मामलों का निर्धारण नीचे इस प्रकार किया है:

क्र. सं.	प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले	लेखा-परीक्षा में हमारे मामले का समाधान कैसे किया गया
1.	**ऋण परिसम्पत्तियों की क्षति – प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल)** (लेखांकन नीति संख्या 6(ख) के साथ पठित समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 56 देखें) अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्र जहां हमने निर्णयों के उच्चतर स्तर का पता लगाया है: ० ईसीएल मॉडल – क्षति हानि मूल्यांकन के लिए चूक की संभावनाओं (पीडी), चूक के कारण हानि (एलजीडी) और चूक पर जोखिम (ईएडी) का अनुमान लगाने के लिए सांख्यिकीय मॉडलों का उपयोग करने की आवश्यकता है। ये मॉडल ईसीएल को मापने के मुख्य चालक है। ० विभिन्न चरणों का व्यक्तिगत रूप से निर्धारित वर्गीकरण -यदि व्यक्तिगत क्षति का उपयुक्त रूप से अभिनिर्धारण और अनुमान न लगाया जाए, तो ऋण प्राप्तकर्ताओं को ऋण और अग्रिमों के रखरखाव मूल्य में महत्वपूर्ण असमानता हो सकती है। इन मामलों का प्रभाव यह है कि हमारे जोखिम निर्धारण के भाग के रूप में हमने यह निर्धारण किया है कि ईसीएल का मूल्य समग्र रूप से वित्तीय विवरणों के लिए हमारी अहमियत से अधिक उपयुक्त परिणामों की संभावित श्रेणी सहित अत्यधिक अनुमानों की अनिश्चितता है। अवधारणाओं के अनुचित उपयोग के मामले में ऋण परिसम्पत्तियों का वास्तविक मूल्य या तो व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से गलत बताया जा सकता है। समेकित वित्तीय विवरणों में ऋण परिसम्पत्तियों की राशि के महत्व को देखते हुए उस पर ऋण परिसम्पत्तियों की क्षति को हमारी लेखा-परीक्षा में मुख्य लेखा-परीक्षा मामला माना गया है।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धति में निम्नलिखित शामिल हैं:** हमने प्रत्याशित ऋण हानि के सम्बन्ध में लेखांकन मानक 109 'वित्तीय प्रलेख', में विनिर्दिष्ट मार्गनिर्देशों, विभिन्न नियामक नवीनतम सूचनाओं, कम्पनी के आन्तरिक अनुदेशों और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की है और निम्नलिखित लेखा-परीक्षा पद्धतियों में उनको अपनाया गया है: 1. ऋण परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में मुख्य आन्तरिक नियंत्रण प्रणालियों के मूल्यांकन और जानकारी, ऋण क्षति का निर्धारण, उपयुक्त आंकड़ों की गुणवत्ता के निर्धारण और वास्तविक आंकड़ों की समीक्षा सहित, प्रविष्टि की जानी चाहिए। 2. किसी अतिदेय, असंतोषजनक आचरण या किसी ऋण परिसम्पत्ति खाते का पता लगाने के लिए बड़ी और दबावग्रस्त ऋण परिसम्पत्तियों की जांच-परीक्षण आधार पर ऋण परिसम्पत्ति खातों का सत्यापन/ प्रलेखों की समीक्षा, कार्य-निष्पादन। 3. किसी प्रतिकूल संकेत/टिप्पणी वाली ऋण परिसम्पत्तियों का पता लगाने के लिए आन्तरिक लेखा-परीक्षा और अन्य किसी लेखा-परीक्षा/निरीक्षण प्रणाली की रिपोर्टो की समीक्षा और कम्पनी की नियंत्रण प्रणालियों की समीक्षा, ताकि ऐसी ऋण परिसम्पत्तियों और उसकी संभावित क्रेडिट हानि का समेकित वर्गीकरण किया जा सके। 4. पीडी और एलजीडी के परिकलन के लिए प्रयुक्त पद्धति में आलोच्य आंकड़ों के इनपुट की उपयुक्तता। 5. ईसीएल परिकलन में स्रोत पद्धतियों से आंकड़ों के प्रवाह की पूर्णता और सटीकता। 6. आर.बी.आई. के आईआरएसीपी मानदण्डों के आधार पर समग्र ऋण परिसम्पत्तियों का निर्धारण। **हमारा निष्कर्ष:** हमने क्रेडिट हानि शुल्क और मान्य प्रावधान और संबंधित प्रकटीकरणों पर विचार किया और उन्हें स्वीकार्य और संतोषजनक पाया।

क्र. सं.	प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले	लेखा-परीक्षा में हमारे मामले का समाधान कैसे किया गया
2.	**वित्तीय प्रलेखों का उचित मूल्य पर मूल्यांकन** (लेखांकन नीति संख्या च(ख) के साथ पठित समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी संख्या 55 देखें। कम्पनी अपनी मुद्रा और बाजार दर जोखिम का प्रबन्धन करने के लिए आर.बी.आई. के मार्गनिर्देशों के अनुसार डेरिवेटिव संविदाओं की प्रविष्टि करती है। इन डेरिवेटिव्स संविदाओं का एफवीटीपीएल पर वर्गीकरण किया जाता है और नकद प्रवाह प्रतिरक्षण (प्रतिरक्षा लेखांकन) के अधीन कुछ डेरिवेटिव्स संविदाओं को पदनामित किया जाता है। इसके महत्वपूर्ण जोखिम के कारण एक मुख्य लेखा-परीक्षा मामले के रूप में डेरिवेटिव वित्तीय प्रलेखों का मूल्यांकन और प्रतिरक्षा लेखांकन पर विचार किया जाता है तथा इस तथ्य का ध्यान रखा जाता है कि इन अपेक्षाओं के अनुचित उपयोग से आय विवरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धतियों में निम्नलिखित शामिल हैं:** हम उन वित्तीय डेरिवेटिव संविदाओं और अन्तर्निहित संविदाओं के संभावित परिणामों तथा कम्पनी को हो रहे किसी लाभ या हानि के लिए निकाले गए उचित मूल्यांकन का अनुमान लगाने में प्रबन्धन की अन्तर्निहित अवधारणाओं की समीक्षा करने के लिए अपने कार्य-दल को निर्देश देते है जिससे कम्पनी को हो रहे किसी लाभ या हानि का पता लगाया जा सके। हमारे कार्य-दल ने 31 मार्च, 2022 को निपटान के लिए बकाया/लम्बित के रूप में वित्तीय डेरिवेटिव संविदाओं का ऐसा उचित मूल्य निकालने के लिए सामान्य बाजार कार्य-विधियों और अन्य अन्तर्निहित अवधारणाओं पर भी विचार किया है। यह निर्धारण करना कि मौजूदा लेखांकन मानकों और आर.बी.आई. के मार्गनिर्देशों की अपेक्षाओं के संदर्भ में कम्पनी के वित्तीय विवरणों में इसके डेरिवेटिव मूल्यांकन जोखिम को उपयुक्त रूप से दर्शाने के लिए प्रकटन किया गया है। **हमारा निष्कर्ष:** हमें उचित मूल्य पर डेरिवेटिव संविदाओं के मूल्यांकन में कोई महत्वपूर्ण गलतबयानी नहीं मिली है और सम्बन्धित प्रकटन स्वीकार्य और संतोषजनक है।
3.	**सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का निर्धारण** मुख्य वित्तीय लेखांकन और सूचना प्रक्रियाएं कम्पनी की आईटी पद्धतियों के स्वचालित नियंत्रण पर अत्यधिक निर्भर करते है। इस बात का जोखिम रहता है कि कर्त्तव्यों या यूजर एक्सेस मैनेजमेंट कंट्रोल के अनुपयुक्त विभाजन (मुख्य वित्तीय लेखांकन और सूचना पद्धतियों के सम्बन्ध में) से हमारी लेखा-परीक्षा करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है और लेखा-परीक्षा की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो सकती है।	**हमारी लेखा-परीक्षा पद्धतियों में निम्नलिखित शामिल हैं:** वित्तीय लेखांकन और सूचना पद्धतियों के सम्बन्ध में सूचना/इनपुट पर मुख्य नियंत्रणों के सैंपल का मूल्यांकन किया। **हमारा निष्कर्ष:** हमें वित्तीय लेखांकन और सूचना पर आईटी पद्धतियों से निकलने वाली सूचनाओं के हमारे विश्लेषण के अनुसार कोई विशेष कमी नहीं दिखी है।
	हमने प्रमुख लेखा-परीक्षा मामले के रूप में इस पर विचार किया है क्योंकि किसी नियंत्रण चूक, वैधता उल्लंघन, अनुचित इनपुट आंकड़े और आंकड़ों के अनुचित निस्तारण से प्रबन्धन और नियामकों को आंकड़ों की गलत सूचना मिल सकती है।	

वित्तीय विवरणों और उन पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट से भिन्न अन्य सूचनाएं

कम्पनी का निदेशक बोर्ड और प्रबन्धन अन्य सूचनाएं तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य सूचनाओं में प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई संगत सूचनाएं शामिल हैं, परन्तु इनमें इस लेखा-परीक्षक रिपोर्ट की तारीख को समेकित वित्तीय विवरण और उन पर हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना को कवर नहीं करती है और हम उन पर आश्वासन के किसी रूप में निष्कर्ष व्यक्त नही करते है।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा-परीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना और ऐसा करने में, विचार करना है कि क्या अन्य सूचना महत्वपूर्ण रूप से समेकित वित्तीय विवरणों के अनुरूप है या लेखा-परीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी या अन्यथा महत्वपूर्ण रूप से गलतबयानी प्रतीत होती है।

यदि, हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर हम निष्कर्ष निकालते है कि किसी अन्य सूचना की महत्वपूर्ण गलतबयानी नहीं हुई है, जिससे हमें उस तथ्य को रिपोर्ट करना अपेक्षित हो। इस संबंध में हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

इन समेकित वित्तीय विवरणों जो भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार समूह की समेकित वित्तीय स्थिति, अन्य व्यापक आय सहित समेकित वित्तीय प्रदर्शन, समेकित नकदी प्रवाह और इक्विटी में समेकित परिवर्तन का सत्य एवं उचित दृष्टिकोण प्रकट करते है, को तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करने के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं को पूरा करने और अधिनियम की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए कम्पनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी है।

समूह में शामिल कंपनियों से संबंधित निदेशक मंडल समूह की संपत्तियों की सुरक्षा, समूह में धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनका पता लगाने और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव, उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन करने व उन्हें इस्तेमाल करने, ऐसे निर्णय लेने व अनुमान लगाने जो उचित तथा विवेकसम्मत हों; और वित्तीय विवरणों की तैयारी तथा प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करने वाले पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन, उनके कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। साथ ही ऐसे समेकित वित्तीय विवरण तैयार और प्रस्तुत करना भी उनका उत्तरदायित्व है, जो गड़बड़ी, धोखेबाजी या त्रुटि से मुक्त सत्य एवं स्पष्ट सूचना देते हों।

समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, समूह में शामिल कम्पनियों के संबंधित निदेशक मण्डल का उत्तरदायित्व संबंधित कम्पनियों की सुचारू रूप से कारोबार करते रहने की क्षमता का मूल्यांकन करना है, जिसमें विभिन्न कम्पनियों से संबंधित, सम्बद्ध मामलों को प्रकट करना और उनका लेखांकन निरंतरता के आधार पर करना जब तक कि निदेशक मण्डल का संबंधित कम्पनियों को समाप्त करने या प्रचालनों को बंद करने का इरादा न हो या ऐसा करने का कोई वास्तविक विकल्प न हो।

समूह में शामिल कंपनियों से संबंधित निदेशक मंडल समूह की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए उत्तरदायी है।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के संबंध में लेखा-परीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में समुचित आश्वासन प्राप्त करना कि समेकित वित्तीय विवरण, समग्र रूप से महत्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, से मुक्त है और लेखा परीक्षा रिपोर्ट जिसमें हमारी राय शामिल है, भी जारी करना है। समुचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, परन्तु यह गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुसार की गई लेखा-परीक्षा सदैव महत्वपूर्ण गलतबयानी का पता लगाती है, जब यह मौजूद हो। गलतबयानी धोखाधड़ी या त्रुटि से पैदा हो सकती है और तभी महत्वपूर्ण मानी जाती है, यदि व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय को समुचित रूप से प्रभावित करने की उम्मीद हो।

लेखांकन मानकों के अनुसार लेखा-परीक्षा के भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय का प्रयोग करते है और संपूर्ण लेखा-परीक्षा के दौरान पेशेवर संदेहवाद बनाए रखते है। साथ ही हम:

- समेकित वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण गलतबयानी के जोखिमों की पहचान और निर्धारण करते है, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हों। ऐसे जोखिमों के लिए निष्पक्ष उत्तरदायी लेखा-परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करते है और ऐसे लेखा-परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते है, जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हों। धोखाधड़ी के फलस्वरूप महत्वपूर्ण गलतबयानी का पता न लग पाने का जोखिम त्रुटि से होने वाले जोखिम से बड़ा होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में सांठगांठ, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूक, मिथ्या प्रस्तुति या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।
- लेखा-परीक्षा के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करते है, ताकि उन परिस्थितियों में ऐसी लेखा-परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार की जा सकें जो उचित है। कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) के अधीन हम, कम्पनी की पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियों और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी है।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और लेखांकन अनुमान और प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटन की समुचितता सुनिश्चित करते है।
- प्रबंधन द्वारा लेखांकन की चालू प्रतिष्ठान की अवधारणा के प्रयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालते है और प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्यों के आधार पर तय करते है कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई बड़ी अनिश्चितता मौजूद है, जो चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की कम्पनी की क्षमता के बारे में बड़ा संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम निष्कर्ष निकालते है कि कोई बड़ी अनिश्चितता मौजूद है तो हमें इसे वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों के लिए हमारे लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट पर ध्यान आकर्षित करना या यदि ऐसे प्रकटन हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त है तो अपनी राय में संशोधित करना अपेक्षित है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा-परीक्षा साक्ष्यों पर आधारित है। तथापि, भविष्य की घटनाएं या स्थितियां समूह को चालू प्रतिष्ठान बने रहने की संभावना को समाप्त कर सकती है।
- समग्र प्रस्तुतिकरण, ढांचे और वित्तीय विवरणों की अंतर्वस्तु, जिसमें प्रकटन शामिल है, का मूल्यांकन करते है और देखते है कि क्या समेकित वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देनों और घटनाओं को इस ढंग से प्रस्तुत करते है कि उचित प्रस्तुतिकरण प्राप्त किया जा सकता है।
- समूह की कम्पनियों या व्यावसायिक गतिविधियों की वित्तीय सूचनाओं से संबंधित पर्याप्त लेखा-परीक्षण साक्ष्य प्राप्त करते है, जिससे कि समेकित वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त की जा सके।

समेकित वित्तीय विवरणों में गलत कथनों की काफी अधिक व्यापकता है। इसलिए हो सकता है कि समेकित वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय भी, व्यक्तिगत तौर पर या समग्र रूप से प्रभावित हों। हम (i) अपने ऑडिट कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में, और (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किसी भी तरह के गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक सामग्री और गुणात्मक कारकों पर विचार करते है।

हम समेकित वित्तीय विवरणों के बारे में समूह और इसकी कम्पनियों, जिनके कि हम स्वतंत्र लेखा-परीक्षक है, के शासन संबंधी प्रभारियों से हमारी लेखा-परीक्षा के दौरान की गई आंतरिक नियंत्रण में अन्य मामलों, उल्लेखनीय कमियों सहित लेखा-परीक्षा और उल्लेखनीय लेखा-परीक्षा निष्कर्षों के कार्य क्षेत्र और समय के बारे में संपर्क करते है।

हम शासन संबंधी प्रभारियों को ऐसे विवरण भी प्रदान करते है, जिन्हें हमने स्वतंत्र रूप से संगत नीतिपरक अपेक्षाओं से संकलित किया और उनके साथ सभी संबंधों और अन्य मामलों पर संपर्क करते है, जिनका हमारी स्वतंत्रता और जहां प्रयोज्य हो, संबंधित सुरक्षा उपायों पर प्रभाव पड़ सकता है।

शासन संबंधी अधिकारियों के साथ सम्प्रेषित मामलों से हम उन मामलों को निर्धारित करते है जो चालू अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा में अत्यधिक उल्लेखनीय थे, इसलिए ये महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा मामले है। हम इन मामलों का हमारी लेखा-परीक्षक रिपोर्ट में वर्णन करते है जब तक कि मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटन कानून का विनियम बाधा नहीं डालता है या जब अत्यधिक विरली परिस्थितियों में हम निर्धारित करते है कि मामले को हमारी रिपोर्ट में सम्प्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम ऐसे सम्प्रेषण के समुचित रूप से सार्वजनिक हित अभिलाभों से अधिक भारी होने की संभावना रहती है।

अन्य विधिक व नियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) की अपेक्षानुसार हम भारत के नियंत्रक व महालेखा-परीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेशों तथा उप-निदेश (क्रमश: भाग-क और भाग-ख) पर समूह के लिए अपनी रिपोर्ट ''अनुबंध-क'' में इसके साथ संलग्न करते है।
2. अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षानुसार हम यह भी सूचित करते है कि:
   (क) हमने अपनी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा-परीक्षा के प्रयोजन से आवश्यक सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए है;
   (ख) हमारी राय में, समूह ने विधि द्वारा अपेक्षित उपयुक्त समेकित वित्तीय विवरण बना रखे है, जैसा कि इन खाता-बहियों और अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्टो की हमारी जांच से प्रतीत होता है;
   (ग) इस रिपोर्ट में उल्लिखित समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से तैयार किए गये समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ तथा हानि विवरण, अन्य व्यापक आय, समेकित नकदी प्रवाह विवरण और इक्विटी में समेकित परिवर्तन खाता-बहियों के अनुरूप है;
   (घ) हमारी राय में उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों का अनुपालन करते है;
   (ड.) कार्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 05.06.2015 की अधिसूचना संख्या जी.एस.आर.463(ई) के अनुसार निदेशकों की अनर्हता के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 164 (2) समूह की कम्पनियों पर लागू नहीं होती है, क्योंकि ये सरकारी कम्पनियां है;
